सेंसेक्स 72,643.43 ↓ -453.85
डॉलर 82.891 ↓ -0.075

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	32.0	19.0	23.0
धनबाद	35.0	23.0	27.0
जमशेदपुर	36.0	21.0	26.0
पलामू	36.0	21.0	25.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 18 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-48, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान ...08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | आईएनडीआईए-एनडीए सहयोगियों का ...12 | देश-विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,100
चांदी (1 किलो) 80,300

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।



एक नजर

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विस चुनाव के नतीजे दो जून को आएंगे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने रविवार को सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में मतगणना की तारीखों में बदलाव किया है। इन राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना 4 जून की बजाय 2 जून को होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक दोनों राज्यों की विस का कार्यकाल 2 जून को ही पूरा होने जा रहा है। इसे देखते हुए तारीखों में बदलाव किया गया है। चुनाव आयोग को विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कर लेनी जरूरी है। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोस चुनाव के साथ चार राज्यों- आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विस चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में लोस चुनाव के पहले चरण के साथ 19 अप्रैल को मतदान होगा।

आजकल

विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही देश की अर्थव्यवस्था : सीपी राधाकृष्णन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसका लक्ष्य विकसित भारत 2047 हासिल करना है। राज्यपाल ने ये बातें रांची के गोस्सनर कॉलेज में रांची चैप्टर ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट की ओर से 'कॉस्ट अकाउंटेंट द फोर्स बिहाइंड इंडिया इमर्जेंस एज थर्ड लारजेस्ट इकोनॉमी' विषय पर आयोजित वार्षिक सामारोह-2024 में कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसके 90 हजार सदस्य हैं और पांच लाख विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों पर देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की अहम जिम्मेदारी है।

राज्यपाल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सीए (कॉस्ट अकाउंटेंट) का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश खनिज संपदा से परिपूर्ण है, लेकिन हम नीचे से दूसरे पायदान पर हैं। झारखंड राज्य के आर्थिक विकास के लिए हमारे सीए गंभीरतापूर्वक विचार एवं चर्चा करें। उन्होंने कहा कि जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) के सफल कार्यान्वयन में भी सीए की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही, कहा कि सीए का क्षेत्र व्यापक है। कर संग्रह में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने कहा, प्रसन्नता का विषय है कि हमारे देश में करदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

रांची चैप्टर ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट के वार्षिक सामारोह में शामिल हुए राज्यपाल राधाकृष्णन

राज्यपाल ने कहा, सीए झारखंड के आर्थिक विकास के मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक करें विचार

जेपीएससी सिविल सर्विस पीटी में अभ्यर्थियों ने लगाया प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप

चतरा, जामताड़ा व धनबाद में परीक्षा केंद्र पर हंगामा

जामताड़ा में स्कूल के बरामदे में प्रश्न पत्र हल करने का वीडियो वायरल

दोनों जगहों पर जिला प्रशासन ने किया प्रश्न पत्र लीक होने से इनकार

धनबाद में एक केंद्र पर अभ्यर्थियों ने दूसरी पाली की परीक्षा का किया बहिष्कार

धनबाद

चतरा

जामताड़ा

नवीन मेल संवाददाता
चतरा/जामताड़ा/धनबाद।

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में रविवार को कथित रूप से पेपर लीक होने और कई परीक्षार्थियों को नकल की छूट देने का आरोप लगाकर अभ्यर्थियों ने चतरा, जामताड़ा और धनबाद में हंगामा किया। धनबाद मे दो परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा करते हुए दूसरी पाली की परीक्षा का बहिष्कार भी कर दिया।

बता दें कि यह परीक्षा रविवार को झारखंड के सभी 24 जिलों के विभिन्न शहरों में 834 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई थी। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में साढ़े तीन लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। आयोग के अनुसार, कुछ केंद्रों पर अभ्यर्थियों के हंगामा को छोड़कर अन्य सभी केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण संपन्न हुई है।

चतरा के उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज स्थित केंद्र पर पेपर लीक होने के आरोप में अभ्यर्थियों ने महाविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे अभ्यर्थियों का आरोप था कि कुछ छात्रों को विश्वास में लेकर सील खोला गया है। यह भी आरोप है कि परीक्षा से पूर्व ही प्रिंसिपल के चैंबर में प्रश्न पत्र खोला गया है।

परीक्षा केंद्र पर छात्रों के हंगामा की सूचना पर चतरा के डीडीसी पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता, पुलिस अधिकारी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

विपक्ष सरकार पर हमलावर

बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर लिखा

जेएसएसी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी की आग अब तक बुझी नहीं, इधर जेपीएससी परीक्षा के दौरान भी पेपर लीक होने की बात सामने आने लगी है। कुछ परीक्षा केंद्रों से सूचना मिल रही है कि प्रश्न पत्र क्लासरूम में खोलने की बजाय प्रिंसिपल के चैंबर से खोल कर लाए गए हैं। यानी छात्रों को सील खुला हुआ प्रश्न पत्र दिया गया है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सोशल मीडिया पर लिखा

युवा विरोधी यह सरकार राज्य पर एक कलंक है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली झारखंड की निकम्मी सरकार से और उम्मीद ही क्या की जा सकती है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि मामले की निष्पक्ष जांच कराएं और सच्चाई सामने लाएं। जो दोषी हो, उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाए।

एक-दो केंद्रों को छोड़कर प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई है। जिन केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने पेपर लीक होने के आरोप लगाए हैं, वहां के उपायुक्त सहित सभी जिलों के उपायुक्त से रिपोर्ट मांगी गई है। उपायुक्तों की रिपोर्ट के आधार पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

- अक्षय कुमार सिंह, सचिव, झारखंड लोक सेवा आयोग।

दत्तात्रेय होसबाले फिर बने आरएसएस के सरकार्यवाह

संघ सरकार्यवाह पद पर 2027 तक रहेंगे कार्यरत

सरसंघचालक के बाद दूसरे नंबर का होता है सरकार्यवाह पद

2025 तक देश में 1,00,000 शाखाएं खोलने का लक्ष्य

संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी, 2025 में हो जाएगा सौ साल पूरा

ब्यूरो। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय नागपुर में संघ की तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में दत्तात्रेय होसबाले को और तीन साल के लिए सरकार्यवाह चुना गया। इससे पहले वह 2021 में सरकार्यवाह चुने गए थे। इस चुनाव के बाद 2024 से 2027 तक इस पद पर कार्यरत रहेंगे। तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा का 17 मार्च को समापन हुआ।

इनसे पहले सुरेश भैयाजी जोशी सरकार्यवाह पद पर थे। स्वास्थ्यगत कारणों से उन्होंने इससे मुक्ति ले ली। दत्तात्रेय होसबाले कर्नाटक के शिमोगा के हैं। एक दिसंबर, 1955 को पैदा हुए होसबोले 13 साल की उम्र में वर्ष 1968 में संघ से जुड़े। उसके बाद उनको 1972 में संघ के अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में भेजा गया। बेंगलुरू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर करने वाले दत्तात्रेय होसबाले एबीवीपी कर्नाटक के प्रदेश संगठन मंत्री, राष्ट्रीय मंत्री और दो दशकों तक राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे। 2002-03 में संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख बनाए गए। 2009 से सह सर कार्यवाह थे। उनकी मातृभाषा कन्नड़ है। उनको अंग्रेजी, तामिल, मराठी, हिंदी, संस्कृत का भी ज्ञान है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस सबसे पावरफुल बैठक में संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के कामकाज व आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श होता है। सभी अनुषांगिक संगठनों के प्रमुखों या सचिवों ने अपने संगठन के लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होता है। उस पर विचार-विमर्श होता है। कुछ सुधार करना होता है, तो किया जाता है। दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए संघ व इसकी विचारधारा वाले लोगों ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मोदी ईवीएम के बिना कोई चुनाव नहीं जीत सकते : राहुल

आईएनडीआईए गठबंधन की मेगा रैली में झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन भी हुए शामिल

एजेंसी। मुंबई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में मुंबई के शिवाजी पार्क में रविवार को इंडी गठबंधन की मेगा रैली हुई और इसी के साथ उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समापन हो गया। रैली में राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, शरद पवार, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन समेत इंडी गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। इससे पहले सभी नेताओं ने शिवाजी पार्क में बालासाहेब ठाकरे को पुष्पांजलि अर्पित की।

रैली में राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ईवीएम के बिना कोई चुनाव नहीं जीत सकते हैं। उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम से निकलने वाली पर्ची से मिलान करने को क्यों नहीं तैयार है। कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ एक मुखौटा हैं। खोखला व्यक्ति हैं।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन समारोह में राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू धर्म में एक शब्द है 'शक्ति'। हम एक शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं। सवाल यह है कि वह शक्ति क्या है। राजा की आत्मा ईवीएम में है और देश की हर संस्था, ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग में है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आज पूरा देश साथ है। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' हमें इसलिए करनी पड़ी, क्योंकि मीडिया आज देश के अहम मुद्दों को नहीं उठाता। राहुल गांधी की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

श्री श्याम मित्र मंडल रांची के स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीला श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव के पहले दिन रविवार को ज्योति पाठ प्रस्तुत करते पाठ वाचक।

इंडिया

क्रुद्ध गजराज और गज गलियारा का विकल्प

सुनील बादल

भारत में धर्म के नाम पर अघोषित संविधान या नीतियां लागू थीं जिसे आदर्श माना जाता था पर जिस देश में हाथी के सिर वाले गणेश को प्रत्येक शुभ कार्य से पहले पूजने की परंपरा है, आज वहां की बड़ी आबादी हाथियों से छुटकारा चाहती है। यह समझना जरूरी है कि धरती पर इंसानों का अस्तित्व तभी तक है, जब तक जंगल हैं और जंगल में जितने जरूरी बाघ हैं, उससे अधिक अनिवार्यता हाथियों की है। पर पिछले दिनों झारखंड और आसपास के छत्तीसगढ़, बिहार और मध्य प्रदेश में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जब गुस्सैल हाथियों के झुंड ने गांव या खेत पर हमला कर नुकसान पहुंचाया और कई लोगों की जान ले ली। जब जंगल में हाथी का पेट नहीं भर पाता, तो वह भोजन की तलाश में बस्ती का रुख करता है। जीवन के लिए अनिवार्य वन के पर्यावरणीय तंत्र में हाथी एक अहम कड़ी है और उसकी बेचैनी का असर हम पर भी पर पड़ता है। बीते कुछ वर्षों में हाथी से कुचल कर मरने वाले इंसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसकी प्रमुख वजह है, हाथियों और इंसानों के बीच बढ़ता टकराव। वर्ष 2018 -19 में 457, वर्ष 19-20 में 586, वर्ष 20-21 में 464, वर्ष 21-22 में 545 और वर्ष 22-23 में 605 लोग मारे गए। केरल के वायनाड जिले का 36 फीसदी इलाका जंगल है, जहां पिछले साल हाथियों और इंसानों के टकराव की 4,193 घटनाएं हुईं और इनमें 27 लोग मारे गए। देश में ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, केरल, कर्नाटक सहित 16 राज्यों में हाथियों के साथ इंसानों का टकराव बढ़ा है, जिनमें बड़ी संख्या में हाथी भी मारे जाते हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 300 हाथी मारे गए हैं। डब्लूडब्लूएफ-इंडिया की रिपोर्ट 'द क्रिटिकल नीड ऑफ एलीफेंट' बताती है कि दुनिया में इस समय कोई 50 हजार हाथी बचे हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत भारत के हैं । देश के 14 राज्यों में 32 स्थान हाथियों के लिए संरक्षित हैं। दुनिया भर में हाथियों को संरक्षित करने के लिए गठित आठ देशों के समूह में भारत भी शामिल है। हमारे देश में इसे 'राष्ट्रीय धरोहर पशु' घोषित किया गया है। इसके बावजूद देश में बीते दो दशकों में हाथियों की संख्या स्थिर हो गई है।वर्ष 2018 में पेरियार टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन ने केरल में हाथियों के हिंसक होने पर एक अध्ययन किया था, जिससे पता चला कि जंगल में पारंपरिक पेड़ों को काटकर उनकी जगह नीलगिरी और बबूल बोने से हाथियों का भोजन समाप्त हुआ और यही उनके गुस्से का कारण बना। पेड़ों की ये किस्में जमीन का पानी भी सोखती हैं, सो हाथी के लिए पानी की भी कमी हुई। वन पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता को सहेज कर रखने में हाथियों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

पयार्वरण-मित्र पर्यटन और प्राकृतिक आपदाओं के बारे में पूवार्नुमान के लिहाज से भी हाथी बेजोड़ हैं। अधिकांश संरक्षित क्षेत्रों में हाथियों के आवास के पास बस्तियां हैं, जहां के लोग वन संसाधनों पर निर्भर हैं। इसी वजह से हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष की स्थिति बनी है। जंगल में जहां इस विशालकाय जंतु का निवास होता है, वहां आम तौर पर शिकारी और जंगल की कटाई करने वाले घुसने का साहस नहीं करते। इसलिए वहां हरियाली सुरक्षित रहती है और बाघ, तेंदुए, भालू जैसे जानवर भी निरापद रहते हैं। कई सदियों से हाथी अपनी जरूरत के अनुरूप अपना स्थान बदला करते थे। गजराज के आवागमन के इन रास्तों को 'गज-गलियारा' कहा गया। जब कभी पानी या भोजन का संकट होता है, गजराज ऐसे रास्तों से दूसरे जंगलों की ओर जाते हैं, जिनमें मानव बस्ती न हो। देश में हाथी के सुरक्षित कोरिडोर की संख्या 88 है। इसमें 22 पूर्वोत्तर राज्यों, 20 मध्य भारत और 20 दक्षिणी भारत में हैं। दरअसल, गजराज की सबसे बड़ी खूबी है उनकी याददाश्त। आवागमन के लिए वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी परंपरागत रास्तों का ही इस्तेमाल करते आए हैं जिस कारण गज गलियारे का विकल्प सुझाया जाता है पर बढ़ती आबादी के भोजन और आवास की कमी को पूरा करने के लिए जंगलों को काटा जा रहा है। हाथियों को जब भूख लगती है और जंगल में कुछ मिलता नहीं या फिर जल-स्रोत सूखे मिलते हैं, तो वे खेत या बस्ती की ओर आ जाते हैं। मानव आबादी के विस्तार, हाथियों के प्राकृतिक वास में कमी, जंगलों की कटाई और बेशकीमती हाथी दांतों का लालच, आदि कुछ ऐसे कारण हैं, जिनके चलते हाथियों को निर्ममता से मारा जा रहा है।

भाजपा में बगावत, नेत्री ममता भुइयां ने किया राजद ज्वाइन

पलामू से आईएनडीआईए गठबंधन की हो सकती हैं उम्मीदवार

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। पलामू भाजपा में सुलग रही विरोध की चिंगारी ने ज्वाला का रूप धारण कर लिया है। भाजपा नेत्री ममता भुइयां ने लोस चुनाव की घोषणा के दूसरे दिन रविवार को राजद प्रमुख लालू व महासचिव मीसा भारती की मौजूदगी में राजद ज्वाइन कर लिया। उनका राजद से पलामू संसदीय सीट पर आईएनडीआईए गठबंधन का उम्मीदवार होना लगभग तय माना जा रहा है। राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि ममता बहन पलामू से न सिर्फ राजद उम्मीदवार होंगी, बल्कि भारी बहुमत से जीत भी दर्ज करेंगी। उनके राजद में आने से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व्याप्त है। विदित हो कि ममता भुइयां पलामू से लोस चुनाव लड़ना चाह रही थीं। वे लंबे समय से टिकट की मुहिम में भी जुटी थीं। टिकट नहीं मिलने से आखिरकार बगावत करते हुए उन्होंने राजद का दामन थाम लिया। इससे इस बार पलामू में रोचक संघर्ष की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

एक नजर

मंडल चुनाव संचालन समिति का गठन

चान्हो। भाजपा कार्यालय चान्हो में रविवार को मण्डल अध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव हेतु मण्डल चुनाव संचालन समिति का हुआ गठन। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी ओम सिंह, संयोजक गंगोत्री कुजूर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता मौजूद थे।

ठेठईटांगर पुलिस ने चार मवेशी तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर पुलिस ने रविवार को चार मवेशी तस्करों को एक पिकअप के साथ जप्त करते हुए जेल भेज दिया बताया गया मवेशी तस्कर एक पिकअप वैन मे छ दुधारू गाय सहित पांच बछड़ों को उड़ीसा से झारखंड की ओर ले जा रहे थे पिकअप एवं मवेशियों को जप्त कर ठेठईटाँगर थाना में रखा गया है।चारो मवेशी तस्कर सरोज यादव ,सुरेंद्र प्रसाद, देव सिंह जाट, विजय बहादुर सिंह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर इस संबंध में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 10/24 के तहत जेल भेजा।

खूंटी में वनवासी कल्याण केंद्र का होली मिलन समारोह

खूंटी। संघ भवन में रविवार को वनवासी कल्याण केंद्र ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता विजय कश्यप ने की। प्रांत के उपाध्यक्ष सूदन मुंडा ने कहा कि यह खुशियों और उल्लास का पर्व है। हम सभी मिलकर उत्साह के साथ यह कार्यक्रम समाज में आयोजित करना चाहिए। प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि होली वास्तव में प्राकृतिक है। हमें प्रकृति के साथ रहकर अपनी परंपरा, प्रकृति के साथ जुड़े रहकर अपनी परंपरा को जीवित रखना है। हमारी परंपरा लोगों के रहन-सहन में दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए विचारों के साथ समाज में परिवर्तन लाने की जरूरत है। कार्यक्रम में जयप्रकाश भगत, प्रदीप साहू, योगेश मिश्रा, लोकनाथ मुंडा, अधिवक्ता बोयर सिंह नाग, देवंती कश्यप, नौरी पूर्ति, गोरा कुमारी, साधो मुंडा आदि उपस्थित थे।

खूंटी में चिकित्सा पदाधिकारियों को कुष्ठ उन्मूलन का प्रशिक्षण

खूंटी। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित जिला स्तरीय चिकित्सा पदाधिकारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को सदर अस्पताल में संपन्न हुआ। सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में सीएस डॉ नागेश्वर मांझी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ नमिता टोप्पो एवं एनआरआई, झारखंड डॉ सिद्धार्थ बिसवाल और काशीनाथ चक्रवर्ती ने सभी प्रखंडों से आए हुए चिकित्सा पदाधिकारियों को कुष्ठ के उपचार की विस्तृत जानकारी दी।

डोरी खींच के राखिजे, यो हे बाबा को निशान, पैदल चालणिये के सागे, चाले बाबो श्याम

श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा धूमधाम से संपन्न रामलला की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा समिति, रांची के तत्वाधान में आज रविवार को नेवरी, विकास से निज मंदिर खाटू श्याम जी, हरमू रोड के लिए श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई। यात्रा प्रातः 8 बजे नेवरी स्थित दुर्गा मंदिर में ध्वजा पूजन के साथ प्रारम्भ हुई। यात्रा में सर्वप्रथम रामगढ़ से आयी हुई मशहूर ताशा पार्टी मार्ग में लोगों को झुमा रही थी। यात्रा का विशेष आकर्षण रामलला की अद्भुत प्रतिमा लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कोलकाता से आए भजन गायक गणेश चौरसिया बाबा श्याम के प्रिय माह फाल्गुन के धमाल भजन सुनाकर ध्वजा धारियों को झुमा रहे थे। 251 ध्वजा धारी महिलाएं एवं पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में बाबा की धवजा अपने कांधे पर उठाकर नाचते झूमते हुए 17 किलोमीटर की इस यात्रा में शामिल हो कर अपने आप में बाबा

की कृपा का अनुभव कर रहे थे। खाटू धाम की परंपरा के अनुसार 17 किलोमीटर की इस अनुपम यात्रा के स्वागत के लिए पूरे रास्ते में कदम कदम पर श्याम प्रेमी भक्त पलक पावडे बिछाए हुए थे। सबसे अंत में दिव्य रथ में विराजमान श्री श्याम प्रभु की मनोहरी छवि की झांकी के अद्भुत दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो रहे थे एवं अपने आपको धन्य महसूस कर रहे थे । यात्रा के मध्य में यात्रियों की सुविधा के लिए बूटी मोड़ के पास साहूं परिवार की और से अल्पाहार एवं करमटोली स्थित शिवांश हाइट्स में भोजन प्रसादी की सुंदर व्यवस्था एक श्याम भक्त परिवार के द्वारा की गई थी। नगर की विभिन्न प्रसिद्ध संस्थाओं यथा अग्रवाल सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, गो सेवा समिति, अग्रवाल युवा सभा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इत्यादि द्वारा मार्ग में यात्रियों के लिए पेय जल, डाब पानी, चाय, बिस्किट, टॉफी, छाछ इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। यात्रा में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ, विधायक सी पी सिंह, कांके विधायक समरी लाल, पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय एवं बीजेपी नेता रमेश सिंह भी शामिल हुए एवं बाबा का आशीर्वाद लिया। अपर बाजार में यात्रा के प्रवेश करने के बाद श्याम भक्तों का उत्साह अपने चरम पर था। शाम पांच बजे के लगभग यात्रा निज मंदिर खाटू श्याम जी, हरमू रोड पहुंची वहां पर सभी श्याम ध्वजा धारियों ने कतारबद्ध होकर बाबा को ध्वजा समर्पण की और अपनी मन्नत मांगी। ध्वजा समर्पण के साथ ही यात्रा बहुत ही आनन्द एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि यात्रा के सफल आयोजन में सर्वश्री गोपाल मुरारका, अशोक लडिया, मनोज खेतान, राजेश ढाढणिया, हरी परसरामपुरिया, ललित पोद्दार, आनंद चौधरी, संजय सर्राफ, प्रमोद परसरामपुरिया, संजय परसरामपुरिया, रतन सिंघानिया,सूरज लोधा, प्रवीण सिंघानिया, विष्णु चौधरी, रोहित अग्रवाल, अमित शर्मा, हेमंत जोशी, सहित अनेक कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा । समिति के गोपाल मुरारका ने सभी ध्वजा धारियों, स्वागतकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का लक्ष्य लेकर हम लड़ रहे हैं चुनाव : अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता
खूंटी। जनजातीय मामलों और केंद्रीय कृषि मंत्री तथा खूंटी संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार थी। सबसे लंबे कालखंड तक देश शासन करने के वावजूद इतने वर्षों तक देश की जनता को इंतजार था कि भारत अपनी सभ्यता, संस्कृति के साथ स्वतंत्रता का अनुभव करे। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को अपनी सभ्यता और संस्कृति के साथ परम वैभव के शिखर तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे कालखंड तक देश में शासन करने वाले लोगों ने भारत की संस्कृति, परंपरा एवं मूल्यों को गिरवी रखने का काम किया, लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में देश के अंदर जिस प्रकार ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की पुनर्स्थापना हो रही है, उसे देश की जनता भली-भांति देख और समझ रही है। 500 साल बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ, देश के लोगों को अपनी संस्कृति पर गौरव करने का अवसर इस सरकार में मिला। अर्जुन मुंडा रविवार को खूंटी में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, यह हमारे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा। इसलिए कार्यकर्ता सभी मनमुटावों को भूलकर एक जूटता के साथ चुनावी युद्ध के समर में उतरें और एक बार फिर से भाजपा का परचम लहराकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत बनाएं।

राजनीतिक दल बिना अनुमति के अब नहीं कर सकेंगे सभा एवं रैली : निर्वाचन पदाधिकारी

दुमका। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि दुमका जिला 02 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आता है। उन्होंने निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि दुमका जिले में 7वें एवं अंतिम चरण में चुनाव की तिथि निर्धारित है। डीसी रविवार को प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर नाम निर्देशन की सात मई, नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तिथि 15 मई, नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 मई, मतदान की तिथि एक जून एवं मतगणना की तिथि 04 जून को निर्धारित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1157 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केंद्रों में मतदान सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कुरमी/ कुड़मी समन्वय समिति की बैठक संपन्न

आगामी चुनाव में कुड़मी समाज बीजेपी के विरुद्ध करेगा मतदान

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा का संयुक्त बैठक का आयोजन सोनाली मैरिज हॉल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक लालचन महतो ने की। बैठक में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़, रांची, सिल्ली, सोनाहातू एवं सरायकेला से समिति के प्रदेश, जिला के पदाधिकारी एवं प्रभारी मौजूद थे। बैठक में आए हुए लोगों ने आगामी लोकसभा 2024 की चुनाव पर चर्चा परिचर्चा किया। बैठक में आए हुए पदाधिकारी ने कहा कि कुर्मी बहुल इलाकों में लगभग 20 लोकसभा सीट है और सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद जीते हुए हैं। हम लोग चुनाव में काफी मदद किए हैं और हम लोगों के प्रयास से ही यह सांसद बनें और इससे ज्यादा हम लोग क्या दे सकते हैं परंतु हमारी मांगे 75 वर्षों से चलती आ रही है किंतु हमारी मांग को अभी तक पूरा नहीं किया गया क्योंकि अभी भी सरकार सोई हुई है।

वाहन जांच के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन को अवैध बीयर के साथ किया जब्त

नवीन मेल संवाददातासिल्ली/मुरी
आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए झारखंड राज्य में अवैध मदिरा का व्यापार पर नियंत्रण के लिए अन्य राज्यों से अवैध परिवहन पर निगरानी के लिए उत्पाद विभाग के पुलिस पदाधिकारी का प्रतिनियुक्ति किया गया है जो थाना स्तर से पदाधिकारी के सहयोग से अवैध परिवहन का जांच करते हैं। इसी क्रम में संध्या 6:30 बजे मुरी पुरुलिया सीमा पर झालदा बंगाल की ओर से आ रही ईक्को स्पोर्ट कार को आईआरबी के आरक्षी 259 छोटू बृश्रिया के द्वारा रोकने के लिए हाथ खड़ा किया गया तो कार चालक तेजी से भागने का प्रयास करने लगा तभी सीमा पर ब्रैकेटिंग की मदद से वहां उपस्थित उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक चिंतलाल साह एवं ओपी के सहायक अवर निरीक्षक

आशीष रंजन सशस्त्र बल के सहयोग से गाड़ी को रोक लिया। जांच के क्रम में उक्त कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 बीडी/6740 के डिक्की से काफी मात्रा में अवैध बीयर बरामद किया गया। पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक द्वारा विधिवत जब्ती सूची तैयार कर अवैध बीयर को पकड़ाये चालक के साथ मुरी ओपी आए

जांच के क्रम में रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 बीडी/6740 वाली कार की डिक्की से भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद की गई

और उक्त चालक एवं कार के विरुद्ध एक औपचारिक रूप से टंकित आवेदन दिए जिसके आधार पर मुरी ओपी कांड संख्या 24/2024 दिनांक 15 मार्च 2024 धारा 273/290 भा. द. वि. एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज किया। बताते चले कि उक्त गाड़ी में कुल 16 पेटी अवैध बियर किंगफिशर की थी। गिरफ्तार गाड़ी चालक सह मालिक मनीलाल जायसवाल पिता राजेंद्र प्रसाद जायसवाल बाबूराम टोली बुंडू के रहने वाले हैं।

कुशवाहा महासभा का हुआ होली मिलन समारोह

समाज की एकजुटता ही हमारी ताकत है : बिनोद कुशवाहा

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
कुशवाहा महासभा का होली मिलन समारोह हजारीबाग छठवा डैम अवस्थित काली मंदिर के समीप आयोजित किया गया जिसमें कुशवाहा समाज के सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर समाज की एकजुटता को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखें।
हजारीबाग कुशवाहा महासभा के होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश महासचिव बिनोद कुमार कुशवाहा ने कहा कि समाज की एकजुटता ही हमारी ताकत है जो समाज एकजुट होता है सभी जगह उन्हें सम्मान और हक अधिकार मिलता है। राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए

हम सभी को एकजुटता का परिचय देना होगा। हमारे हक अधिकार की लड़ाई हमें खुद लड़नी है। कहा कि संगठन की मजबूती के लिए तन मन धन से सभी को आगे आना होगा। इसके लिए समाज के लोगों का सहयोग जरूरी है आपके सहयोग से ही हम हर चुनौती का सामना करेंगे। कहा कि किसी भी पार्टी ने कुशवाहा समाज के लोगों को लोकसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया है इसके लिए हम सभी मिलकर लड़ाई लड़ेंगे और अपना हक अधिकार लेकर रहेंगे कहा कि विनोद कुशवाहा आपका बेटा आपका भाई बनकर आपकी हर समस्या में आपके साथ खड़ा रहेगा। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता पन्नू महतो और संचालन सुधीर कुमार कुशवाहा ने किया। संबोधन करने वालों में प्रभु दयाल कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, राम नारायण कुशवाहा, इंद्र नारायण कुशवाहा, बबलू कुशवाहा आदि शामिल थे। इस मौके पर प्रकाश दयाल कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, राजकुमार मौर्य, सूरज कुशवाहा, नागेश्वर कुशवाहा, राजेश्वर कुमार, प्रकाश कुशवाहा, रोहित कुशवाहा अजय कुशवाहा दिलचंद कुशवाहा, गोपाल प्रसाद, गोविंद महतो, सुधीर कुमार कुशवाहा, अर्जुन कुमार कुशवाहा, महावीर कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, संतोष कुमार कुशवाहा सहित कुशवाहा समाज के सैकड़ो लोग शामिल थे।

कैलाश धाम करार्मुंडा में शिवचर्चा एवं कीर्तन का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। बोलबा
सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत कोरोमिंयाँ पंचायत के करार्मुण्डा कैलाश धाम में शिवचर्चा एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर बताया गया कि सिमडेगा जिला मुख्यालय से शिवचर्चा करने वालो की एक टीम कैलाश धाम करार्मुण्डा पहुँची एवं ग्रामीणों के साथ बैठकर भगवान शिव की महिमा के बारे चर्चा किया गया।इस मौके पर प्रणीता चौधरी, रूबी देवी, मीरा चौधरी, सुशीला देवी, चंद्रमुखी देवी, मंजू देवी ,गीता देवी, सरस्वती देवी, उर्मिला देवी, देवरानी देवी, राहुल गुप्ता, पुजारी नारायण सिंह के द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया कि प्रतिदिन भगवान की भजन करें साथ ही समाज के लोगों को भी धर्म के प्रति जागरूक किया गया । इस मौके पर एक से बढ़कर एक भगवान का भजन प्रस्तुत किया गया । इस मौके पर कैलाश धाम में भगवान नागेश्री बाबा, काली माता, अष्टम माता, गणेश भगवान, शेषनाग सहित विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन पूजन किया गया । इसकी अगुवाई धाम के पुजारी नारायण सिंह ने किया । इस मौके पर भारी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

सिल्ली छाताटांड़ में श्रीमद्भागवत कथा 27 मार्च से

सिल्ली। इस्कॉन अनुमोदित श्री श्री हरे कृष्ण नाम हट्ट संघ सिल्ली-मुरी के तत्वावधान में सिल्ली छाताटांड़ मैदान में आगामी 27 से 29 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा सह वैदिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया है। इस चार दिवसीय उत्सव का शुभारंभ नगर संकीर्तन एवं शोभा यात्रा से किया जायेगा। उत्सव के दौरान भागवत कथा, वैदिक नाटक,भजन कीर्तन एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सिल्ली नामहट्ट संघ के बल्लभ निताई दास उर्फ बुद्धदेव कुशवाहा ने इसकी जानकारी देते हुए लोगों को इस उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के हलमाद पंचायत के मिसिर होटाग में झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया के नेतृत्व में न्याय यात्रा निकला गया। रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने न्याय यात्रा के दौरान हेमंत सोरेन जिंदाबाद जब तक झारखंड रहेगा तब तक हेमंत सोरेन रहेंगे हेमंत सोरेन झारखंडियों का पहचान है हेमंत है तो झारखंड नारा लगाया गया। इस मौके पर सहदेव बेदिया, कृष्ण बेदिया, लखी चरण मुंडा, द्वारिका महतो, संतोष कुमार साहू, सुनीता देवी, रिझनी देवी, समरी देवी, लखविंदर बेदिया आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की हालत गंभीर

मांडर। मांडर थाना क्षेत्र बचटवल मोड़ के समीप बोलेरो के धक्के से बाइक सवार पैंसठ वर्षीय भुनु सोमरा उरांव और तीस वर्षीय बिगलु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना सोमवार शाम लगभग पांच बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार रिश्ते में चाचा भतीजा सोमरा उरांव व बिगलु उरांव मांडर बाजार टांड़ साप्ताहिक हाट से बाइक में अपने गांव चान्हो के सोपारोम टंगरा टोली जा रहे थे। इसी क्रम में चटवल मोड़ के निकट बुढ़मू की ओर से आ रहे एक बोलेरो ने उन्हें धक्का मार दिया। दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

जामपानी पुलिया के पास अनियंत्रित होकर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामपानी पुलिया के पास रविवार को दोपहर में अनियंत्रित होकर कंटेनर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, घटना में बिहार के जमुई जिला निवासी राजेंद्र यादव नामक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ,घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी इलाज की गई ।वही उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर के द्वारा बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया, इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में घायल चालक की इलाज चल रही है। बताया गया की घटना की वजह से माथे में गहरी चोट लगी है। वहीं घटना के बाद सिमडेगा राउरकेला मुख्य मार्ग जाम हो गया जिसे पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाते हुए सुचारू रूप से यातायात शुरू कराया।

पीड़ियापोश में मोटरसाइकिल दुर्घटना में मां और बेटी हुईं घायल

बोलबा। थाना क्षेत्र के पीड़ियापोश में मोटरसाइकिल दुर्घटना में रविवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में कोंनपाला निवासी जैनसन बाड़ा एक उसकी पत्नी रीमा बाड़ा एवं 2 वर्षीय अनुशसन बाड़ा गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलो को बोलबा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां से सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दंपति मोटरसाइकिल से अपने घर की ओर जा रहे थे इसी दौरान महिला की साड़ी मोटरसाइकिल में फंस गया और फंसने की वजह से अनियंत्रित होकर गिर पड़े गिरने की वजह से महिला और उसकी 2 वर्षीय बेटी के माथे में गंभीर चोट लगी इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

क्षेत्र की समस्याओं को चुन-चुन कर किया जाएगा दूर : एनोस

सिमडेगा। आपकी समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता होगी और क्षेत्र की समस्याओं को चुन चुन कर दूर करने का काम किया जाएगा ताकि लोगों की समस्या दूर हो सके, उक्त बातें झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा जलडेगा में लोगो से कही। मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली पानी सड़क आदि समस्या लंबे समय से जटिल रूप ले लिया है जिसे दूर करने का जरूरत है। वर्तमान में झारखंड सरकार की क्रियाकलाप है इससे जनता पूरी तरह से नाखुश है ऐसे में झारखंड पार्टी जमीन से जुड़कर काम करते हुए लोगों की समस्याओं को दूर करेगी।मौके पर जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, केंद्रीय सह सचिव ललित समद सहित कई लोग उपस्थित थे ।

तीन नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को रविवार को बड़ी कामयाबी मिली है। जिला पुलिस ने आठ बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल भाकपा माओवादी संगठन के तीन नक्सली गिरफ्तार किए हैं। एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी कि गोईलकेरा थाना के रेला पराल, रायरोवा के गांव के आसपास के जंगली क्षेत्र में भाकपा माओवादी का एक दस्ता भ्रमणशील है। इसके बाद सुरक्षाबलों ने अभियान चलाकर रेला पराल और रायरीवा गांव के पास पंचलताबुरू जंगल क्षेत्र में भ्रमणशील नक्सली दस्ता के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नक्सलियों में रोहित पदम, यूलीप जोजो और बासु बहंदा शामिल हैं। गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर एक 303 राइफल, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य नक्सली सामग्री बरामद किए गए है। बरामद विस्फोटकों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से डिफ्यूज कर दिया गया। ज्ञात हो कि कोल्हान के जंगल में मिसिर बेसरा, अनमोल, अश्विन अपने दस्ते के सदस्यों के साथ विध्वंसक कार्य को अंजाम दिने के लिए लगातार भ्रमणशील हैं। इसे लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

विवादित 11वीं से 13वीं जेपीएससी परीक्षा रद्द हो : देवेंद्र महतो

रांची। जेपीएससी पीटी परीक्षा के प्रश्न पत्र के कथित रूप से लीक होने पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि जेजेएस कॉलेज जामताड़ा और उपेन्द्र नाथ इंटर कॉलेज चतरा तथा उर्सुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल में अनसील्ड क्वेश्चन पेपर तथा खुला मैदान में एग्जाम देते देखा गया। देवेन्द्र महतो ने कहा कि एग्जाम सेंटर इंचार्ज और जेपीएससी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज हो तथा विवादित 11वीं से 13वीं जेपीएससी रद्द हो। दोषी अधिकारियों पर करवाई हो, अन्यथा विवादित जेपीएससी के विरुद्ध झारखंड स्टेट स्टुडेंट्स यूनियन चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा। कहा कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन जेपीएससी गड़बड़ी का सबूत जुटाने में लगी है, बहुत जल्द सारे सबूत को सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

पंच दिवसीय रंग रंगीला श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची श्याममय हो गई है। फाल्गुन माह में देश भर में श्याम प्रेमी खाटू नरेश की आराधना कर रहे हैं। हर तरफ उत्सव के आयोजन हो रहे हैं। श्री श्याम मित्र मंडल रांची स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीला श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव मना रहा है।

रविवार को प्रातः 7:30 बजे श्री गणेश पूजन एवं ध्वज स्थापना के साथ महोत्सव शुरू हुआ। श्री खाटू नरेश का दिव्य पावन श्रृंगार किया गया। रंग-बिरंगे फूलों से पूरा मंदिर परिसर मनमोहन छटा बिखेर रहा था। यज्ञ हवन के यजमानश्री तारा देवी, राजेश एवं प्रकाश कटारुका ने आचार्य रत्नाकर शर्मा के सानिध्य में अनुष्ठान कराया।

मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दिन के

11:00 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति का पाठ नृत्य नाटिका संग शुरू हुआ। श्याम जगत के प्रसिद्ध पाठ वाचक चुरु राजस्थान के मेहुल शर्मा ने पाठ एवं कोलकाता के मंदिरा सिंह डांस ग्रुप ने नाटिका का भाव विभोर मनोहारी मंचन किया। संपूर्ण श्याम मंदिर 'अखंड ज्योति है अपार माया, श्याम देव की परबल छाया' से गुंजायमान हुआ। ज्योति पाठ 8 घंटे तक चला। दोपहर का भोग प्रसाद विश्वनाथ नारसरिया एवं अधिवक्ता जिज्ञासा नारसरिया ने अर्पित किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण मनोहारी नृत्य नाटिका से भाव विभोर हो गए। यजमानश्री पुष्पा देवी पोद्दार, स्नेह एवं स्नेहा पोद्दार ने परिवार संग खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। श्याम बाबा को छप्पन भोग सवामनी एवं महाभोग का प्रसाद

अर्पित किया गया। भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा ने सभी देवी-देवताओं का नवीन वस्त्रों से अलंकरण किया। उन्होंने कहा कि सोमवार (18 मार्च) को दिन के 1:00 बजे से भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में 1008 निशान रहेंगे। शोभायात्रा मारवाड़ी भवन हरमू रोड से शुरू होगी और गोरखनाथ लेन, रातू रोड महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, कोतवाली रोड, कार्ट सराय रोड होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में संगीतमय भजन संकीर्तन होंगे। 10,000 पैकेट बुंदिया प्रसाद बांटा जाएगा।

महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि आयोजन के विभिन्न दिनों में धनबाद के पंकज मोदी एवं पंकज सांवरिया, हरियाणा की रेखा सुरभि, फरीदाबाद के अंश एवं वंश की टीम अपनी प्रस्तुति पेश करेंगे। महोत्सव के लिए मंदिर की साज-सज्जा कोलकाता के अभिषेक जालान की टीम ने की है। आयोजन स्थल पर चरण पादुका स्टॉल बनाया गया है।

आयोजन में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया, संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली, आदित्य लोहिया, पंकज गाड़ोदिया, संजय सराफ, निखिल नारनोली, रोशन खेमका, सिद्धार्थ पोद्दार, अमित सरावगी, रंजीत गाड़ोदिया, कमलेश सावा, किशन शर्मा एवं अन्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

एक नजर

बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद की सुपर-30 में एडमिशन के लिए 31 मार्च को होगा टेस्ट

रांची। झारखंड के भी टैलेंटेड बच्चों को बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद के फेमस सुपर-30 में पढने का मौका मिलेगा। इस संबंध में सुपर-30 से जुड़े प्रो पीके उपाध्याय ने रविवार को रांची प्रेस क्लब में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब झारखंड के भी गरीब, प्रतिभावान बच्चों के लिए 31 मार्च को जांच परीक्षा का आयोजन झारखंड और बिहार में होगा। ऐसे स्टूडेंट्स जो किसी भी बोर्ड से दसवीं की परीक्षा दे चुके हैं, वे निर्धारित वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा के आधार पर चयनित स्टूडेंट्स को विशेष सुविधाओं के साथ मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करायी जाएगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि बिहार में अभयानंद सुपर-30 से विगत आठ वर्षों में 87 आइआइटी, 127 एनआइटी तैयार किए गये हैं।

140वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत हुआ उद्घाटन

रांची : रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे राँची शहर में संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगीं विशाल जालान एव पुर्णमल सर्राफ के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले लगभग 1300 श्रद्धालुओ, अभावग्रस्त परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 140 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव कल से

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री श्याम मंडल, रांची के तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का आयोजन मंगलवार (19 मार्च से 21 मार्च) से होगा। सभी कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम से आयोजित होंगे।

यह जानकारी देते हुए श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए मंडल के सदस्य पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मंदिर को साफ-सफाई के पश्चात आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। श्रृंगार के लिए कोलकाता से आए हुए कुशल कारीगरों की टीम कार्य में जुटी हुई है।

19 मार्च को अपराह्न 3:00 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ

स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष प्रदान करेंगे। साथ ही, इस अवसर पर मुख्य तौर पर 750 नर-नारी अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे। साथ ही, भजन गायक की टोली संपूर्ण मार्ग में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस अवसर पर भक्तजनों के लिए संपूर्ण मार्ग में प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी । 20 मार्च को रात्रि 9 बजे से मंदिर में मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। श्री श्याम मंडल रांची द्वारा प्रकाशित भजन पुस्तिका 20वें बसंत उत्सव का विमोचन मुख्य अतिथि समाज सेवक ओम प्रकाश केजरीवाल करेंगे। मोहत्सव के दूसरे दिन श्री श्याम प्रभु का भव्य एवं नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणि प्रसाद, संगीतमय संकीर्तन व श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली का आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन रात्रि में 9:00 से 1:00 बजे तक होगा।

21 मार्च को श्री श्याम प्रभु का द्वादशी दर्शन, 251 सवामणि भोग, अखंड ज्योत व द्वादशी पूजन आयोजित होगा। इस अवसर पर मंदिर के पट विशेष रूप से पूरे दिन खुले रहेंगे। साथ ही, संपूर्ण दिवस श्री श्याम प्रभु के प्रिय खीर चूरमा के प्रसाद का वितरण होगा।

नए संकल्पों व विचारों से होती है नई सृष्टि की रचना : ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सत्पुरुष का सबसे बड़ा धन उनके श्रेष्ठ कर्म ही है। वे अपने सद्व्यवहार, विनम्रता तथा परोपकारों से पुण्यलाभ प्राप्त करते रहते हैं। इसके फलस्वरूप उन्हें परमात्मा से अक्षय सुख मिलता है। यह बातें ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्थान चौधरी बगान, हरमू रोड में कही।

उन्होंने कहा, नई सृष्टि, सुखमय सृष्टि की रचना नए संकल्पों व विचारों से होती है। नए विचार सृष्टि के रचयिता परमपिता परमात्मा से प्राप्त होते हैं। आज मानव अनेक प्रकार के पुराने विचारों तथा समस्याओं से घिरा हुआ है तथा स्वयं को कलह-क्लेशों से घिरा हुआ पा रहा है। उसका यह क्लेश तभी दूर होगा, जब वह संसार के भले के लिए कुछ नया सोचेगा। नए संकल्प यदि सामाजिक हों तो समाज का उत्थान होता है, राजनीतिक हों तो शासन व्यवस्था का उत्थान होता है तथा आध्यात्मिक हों तो मानव की आत्मा का उत्थान होता है। ब्रह्मा

को नई सृष्टि का रचयिता कहा जाता है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, परमात्मा ब्रह्मा, विष्णु तथा शंकर आदि देवताओं को सृष्टि की स्थापना, पालना व पतित सृष्टि के विनाश के लिए रचते हैं। ऐसी बात नहीं कि महाविनाश के बाद सभी बीजों के नष्ट हो जाने से नया बीज प्राप्त करना मुश्किल है। मनुष्य आत्मा का शरीर है एवं अन्य शरीरधारी मनुष्यों को पैदा करने वाला एक बीज है। महाविनाश के बाद दैवी संप्रदाय के थोड़े से लोग रहते हैं, जो योग बल द्वारा सृष्टि को बढ़ाते हैं। अपने ज्ञानयुक्त संकल्पों से पिताश्री ब्रह्मा मानव के संस्कारों को श्रेष्ठ बनाते हैं। ब्रह्मा मुख से ईश्वरीय ज्ञान सुनकर मानव का जीवन बदल जाता है।

श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में चिकित्सा शिविर आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला, गांधी चौक, रांची में रविवार को अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से किया गया।

इस शिविर में रांची की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नंदिता अग्रवाल, डॉ मयूरी भट्टाचार्य, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक अग्रवाल एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ रमेश बजाज ने 150 छात्राओं की जांच की। इस शिविर में कक्षा एक से कक्षा आठ तक की लगभग 150 छात्राओं व उनके माता-पिता ने अपनी आंखें, दंत व सामान्य स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर का उद्घाटन अध्यक्ष कमल केडिया, डॉ नंदिता अग्रवाल, सचिव वेद प्रकाश बागला, संयुक्त सचिव विजय सरायका, शिविर संयोजक आलोक तुलस्यान, प्रधानाध्यापिका गायत्री कुमारी व शिक्षिका अनिता प्रेमलता बघेल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

श्रीमती मीना ओझा ने सभी आगंतुकों को अभिनंदन कार्ड देकर स्वागत किया। शुभम कुमारी, रानी शांता, मीरा कुमारी एवं ममता शर्मा ने चारों चिकित्सकों एवं उनकी टीम को जांच करने में सहयोग किया। सुनीता ओझा, पिंकी रानी ने छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया। रागिनी ने पूरी व्यवस्था में जहां कहीं आवश्यकता होती थी, वहां सहयोग किया। शिविर में विशेष रूप से शरद मोदी, वीरेंद्र मोदी, प्रभाकर अग्रवाल, नीतू शर्मा, श्रीप्रकाश साबू उपस्थित थे। सभी चिकित्सकों को अमृत महोत्सव स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

विचारों के मंथन से निकले नवनीत को युवाओं तक पहुंचाना है : आशुतोष द्विवेदी

भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम की क्षेत्रीय बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम के बिहार एवं पूर्वी क्षेत्र की क्षेत्रीय बैठक रविवार को रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में संपन्न हुई। समारोह का प्रारंभ संगठन गीत, ध्येय श्लोक, ध्येय वाक्य, प्रार्थना एवं कल्याण मंत्र के साथ हुआ। इसके बाद भारतीय शिक्षण मंडल के झारखंड प्रांत के अध्यक्ष रंजीत मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया तथा सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं श्रीफल देकर स्वागत एवं सम्मानित किया। बैठक के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित आशुतोष द्विवेदी ने भारत, भारतीय और भारतीयता पर अपने बौद्धिक विचार को बैठक में रखा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विचारों के मंथन से जो नवनीत निकलता है, उसे युवाओं तक पहुंचाने का कार्य करना है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ

ओम प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष भारतीय शिक्षण मंडल ने कहा, दुनिया के इतिहास को देखने के बाद यह स्पष्ट है कि दुनिया में जो भी परिवर्तन हुआ है, युवा शक्ति उसका एक महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने युवा शक्ति के निर्माण पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। स्काउट गाइड, रेडक्रॉस, यूटीसी, यूओटीसी, एनसीसी, एनएसएस के माध्यम से युवा शक्ति का निर्माण तथा सृजनात्मक दिशा को प्रदान करने को लेकर बैठक में अपने विचार को साझा किया। डॉ सिंह ने भारतीय शिक्षण मंडल के विभिन्न प्रकल्पों से परिचित करवाते हुए, इन प्रकल्पों द्वारा किस प्रकार से युवाओं के स्व को जगाने तथा भारत माता की सेवा लिए तत्पर रहने को लेकर किए किए जाने वाले प्रयासों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। प्रथम सत्र के दौरान उपस्थित अखिल भारतीय युवा आयाम के प्रमुख अमित रावत ने युवा आयाम संगठनात्मक स्वरूप, मंडल के कार्यक्रम, गतिविधि के साथ युवा आयाम को स्पष्टता से बैठक में अपने व्क्तव्य में रखा। उन्होंने दृष्टि, ध्येय, मिशन पर प्रकाश डाला। आगे उन्होंने कहा, किसी भी देश का उज्ज्वल भविष्य युवा ही हैं। युवकों के सार्थक प्रयास से ही राष्ट्र का विकास संभव है। इतिहास बोध का होना अनिवार्य है, जिससे हम पूर्व में होने वाली गलतियों को जान हम उन्हें सुधार सकते हैं। मंच संचालन सुबोध कुमार, ऐश्वर्या आनंद एवं सपना त्रिपाठी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन निलेश कुमार शर्मा, युवा आयाम सह प्रमुख युवा आयाम ने दिया।

न्यूज बॉक्स

पहाड़ी को संरक्षित और सुरक्षित करना हमारा लक्ष्य : सुबोधकांत सहाय

रांची। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के मुख्य संरक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय पहाड़ी मंदिर पहुंचे, जहां रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने पुष्प माला एवं अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति एवं आसपास के लोगों ने रंग गुलाल

लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं भी दीं। मौके पर उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक मंदिर है, जहां पाहन समुदाय के लोग सदियों से नाग बाबा का पूजा करते आए हैं। यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता रहा है, इसको संरक्षित करना हमारा पहला कर्तव्य और लक्ष्य है। सहाय ने महाकाल मंदिर एवं काली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश और रांची शहर की खुशहाली एवं सौहार्द की कामना की । उन्होंने पहाड़ी मंदिर में हो रहे विकास कार्यो का जायजा लिया एवं पहाड़ी को संरक्षित करने के लिए हो रहे मिट्टी भराव संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य बेहतर हो इसका ध्यान रखने को कहा। ज्ञात हो इसे पहले भी सुबोधकांत सहाय के कार्यकाल में पहाड़ी मंदिर में शेड निर्माण एवं सीढ़ियों का निर्माण कराया गया था। स्वागत करने वाले में मुख्य रूप से पहाड़ी मंदिर से राकेश सिन्हा, राजेश साहू, अरुण वर्मा, दीपक लाल, दयाशंकर शर्मा, मेहुल प्रसाद सहित तमाम शिव भक्त मौजूद थे। यह जानकारी पहाड़ी मंदिर विकाश समिति के बादल सिंह ने दी।

1000 टीसीएस एडमिन पोस्ट के लिए मांगा गया ऑनलाइन आवेदन

रांची। मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल ने टीसीएस की नई एडमिन रोल के लिए बीकॉम और बीबीए के 2023 और 2024 के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगा है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 मार्च है और यह दोपहर 12:00 बजे तक होगी। प्लेसमेंट सेल के अनुसार, सेंटर में ऑनलाइन टेस्ट 11 अप्रैल, 2024 हो सकती है। टेस्ट चुने गए निर्धारित केंद्र पर होगा। तय मापदंड के अनुसार दसवीं, बारहवीं और स्नातक मे 50 प्रतिशत या अधिक अंक होना अनिवार्य है। उनके कोर्स की अवधि पूर्णकालिक होनी आवश्यक है। 2023 सत्र के छात्र-छात्राओं के लिए बैकलॉग स्वीकार नहीं होगा। 2024 सत्र के छात्र-छात्राओं को एक बैकलॉग की अनुमति होगी, जिसे ज्वाइनिंग से पूर्व क्लियर करना अनिवार्य होगा। आवेदन करने के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु 18 से 26 साल है। फ्रेशर्स की अपेक्षित वेतन 2.3 एलपीए रहेगी और जिन्हें दो साल का अनुभव है, उनका अपेक्षित वेतन 2.7 एलपीए होगा। इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए मारवाड़ी कॉलेज रांची की वेबसाइट के प्लेसमेंट सेल का पेज देख सकते हैं। वे 18 मार्च की शाम 6 बजे से 23 मार्च दोपहर 12 बजे तक गूगल फॉर्म को भर कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

श्री रामकृष्ण सेवा संघ ने मनाई स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती

रांची। सामाजिक एवं धार्मिक-आध्यात्मिक संस्था श्री रामकृष्ण सेवा संघ के तत्वावधान में स्वामी रामकृष्ण परमहंस के 189वें जन्मदिवस पर रविवार को निवारणपुर स्थित बीएसवी विद्यालय में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामकृष्ण परमहंस के

चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। रविवार को सुबह पांच बजे मंगल आरती, साढ़े दस बजे भजन-संकीर्तन का आयोजन किया गया। संस्था के सहायक सचिव तुषार कांति शीट ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात महाप्रसाद (भोग) वितरण किया गया। जयंती समारोह में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम में संध्या आरती और नमः संकीर्तन के बाद समारोह का समापन हुआ। समारोह में भजन गायक मधुसूदन गांगुली, छंदा घोष, अमृता चटर्जी व उनकी टीम ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जयंती समारोह के आयोजन में श्री रामकृष्ण सेवा संघ के अध्यक्ष सुकृत भट्टाचार्य, सचिव डॉ स्मिता डे, विवेक राय, तन्मय मुखर्जी, आलोक मजूमदार, शैवाल बनर्जी, आनंद रंजन घोष, श्रावंती शीट, केया मुखर्जी, बुला दत्ता, बुलु चौधरी, तनय शीट, पी मंडल, सजल बनर्जी, सुब्रतो बनर्जी, सुभाष चटर्जी, अर्चना चक्रवर्ती, नीरा दास गुप्ता, रानु बनर्जी सहित काफी संख्या में संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

बच्चों में बढ़ते तनाव का निदान है प्राणायाम : योगाचार्य महेश पाल

रांची। प्राणायाम योग विद्या का एक भाग है और इसका संबंध प्राचीन भारत से माना जाता है। योगाचार्य महेश पाल ने कहा कि भगवत गीता में भी प्राणायाम का उल्लेख मिलता है। आज दुनिया भर में प्राणायाम

किया जाता है, लेकिन इसकी शुरुआत भारत से ही हुई है। मन को शांत करने के अलावा प्राणायाम अनेक रोगों, खास तौर से बच्चों में चिड़चिड़ापन व तनाव से संबंधित समस्याओं के इलाज में भी मददगार है। अनुलोम का अर्थ होता है सीधा और विलोम का अर्थ है उल्टा। यहां पर सीधा का अर्थ है नासिका या नाक का दाहिना छिद्र और उल्टा का अर्थ है-नाक का बायां छिद्र। अर्थात अनुलोम-विलोम प्राणायाम में नाक के दाएं छिद्र से सांस खींचते हैं, तो बायीं नाक के छिद्र से सांस बाहर निकालते है। इसी तरह यदि नाक के बाएं छिद्र से सांस खींचते है, तो नाक के दाहिने छिद्र से सांस को बाहर निकालते है। अनुलोम-विलोम प्राणायाम के अभ्यास से हम अतिरिक्त शुद्ध वायु भीतर लेते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड यानी दूषित वायु बाहर निकाल देते हैं।

ईश्वर को पाने के लिए आधे-अधूरे मन से प्रयास करेंगे, तो वे भी आधे-अधूरे मन से ही हमें प्राप्त होंगे : स्वामी आद्यानंद

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अगर हम ईश्वर को पाने के लिए आधे-अधूरे मन से प्रयास करेंगे, तो ईश्वर भी आधे-अधूरे मन से ही हमें प्राप्त होंगे। हमेशा याद रखिये कि हम जो भी कुछ करते हैं, वहीं प्रतिफल के रूप में हमारे पास आता है। इसमें कोई किन्तु-परंतु नहीं। हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम दिनचर्या के आदि न होकर कोई भी काम करें, तो उत्साह के साथ करें। ताकि, हमारा जीवन आनंद से भर जाए। ये बातें स्वामी आद्यानंद ने चार दिवसीय साधना संगम के समापन अवसर पर योगदा भक्तों से कही। स्वामी आद्यानंद नोएडा से अपनी बातें रख रहे थे, जिसे महाराष्ट्र के इगतपुरी, झारखंड के रांची सहित देश के अन्य भागों में साधना संगम में शामिल योगदा भक्तों का समूह ऑनलाइन श्रवण किया।

स्वामी आद्यानंद ने अपने

चार दिवसीय साधना संगम संपन्न

आध्यात्मिक प्रवचन की शुरुआत में ही एक सुंदर कहानी सुनाकर योगदा भक्तों को भाव-विभोर कर दिया और यह बता दिया कि अपने जीवन में उत्साहपूर्वक काम करने का क्या परिणाम निकलता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में एक बढ़ई लकड़ी के मकान बनाने वाले एक धनी व्यक्ति के यहां वर्षों से काम करता था। बढ़ई की सुंदर कारीगरी देखकर वह धनी व्यक्ति उससे बड़ा प्रसन्न रहता था। साथ ही, कभी-कभी कह दिया करता कि वह उसके बच्चों से भी अधिक और अच्छे ढंग से अपने कामों को अंजाम देता है, जिससे वह उसके कार्यों से बहुत ही खुश है। एक दिन उस बढ़ई के मन में विचार आया कि क्यों न, अपने कार्यों को एक अलग मुकाम दिया जाए और अपना एक अलग दुकान खोल दिया जाए। उसके पास तो हुनर है ही।

एक दिन अपने मालिक से उस बढ़ई ने कहा कि वह अब उनके यहां सेवा नहीं देगा। वह अपना अलग काम करेगा। इसलिए उसे अब वे उनकी सेवा से मुक्ति दें। मालिक ने कहा कि ठीक है, वह जैसा चाहता है, वही होगा। उसने बढ़ई से कहा कि वह उसे अपनी सेवा से मुक्ति दे देगा, लेकिन एक शर्त है कि उसके पहले वह एक मकान और बढ़िया से बनाकर दे दे। बढ़ई ने उसकी बात मान ली। लेकिन, मकान बनाने के क्रम में उसने काम को आधे-अधूरे मन से पूरा करना शुरू किया, जिससे मकान तो तैयार हुए, पर वह मकान ढंग का नहीं बन सका। एक दिन मालिक ने उक्त बढ़ई को सेवा से मुक्त करने के पहले एक पार्टी रखी और उस पार्टी में उसने उस बढ़ई की जमकर तारीफ की और कहा कि इस व्यक्ति ने ऐसी सेवा दी है कि वैसी सेवा उनका बेटा भी आज तक नहीं दिया है। इसलिए इस खुशी के अवसर पर वे एक मकान अपनी ओर से उक्त बढ़ई को देना चाहते हैं। बढ़ई यह सुनकर हैरान रह गया, क्योंकि जो मकान उसने आधे-अधूरे से बनाए थे, जो ठीक ढंग से नहीं बना था, उसे ही अब देकर उक्त बढ़ई को पुरस्कृत किया जा रहा था।

स्वामी आद्यानंद ने कहा कि यह कहानी बताती है कि हम जो भी करते हैं, वही हमारे सामने आ खड़ा होता है। इसलिए कोई भी काम करें, तो उत्साह के साथ करें। उस काम को पूरा करने में कभी भी उत्साह में कमी नहीं लाएं। नहीं तो दिक्कत आपको ही होगी, किसी दूसरे को नहीं। उन्होंने कहा कि हमेशा याद रखें, जैसे समय बीतने के साथ-साथ शरीरों में विकृतियां व चेहरे पर झुर्रियां आ जाती हैं, ठीक उसी प्रकार जीवन में अगर उत्साह का परित्याग कर देने से आत्मा में झुर्रियां आ जाती हैं।

एकजुटता, विकास और उपेक्षा-प्रताड़ना से बचाव ही है सवर्ण समाज का लक्ष्य

रांची प्रेस क्लब में सवर्ण समाज संयोजक समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सवर्ण आयोग के गठन की मांग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सवर्ण समाज संयोजक समिति ने कहा है कि सवर्ण समाज का उद्देश्य केवल अपने निजी या व्यक्तिगत हित अथवा स्वार्थ से ऊपर उठकर देशहित में एकजुटता और विकास के साथ निरंतर आगे बढ़ना है। इसके अलावा उपेक्षा-प्रताड़ना से बचाव भी सवर्ण समाज का सर्वप्रमुख लक्ष्य है। सवर्ण समाज संयोजक समिति के प्रदेश संयोजक मनीष कुमार सिंह ने बैठक में कहा कि ये सभी सवर्ण समाज के वैसे लक्ष्य हैं जिसके बल पर एक ओर देश के साथ ही आम लोगों में भी आर्थिक, व्यावहारिक एवं सामाजिक समृद्धि आयेगी वहीं दूसरी ओर हमारा देश पुनः विश्वगुरु बन पायेगा। रांची के प्रेस

क्लब में रविवार को आयोजित सवर्ण समाज की इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग आयोग आदि की तरह ही सवर्ण आयोग के गठन की माँग की गयी. बैठक में डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि सवर्णों के लिये अबतक किसी भी आयोग का गठन नहीं किया गया है जबकि सवर्णों की भी अपनी अनेक जटिल समस्यायें हैं जिसके निराकरण के लिये सरकार को वह सवर्ण आयोग का गठन करना चाहिये जिससे एक वैसा आदर्श सामाजिक ताना-बाना बरकरार रहे जिससे समाज और देश का विकास हो। बैठक में कहा गया कि सामान्य जातियों के तहत एक बड़ा वर्ग समाज में रहता है और सम्बंधित आयोग नहीं होने के कारण इस वर्ग की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है जिससे समाज के एक बड़े वर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस करता है। इस अवसर पर धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि सवर्ण समाज को एकजुटता एवं मजबूती प्रदान करने हेतु आयोजित इस बैठक के निष्कर्ष के साथ ही अपेक्षा यही है कि अधिकाधिक संख्या में जागरूक लोग, स्वयं के साथ ही समाज एवं देश की उन्नति, समृद्धि, एकता एवं उत्थान के सम्बन्ध में कार्य करें जिससे हमारा समाज आगे बढ़ सके।

बाबूलाल के भाजपा में आने से अन्नपूर्णा को टक्कर देना गठबंधन के बड़ी चुनौती

माई समीकरण पर हमेशा भाजपा का पलड़ा रहा भारी

उपेंद्र गुप्ता रांची। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, सभी दल चुनाव की तैयारी में जुट चुके हैं, भाजपा ने ढाई सौ से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी की घोषणा भी कर दी है, तो वहीं कई दल अभी प्रत्याशी को लेकर मंथन कर रहे हैं। जो अगले कुछ दिनों में वे भी अपने प्रत्याशी के नामों की घोषणा कर देंगे । झारखंड के कोडरमा लोकसभा सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को फिर से चुनावी मैदान में उतारा है। जबकि गठबंधन में अभी सीट का ही बंटवारा नहीं हो सका है, जिससे प्रत्याशी को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। क्षेत्र की जनता उदेड़बुन में है कि अन्नपूर्णा देवी को गठबंधन की ओर से आखिर कौन टक्कर देगा?

8 बार भाजपा ने लहराया परचम

वर्ष 1977 में चतरा से अलग होकर पहली बार अस्तित्व में आने के बाद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद स्वर्गीय रीतलाल प्रसाद वर्मा 5 बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। वे 1977 में भारतीय लोकदल, 1980 में जनता पार्टी, 1989, 1996 और 1998 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते। इसके बाद वर्ष 2004 में बाबूलाल मरांडी, 2014 में रविंद्र राय, और 2019 में वर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी को भाजपा के टिकट पर एक-एक बार यहां से जीतने का मौका मिला। वर्ष 2006 में भाजपा से अलग होने के बाद बाबूलाल मरांडी अपनी लोकप्रियता के कारण निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में यहां से लोकसभा का उपचुनाव जीते। 1984 और 1999 में दो बार इस सीट से कांग्रेस के तिलकधारी सिंह और एक बार 1991 में जनता दल के मुमताज अंसारी ने जीत का परचम लहराया। यानी अबतक हुए कुल 13 चुनावों में कुल 8 बार भाजपा के ही उम्मीदवार (भारतीय लोकदल और जनता पार्टी मिलाकर) विजयी रहे।

अन्नपूर्णा को हराना आसान नहीं

कोडरमा संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं । जिसमें कोडरमा विधान सभा से भाजपा की नीरा यादव, बरकठ्टा विधान सभा से निर्दलीय अमित यादव, राजधनवार विधान सभा से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल, बगोदर से माले के विनोद कुमार सिंह, जमुआ सुरक्षित सीट से भाजपा के केदार हाजरा और गांडेय विधान सभा से झामुमो के सरफराज अहमद (अब राज्य सभा) चुनाव जीते । यानि विधान सभा के हिसाब से इस समय यादव जाति के दो विधायक और मौजूदा सांसद अन्नपूर्णा देवी हैं । पिछली बार बाबूलाल मरांडी अन्नपूर्णा देवी से हार गए थे, लेकिन इस बार भाजपा में शामिल हो चुके हैं और राजधनवार से विधायक भी हैं। ऐसे में अन्नपूर्णा देवी को टक्कर देना आसान ही नहीं बेहद मुश्किल होगा।

राजद ,झामुमो और माले का दावा

इंडिया गठबंधन के अंदर कोडरमा सीट को लेकर खींचतान जारी है। इस सीट पर गठबंधन के दो घटक दल राजद और झामुमो दावा ठोक रहे हैं। माले नेता राजकुमार यादव भी कोडरमा से अपना दावा जता रहे हैं । लेकिन बगोदर विधायक विनोद सिंह के मैदान में उतारने की चर्चा भी जोरों पर है । राजद इसे अपना सीट बता रहा है और हर हाल में अपना प्रत्याशी देने की बात सार्वजिनक रूप से राजद के नेता कर रहे हैं । राजद नेता सुभाष यादव के मैदान में उतरने की चर्चा अभी भी की जा रही है । वहीं भाजपा छोड़ झामुमो का तीर-कमान थामने वाले जयप्रकाश वर्मा दुविधा में पड़ गए हैं कि उन्हें लोकसभा का टिकट मिलेगा या नहीं । जानकार बताते हैं कि जयप्रकाश वर्मा को सीएम हेमंत ने कोडरमा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने के आश्वासन के साथ ही झामुमो में इंट्री करवायी थी।

यादव, मुस्लिम, कुर्मी-कोइरी जातियों का दबदबा

कोडरमा सीट पर पिछड़ी जातियों यादव, कुर्मी-कोइरी, वैश्य के साथ मुस्लिमों की संख्या काफी है । इसी जातीय समीकरण के आधार ही जीत-हार तय होती रही है। कोडरमा में यादव और कुर्मी-कोइरी जातियों की संख्या लगभग बराबर है । मुस्लिम और अन्य पिछड़ी जातियां भी चुनाव में फैक्टर रहे हैं । कुर्मी-कोइरी के साथ वैश्य और अन्य पिछड़ी जातियां भाजपा के साथ खड़ी रही। जिससे कोडरमा में एमवाई समीकरण पर हमेशा भाजपा का पलड़ा भारी रहा है । लेकिन 2019 में जब राजद छोड़ कर भाजपा में अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई।

तीन दशक से लाला झंडा गाड़ने में जुटा है माले

कोडरमा में भाकपा माले लाल झंडा गाड़ने का लगातार प्रयास कर रही है। माले के दिवगंत कद्दावर नेता और पूर्व विधायक महेंद्र सिंह और अब उनके बेटे विनोद सिंह के साथ माले नेता राजकुमार लगातार कोडरमा सीट से परचम लहराने का प्रयास कर रहे हैं, राजकुमार यादव तो दो बार 2009 और 2014 के चुनाव भी लड़े, लेकिन जीतने में भले ही सफल नहीं रहे, लेकिन दूसरे स्थान पर रहकर अपनी दमदार और माले की दावेदारी जता दी । इसलिए इस बार विधायक विनोद सिंह को गठबंधन का प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा खूब जोरों पर है ।

रांची लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित

विकास और राज्य हित झामुमो के शब्दकोश में कभी नहीं रहा : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नामकुम स्थित कवाली स्टेडियम में आयोजित रांची लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में झामुमो पर जमकर बरसे । उन्होंने कहा कि विकास शब्द और राज्य हित झामुमो के शब्दकोश में नहीं है। झारखंड को उलझा कर रखना इनका पेशा है। शासन और प्रशासन दोनों लूट के साझेदार बन गये हैं। यह साल झारखंड के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और पार्टी के कार्यकताओं की जिम्मेदारी इन हालात में बढ़ जाती है। हम समाज के सभी वर्गों के विचारों और भावनाओं के साथ काम करें। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की और पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन-जन पहुंचाने का संकल्प लिया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की जनता में यह विश्वास है कि आजसू राज्य में बेहतर वातावरण बना सकती है। राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए जिद की आवश्यकता है। कार्यकर्ता अपनी मेहनत से पार्टी के विचारों को राज्य के हर गांव, हर घर तक पहुँचाने का कार्य करें। कार्यकर्ता आगे आकर अपनी जिम्मेदारी के तहत कार्य करें। ग्राम प्रभारियों को नए जनादेश की जिम्मेदारी देते हुए सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनावी साल है। समय कम है ऐसे में पार्टी की हर इकाई और हर कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनाकांक्षाओं के अनुरूप और एनडीए को सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा। इस मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव सह ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी राम चन्द्र सहिस ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने और हर व्यक्ति के दुःख सुख से जुड़ने के उद्देश्य से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पार्टी की मजबूत संरचना में ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख को विशेष महत्व दिया है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है जो सत्ता पर बैठे लोगों के समझ में नहीं आती है। उनको उनके सोच पर छोड़ कर हमें पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए लोगों की सेवा करनी होगी। सम्मेलन में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी शामिल हुए। सम्मेलन को में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, पार्टी के महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निमार्ला भगत, राजेन्द्र मेहता, हरेलाल महतो, संजय महतो, भारत कांशी, अशोक नाग, डॉ. सुधीर यादव, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

न्यूज बॉक्स

चंपाई सोरेन सरकार हेमंत सरकार पार्ट-2 साबित हुई, भ्रष्टाचार को बढ़ाया आगे : विनय कुमार सिंह

रांची। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता बिनय कुमार सिंह ने कहा कि चम्पई सोरेन सरकार हेमंत सरकार पार्ट-2 साबित हुई है। चम्पई सोरेन सरकार ने भी पूर्वर्ती हेमन्त सोरेन सरकार की तरह भ्रष्टाचार को आगे बढ़ाया है। कहा कि राज्य सरकार को युवाओ की तनिक भी चिंता है तो सीबीआई जांच की हिम्मत दिखाएँ मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन। दो बार जेपीएससी परीक्षा हुई। 2 वर्ष पूर्व 7-10वीं परीक्षा के एक सेंटर में क्रम से लोग पास हुए, बाद में किसी का ओएमआर शीट नही मिला। और आज जेपीएससी 11वीं की परीक्षा में चतरा और जामताड़ा जिला में प्रश्न पत्र सिल खुला हुआ मिला। कहा कि इससे पूर्व जेपीएससी सीजीएल की परीक्षा में 30-40 लाख में प्रश्न पत्र बिका। ईडी कार्यवाई में भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विनोद सिंह के चैट में इसका खुलासा हुआ। साथ ही कई छात्रों का एडमिट कार्ड भी विनोद सिंह के आवास से मिला। कहा कि विभिन्न राज्यों में ब्लैक लिस्टेड ऐजेंसी से झारखंड में परीक्षा करवाया गया और सभी मे कहीं न कहीं विवादित रहा। कहा कि वर्तमान सरकार में खान, खनिज, कोयला, पत्थर, बालू, दारू के बेचने के बाद अब राज्य सरकार झारखंड के युवाओं का भविष्य भी बेच रही है। पिछले 4 वर्षों से राज्य के युवा ठगे जा रहे है। प्रतिवर्ष 5 लाख सरकारी नौकरी और बेरोजगारी भत्ता की घोषणा का दावा करने वाले लोगो ने युवाओं के साथ छल किया है।

ब्राउन शुगर और गांजा के साथ देवर-भाभी गिरफ्तार

रांची। रांची के सुखदेव नगर पुलिस ने ब्राउन शुगर और गांजा के साथ एक महिला सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पवन कुमार और कोमल देवी शामिल है। जबकि बबलू यादव, कृष्णा यादव, कन्हैया यादव और दुलर्भ मामले में फरार है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दोनों देवर-भाभी बताये गये हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने रविवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ में छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में शराब, आग्नेयास्त्र और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने विद्यानगर के आनंदपुरी चौक के पास छापेमारी की। छापेमारी में पवन कुमार नाम का युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। इसके पास से 19 पैकेट अवैध ब्राउन शुगर और बिक्री का 21 हजार 900 रुपया और बुलेट बरामद किया । पवन कुमार की निशानदेही पर उसकी भाभी कोमल देवी के आनंदपुरी चौक स्थित घर में छापेमारी कर 31 पुड़िया गांजा, एक पल्सर 220 मोटर साइकिल बरामद किया।

जेपीएससी पेपर लीक मामले की त्वरित जांच और कार्रवाई करे चंपाई सरकार : अर्जुन मुंडा

रांची। केंद्रीय मंत्री और खूंटी जिला से सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड के युवाओं की बदकिस्मती उनका साथ नहीं छोड़ रही है। आज जेपीएससी परीक्षा के फिर से पेपर लीक की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण सूचना मिली है। मैं मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आग्रह करता हूं कि इस मामले की त्वरित जांच कराएं और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज जेपीएससी की परीक्षा के दौरान जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ उससे स्पष्ट है कि झारखंड सरकार ने जेएसएससी की तरह जेपीएससी को भी पैसा कमाने का जरिया बना दिया है। इसलिए झारखंड के नौजवानों से मेरी अपील है कि अब इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने में आप सबका साथ चाहिए। मैं विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा की सरकार बनते ही ऐसे भ्रष्ट लोगों को चुन-चुनकर जेल भेजेंगे और झारखंड के नौजवानों का हक, झारखंड के नौजवानों को दिलाकर रहेंगे तथा कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह काफी दुखद और शर्मनाक घटना है। जेपीएससी के छात्रों के साथ राज्य सरकार ने एक बार फिर गंदा मजाक किया है। जिस तरह से राज्य सरकार आनन-फानन में जेपीएससी की परीक्षा को आयोजित करने की कोशिश कर रही थी इसके पीछे कोई ना कोई षडयंत्र जरूर रहा होगा।

11वीं जेपीएससी परीक्षा को रद्द करें मुख्यमंत्री : अभिषेक

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा 11वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का पेपर लीक होना यह साफ-साफ दशार्ता है कि वर्तमान सरकार को युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा है कि पिछले 5 वर्षों के इतिहास को उठाकर अगर देखा जाए, तो स्पष्ट होता है कि इस सरकार कार्यकाल में जब भी कोई नियुक्ति के लिए प्रवेश परीक्षा कराई गई है, तो उसमें बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, चाहे वह जेपीएससी के परीक्षा हो चाहे जेएसएससी की। यह सरकार केवल अपना चेहरा चमकाने और झारखंड के खजाने को लूटने में व्यस्त है। राज्य सरकार द्वारा पेपर लीक अधिनियम 2023 केवल दिखावे के लिए बनाया गया है। उन्होंने मांग की कि जेपीएससी प्रश्न पत्र लीक मामले में दोषी पर पेपर लीक 2023 कानून के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस मामले की जांच निष्पक्ष रूप से सीबीआई से कराई जाए। जेपीएससी के जितने भी पदाधिकारी इस मामले में संलिप्त हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से पद मुक्त किया जाए। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पेपर लीक मामले से अगर सबसे ज्यादा कोई प्रभावित होता है तो वह पढ़ने लिखने वाले एवं गरीब तबके से आने वाले छात्र-छात्राएं हैं, जो सालों साल मेहनत कर सपने देखते हैं कि इस बार वैकेंसी आएगी तो वह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परीक्षा पास करेंगे और नौकरी करेंगे।

सीबीआई जांच की भी करें अनुशंसा

वर्तमान सरकार को राज्य के युवाओं की कोई चिंता नहीं

पेपर लीक से त्रस्त हो चुके हैं झारखंड के छात्र-छात्राएं

वैश्य मोर्चा ने की लोकसभा प्रभारी एवं उप प्रभारी की घोषणा

रांची। राजधानी रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर राज्य के 10 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी एवं उप प्रभारियों की घोषणा की। ये प्रभारीगण वैश्य मतदाताओं को संगठित कर चुनाव के प्रति जागरूक करेंगे। रांची में हीरानाथ साहु (कांके) को प्रभारी, अश्विनी कुमार साहु (अरगोड़ा) एवं कपिल प्रसाद साहु (रांची) को उप प्रभारी बनाया गया है, जबकि हजारीबाग में बीरेंद्र कुमार (मगनपुर) को प्रभारी, ढ़लन साव (बड़कागांव) एवं लखन अग्रवाल (गोला) उप प्रभारी बनाया गया है। गिरिडीह में मोहन साव (गोमिया) को प्रभारी, दिनेश्वर मंडल (तेनुघाट) एवं राजकुमार मंडल (कथारा) को उप प्रभारी बनाया गया है। धनबाद में रेखा मंडल (धनबाद) को प्रभारी एवं डॉ माधवचंद्र मंडल (गोविंदपुर) को उप प्रभारी बनाया गया है। चतरा में राजीव कुमार (सिमरिया) को प्रभारी, प्रीति कुमारी साहा (टंडवा) एवं दामोदर साव (बालूमाथ) को उप प्रभारी बनाया गया है. कोडरमा में अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद (बरकट्ठा) को प्रभारी, अशोक वर्णवाल (कोडरमा) एवं संतोष प्र. मंडल (बगोदर) को उप प्रभारी बनाया गया है. गोड्डा में प्रमोद चौधरी (जसीडीह) को प्रभारी, राजकुमार वर्णवाल (देवघर) एवं विष्णु मंडल (घोरमारा) को उप प्रभारी बनाया गया है।

29 मार्च को भुरकुंडा में वैश्य मतदाता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन

जेएसएससी पेपर की तरह राज्य में फिर लीक हुआ जेपीएससी प्रश्नपत्र : अमर बाउरी

कहा, युवाओं का भविष्य बेचने का काम किया है राज्य सरकार ने

सरकार मामले की निष्पक्ष जांच कराए एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड के कई जिलों से जीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना लगातार सोशल मीडिया, मीडिया के माध्यम से मिल रहा है। यह निश्चित हो गया है कि इस बार भी जेएसएससी पेपर लीक की तरह जेपीएससी का भी पेपर लीक हुआ है। इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह काफी दुखद और शर्मनाक घटना है। जेपीएससी के छात्रों के साथ राज्य सरकार ने एक बार फिर गंदा मजाक किया है। जिस तरह से राज्य सरकार आनन-फानन में जीपीएससी की परीक्षा को आयोजित करने की कोशिश कर रही थी, इसके पीछे कोई ना कोई षडयंत्र जरूर रहा होगा।
अमर कुमार बाउरी ने कहा कि चतरा, जामताड़ा, देवघर जैसे कई जिलों से जेपीएससी के परीक्षा का पेपर लीक की सूचना मिल रही है। राज्य सरकार जहां एक तरफ कोयला, बालू, गिट्टी को बेच दिया, ठीक उसी तरह राज्य के युवाओं के भविष्य को भी इस सरकार ने बचने का काम किया है। निश्चित रूप से हर सीट के लिए लाखों लाख रुपये ली गई होगी।
नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। वहीं, उन्होंने युवाओं से भी आग्रह किया है कि वह निराश नहीं हों, इस भ्रष्ट सरकार के कुछ दिन ही शेष बचे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद इस राज्य सरकार की विदाई निश्चित है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार युवाओं को निष्पक्ष नियोजित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है।

लोस चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर झारखंड पुलिस की पैनी नजर

रांची। लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए झारखंड पुलिस भी तैयारियों में जुट गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर नक्सल अभियान, लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन के साथ साथ आपराधिक तत्वों के निरोधात्मक कार्रवाई भी शुरू की गई। साथ ही इस बार पूर्व के चुनावों में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वाले भी पुलिस के राडार पर हैं। झारखंड में चार चरणों में मतदान होना है। सुरक्षित और फेयर मतदान के करवाने के लिए झारखंड पुलिस हर इंतजाम करने में जुटी हुई। इस बार वैसे तत्व जो पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करते हुए चिन्हित हुए थे वे भी पुलिस के राडार पर हैं। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी अमोल वी होमकर ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया कि वे पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करने वाले तत्वों को भी चिन्हित करें। इनमें यदि कोई वारंटी है या फरार चल रहा तो उन पर कानूनी कार्रवाई करें। सभी थानों में ऐसे तत्वों की सूची भी तैयार करा कर रखें, ताकि उनपर नजर रखी जा सके। आईजी होमकर ने निर्देश दिया है कि हिस्ट्रीशीटरों को चिन्हित कर कार्रवाई करें।

जमीन घोटाले व अवैध खनन मामले में कई लोगों से ईडी की पूछताछ आज से

नवीन मेल संवाददाता। रांची
केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राज्य में एक बार फिर पूछताछ का दौर शुरू कर रहा है । होली से पहले और होली के बाद रांची जोनल कार्यालय में अवैध खनन, जमीन घोटाले से लेकर बालू तस्करी तक के मामलों में ईडी के अधिकारी कई लोगों से पूछताछ करेंगे। विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, साहेबगंज के पूर्व डीएसपी प्रमोद मिश्रा,एक आईएएस की पत्नी प्रीति कुमार सहित दो सीओ को पूछताछ के लिए ईडी समन भेज चुकी है ।
जमीन घोटाले में प्रीति कुमार से होगी पूछताछ : जमीन घोटाले की संदिग्ध प्रीति कुमार को 20 मार्च को सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया है । प्रीति कुमार राज्य के आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी हैं। उनसे जनवरी में पूछताछ हो चुकी है । प्रीति कुमार को बड़गाई स्थित बर्लिन अस्पताल की जमीन खरीद-बिक्री, भुगतान समेत अन्य विषयों से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी मांगी गयी थी। ईडी ने बर्लिन अस्पताल के सर्वे में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पाया था। 13 अप्रैल 2023 को ईडी ने बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के घर पर छापेमारी की थी। तब उनके यहां से जमीन के कई दस्तावेज बरामद हुए थे।

कांग्रेस विधायक अंबा और परिवार से भी पूछताछ

कांग्रेस के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से जमीन लूट, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अर्जित धन की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में होली के बाद चार अप्रैल को पूछताछ करेगी। इस मामले में विधायक अंबा प्रसाद के पिता योगेन्द्र साव से 3 अप्रैल और अंबा के भाई अंकित राज से 5 अप्रैल को पूछताछ होगी । जबकि 2 अप्रैल को धनबाद के गोविंदपुर सीओ और हजारीबाग के पूर्व सीओ शशिभूषण सिंह को भी ईडी ने तलब किया है। 12 मार्च को ईडी ने सभी के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

अवैध खनन मामले में अभिषेक से होगी पूछताछ

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से ईडी के अधिकरी 18 मार्च सोमवार को पूछताछ करेंगे । अवैध खनन मामले में सीबीआई की कार्रवाई पर लगी रोक हटने के बाद ईडी ने 1250 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को समन किया था।
3 जनवरी को ईडी ने पिंटू के ठिकानों पर छापेमारी की थी। फरवरी महीने में ईडी ने पिंटू के मोबाइल का डाटा भी रिट्रीव किया था। अवैध खनन मामले में ही साहिबगंज के पूर्व डीएसपी प्रमोद मिश्रा से ईडी के अधिकारी 19 मार्च को पूछताछ करेगी।

दो बिहारी और दो पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी इस बार बंगाल के चुनावी अखाड़े में उतरेंगे

नवीन मेल संवाददाता। रांची 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार के दो बड़े चेहरे भी बंगाल में अपना दमखम दिखाएंगे । वहीं क्रिकेट विश्वकप जीतने वाले टीम के दो खिलाड़ी भी बंगाल के अखाड़े में उतर रहे हैं। शत्रुघ्न सिंहा इस बार भी बंगाल के आसनसोल से चुनाव लडेंगे, वहीं भाजपा के दरभंगा से सांसद रहे कीर्ति आजाद इस बार टीएमसी के टिकट पर वर्धमान-दुगार्पुर से चुनावी मैदान में उतरेंगे, जबकि गुजरात बड़ोदरा के क्रिकेट खिलाड़ी युसूफ पठान भी टीएमसी के टिकट पर बहरामपुर से चुनाव लडेंगे ।

शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल से ही लड़ेंगे चुनाव

भाजपा के कभी स्टार प्रचारक और सांसद रहे बिहारी बाबू इस बार भी टीएमसी के टिकट पर आसनसोल से ही चुनाव लडेंगे । 2022 में आसनसोल के उपचुनाव में पहली बार शत्रुघ्न सिंहा पहली बार चुनाव लड़ें और भारी मतों से विजयी हुए थे, आसनसोल में बड़ी संख्या में बिहार के लोग दशकों से रह रहे हैं, जिसके कारण शत्रुघ्न सिंहा को भारी समर्थन मिला, इसलिए इस बार भी ममता बनर्जी ने उनपर ही भरोसा जताया है। आसनसोल में बिहारियों की संख्या को देखते हुए ही भाजपा शत्रुघ्न सिंहा के खिलाफ बिहार के लोकप्रिय गायक पवन सिंह को मैदान में उतारने की घोषणा की, लेकिन पवन सिंह ने नाम वापस ले लिया, उसके बाद भोजपुरी सिनेमा की स्टार हिरोइन अक्षरा सिंह का नाम सामने आया है।

कीर्ति आजाद को भी मिला टिकट

1983 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे कीर्ति आजाद बिहार के बिहार के दरभंगा से भाजपा के दो बार सांसद रहे हैं । 2019 में धनबाद से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ें, लेकिन हार गए, इस बार तृणमूल कांग्रेस ने टिकट दिया है और वे बर्धमान दुगार्पुर से चुनाव लड़ेंगे। कीर्ति आजाद ने 2014 का आम चुनाव बीजेपी के टिकट पर लड़ा था और बिहार के दरभंगा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे, लेकिन 23 दिसंबर, 2015 में उनको बीजेपी से सस्पेंसड कर दिया था। इसके बाद वह 2019 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले फरवरी माह में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उनको 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की धनबाद सीट से मैदान में उतारा था।

पहली बार चुनाव लड़ेंगे यूसुफ पठान

यूसुफ पठान 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, जो पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर इरफान पठान के बड़े भाई हैं। वह आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के लिए सात साल खेल चुके हैं। यूसुफ 2012 और 2014 में आईपीएल खिताब जीतने वाली केकेआर टीम का हिस्सा रहे थे। आईपीएल खिताब जीतने के बाद वह कई बार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिल चुके हैं और सम्मानित किए जा चुके हैं।मूल रूप से यूसुफ पठान गुजरात के बड़ोदरा के रहने वाले हैं और बंगाल में उनकी अच्छी खासी लोकप्रियता हासिल है, उनका मुकाबला कांग्रेस के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी से होगा।

जेपीएससी पेपर लीक गलत नीतियों का नतीजा : ओम वर्मा

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं का दम्भ भरने वाली सरकार युवाओं के सपनों का सौदा करने पर आतुर हैं। जेपीएससी पेपर लीक सरकार की गलत नीतियों और कार्यशैली का नतीजा है। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को अभी दो महीने भी नहीं बीते और एक और पेपर लीक ने युवाओं के सपनों को तोड़ दिया है। सरकार शायद यह भूल गई है कि जिन युवाओं से झूठा वादा कर यह लोग सत्ता में काबिज हुए हैं, वही युवा इन्हें सत्ता से बेदखल करने की शक्ति भी रखते हैं।
उन्होंने कहा कि पेपर लीक के मामले सरकार के युवाओं के प्रति असंवेदशीलता को दिखलाती है। सरकार अविलंब इस परीक्षा को रद्द करे और इस मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाए। पेपर लीक से जुड़े सभी अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी की जाए।

एक नजर

गांव की सभी जर्जर सड़कों को बहुत जल्द दुरुस्त किया जाएगा : विधायक

रामगढ़ / दुलमी। दुलमी प्रखंड क्षेत्र के ढुठुवा तालाब में डीएमएफटी मद के लगभग 90 लाख की लागत से बनने वाले गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास हुआ। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर गांव के जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर ढुठुवा तालाब के दोनों ओर गार्डवाल के अभाव में सड़क टूटकर काफी संकीर्ण हो गया था। जिससे आवागमन में ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। अब तालाब के दोनों ओर गार्डवाल बन जाने से ग्रामीणों को सुविधा होगी। संवेदक ने बताया कि डीएमएफटी मद के 90 लाख की लागत से तालाब के दोनों ओर गार्डवाल का निर्माण होगा।

भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के बाद उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता, कहा

चुनाव में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ विमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता की। इस दौरान सभी को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष जिन मतदाताओं को पूरा हो गया है उन सभी की सूची तैयार कर मतदाता सूची जोड़ें, जिससे वह मतदान करने के लिए सक्षम हो सकें। पदाधिकारी मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर और लोगों को जागरूक करें। इस मौके पर उनके द्वारा 14 लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ जिले में 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले के कुल 455 भवनों में 852 मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहीं इस बार के निर्वाचन में कुल 728632, 374759 पुरुष व 353852 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। वहीं, इस बार के निर्वाचन में 22 बड़कागांव अंतर्गत 12 एवं 24 माण्डू अंतर्गत 9 ट्रांसजेंडर भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में तीन प्रतिभागी चयनित जजमेंट पैनल में रवींद्र कुमार

हजारीबाग। 48 वें नेशनल योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हुगली, पश्चिम बंगाल में 19 से लेकर 23 मार्च तक आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश भर के योगी अपना प्रदर्शन देंगे।प्रतियोगिता में जिले से तीन प्रतिभागियों का चयन हुआ है। जिसमें सृष्टि कुमारी, शत्रुंजय कुमार और विनीत कुमार सिंह शामिल हैं। है। प्रतियोगिता में जजमेंट पैनल के लिए रवींद्र कुमार का चयन हुआ है।ये सभी आज रात रांची से क्रिया योग एक्सप्रेस के द्वारा हुगली के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर हजारीबाग जिला योगा एसोसिएशन ने सभी को बधाइयां दी है। जिसमें हजारीबाग जिला योग संघ के संरक्षक भैया मुरारी सिंहा, अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव रविंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष रुचि कुजूर, उपाध्यक्ष अनूप राजेश लकड़ा, रीना सिंह, अशोक सिंह, सहसचिव ज्ञानोदय कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, शीला सिंह, कोषाध्यक्ष बहादुर राम आचार्य, विकास कुमार दास एवं हजारीबाग के सभी योग प्रेमी शामिल हैं।

न्यूज बॉक्स

निजी विद्यालय नामांकन में टीसी करें अनिवार्य, अन्यथा होगा विरोध : संघ

बरही । रविवार को संपन्न हुए निजी विद्यालय संघ की मासिक बैठक में नामांकन के दौरान टीसी की अनिवार्यता पर जोर दिया गया. साथ ही निर्णय लिया गया कि बिना टीसी के नामांकन लेने वाले विद्यालयों का विरोध किया जायेगा. सभी विद्यालय को इसे अनुपालित करने के लिए संघ लिखित रूप से भी सूचित करेगा. संघ का मानना है कि कई अभिभावक विद्यालय में शुल्क बकाया रखते है. जिसे विद्यालय से मांगे जाने पर अभिभावक अपने बच्चो का उक्त विद्यालय से हटाकर दूसरे विद्यालय में नामांकन करवा देते है. इससे विद्यालय का मासिक शुल्क पूरी तरह डूब जाता है और विद्यालय को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है. ऐसा कार्य करने के लिए कुछ विद्यालय भी अभिभावकों को प्रलोभन देकर अपने विद्यालय में नामांकन करवाने के लिए प्रेरित करते हैं, जो अनुचित है. बैठक संघ के अध्यक्ष मिथलेश यादव की अध्यक्षता व सचिव नितेश कुमार के संचालन में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में संपन्न हुई. बैठक में बरही के दर्जनों निजी विद्यालयों के प्रधान या उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे.

दामोदर नदी पुल से लड़की ने लगाई छलांग, मौत

रामगढ़। नईसराय स्थित दामोदर पुल से रविवार को एक लड़की ने छलांग लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई । इस संबंध में बताया जाता है कि सौंडीयाह वेस्ट बोकारो की रहनी वाली रूक्मणी कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता लालधारी तुरी द्वारा पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। घटना की जानकारी के उपरांत वहां लोगों की भीड़ जुट गयी। लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर निशिकांत शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस द्वारा घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है।

प्रवासी मजदूर संतोष रविदास का गुजरात में निधन, गांव में पसरा मातम

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के प्रवासी मजदूरों के मौत का सिलसिला इन दिनों थमने का नाम ही नहीं ले रहा। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के कपका निवासी संतोष रविदास 35 वर्ष ,पिता स्व0 नन्हकू रविदास की गुजरात में आकस्मिक निधन हो गया । परिजनों ने बताया कि मृतक 15 दिन पूर्व ही रोजी-रोटी की तलाश में गुजरात गया था, जहां अहमदाबाद के आनंद टाउन स्थित एक कॉलेज कैंटीन में काम कर परिवार का भरन पोषण हेतु गये थे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 14 मार्च की रात्रि में भोजन करके ठीक ठाक सोया था जिसके पश्चात रात्रि में ही उनका निधन हो गया ।वहीं मौत की सूचना परिजनों को 15 मार्च की सुबह में मिली। जिसके बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। विदित हो मृतक अपने घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था जो अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री पत्नी और मां को छोड़कर चल बसा। रविवार को मृतक की पार्थिव शरीर कपका गांव पहुंचते ही पूरा क्षेत्र में मातम पसर गया। वहीं घटना की सूचना पाकर बगोदर विधायक विनोद सिंह व बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव ने परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और सांत्वना देते हुए अविलंब 10 दिनों के अंदर पचास हजार रुपए की सरकारी मदद व उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ,मुखिया कमलेश कुमार समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रशासन ने हटाया राजनीतिक बैनर और पोस्टर कोड ऑफ कंडक्ट पालन करने का निर्देश

बरही । 14वीं लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में मुख्य चुनाव आयुक्त ने शनिवार से ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू कर दिया है. आचार संहिता की घोषणा होते ही स्थानीय चुनाव पदाधिकारी पूरे तरह से सक्रिय हो गए. सार्वजनिक और सरकारी भवनों पर लगे सभी प्रकार के राजनीति पोस्टर और बैनर हटवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया. शनिवार की देर संध्या को बरही चौक, प्रखंड परिसर एवं अन्य स्थलों से विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के द्वारा लगाया गया हॉर्डिंग हटाया गया. साथ ही सभी को ऐसे स्थानों पर लगाए गए पोस्टर या बैनर अथवा स्लोगन हटाने के निर्देश दिए गए हैं. मामले के संबंध में अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ जोहन टुडू ने सभी राजनीतिक पार्टियों से आदर्श आचारसंहीता का अक्षरशः पालन करने का का अपील किया है. उन्होंने बताया कि स्वच्छ और निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनाव के लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है. आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

रजरप्पा मंदिर में उमड़ी भीड़, मुहूर्त पर दर्जनों बच्चों का मुंडन संस्कार हुआ संपन्न

रामगढ़। उत्तर भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में रविवार को मुंडन मुहूर्त को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु अहले सुबह से ही मां भगवती के दरबार में पहुंचने लगे थे। चूल- मुंडन समारोह में शामिल होने आए श्रद्धालु दामोदर व नदी के संगम स्थल में स्नान मां भगवती की पूजा अर्चना के लिए हाथ में प्रसाद की थाली लेकर घंटों लंबी कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने बकरों व नारियल की बलि देकर मुंडनशाला में अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार संपन्न करवाया । जहां बच्चों की किलकारियों से मुंडनशाला गुलजार रहा। झारखंड सहित बिहार, यूपी, बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां पहुंचे हुए थे।

प्रदेश विश्वकर्मा समाज के होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी के द्वारा स्थानीय दिगम्बर जैन धर्मशाला, में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह की अध्यक्षता लोकनाथ राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गौतम सागर राणा उपस्थित हुए, कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, नव झारखण्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा, जिला सचेतक महावीर राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, मुखिया पिंकी राणा, उपस्थित हुई ।बैठक में सभी प्रखण्ड से विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी और महिला पुरुष उपस्थित हुए और एक दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि होली मिलन तो एक बहाना है दिल से दिल को मिलाना है आज पुरे झारखण्ड में विश्वकर्मा समाज के लोग संगठित हुए हैं और अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने की जरूरत है। कहा कि लोकसभा चुनाव में विश्वकर्मा समाज किस दल को समर्थन करेगा इसका निर्णय विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिया जायेगा।

पाचु महतो सेवा संघ ने प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

प्रतियोगिता में प्रथम रहे कृष्ण कुमार को संस्था ने कंप्यूटर देकर किया पुरस्कृत

बरकट्ठा निवासी प्रिंस कुमार को कलाई घड़ी देकर सम्मानित किया गया

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड के कपका स्थित पाचु महतो सेवा संघ एवं पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2024 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य कुमकुम देवी , झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत,संरक्षक मधुप मनोहर, संगठन मंत्री मधुसूदन मेहता, पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, पीसी डिफेंस अकादमी के निर्देशक फूलचंद कुमार पंडित, सक्सेस पॉइंट के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद, गुरुकुल कोचिंग सेंटर गयपहाड़ी के निदेशक संजय प्रसाद ,एनसीआरटी ट्यूटोरियल के निदेशक अजय पंडित, डीएस राज स्टडी पॉइंट के निदेशक दुलारचंद साव,एमजी क्लासेस के निर्देशक महेश कुमार गुप्ता ,जन-जन कंप्यूटर साक्षरता मिशन के निदेशक दिलीप कुमार नायक, डॉक्टर बी आर अंबेडकर कोचिंग सेंटर के निदेशक मोहम्मद अमीन राजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे कृष्ण कुमार, पिता बलदेव साव बरकट्ठा ने हासिल किया, जिन्हें कंप्यूटर, द्वितीय स्थान पर आर्यन कुमार राज, पिता लील धारी प्रसाद गयपहाड़ी को साइकिल व तृतीय स्थान पर प्रिंस कुमार पिता कामेश्वर पंडित बरकट्ठा को कलाई घड़ी देकर सम्मानित किया गया। टॉप 20 में स्थान बनाए सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। वहीं टॉप 100 विद्यार्थियों को पुस्तक पुरस्कार में देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल 1031 बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

पीएम इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

बेहतरीन मॉडल से छात्रों ने मन मोहा

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा। प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शानदार विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य कुमकुम देवी,विद्यालय निदेशक सतेंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ,सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, इंजीनियर विजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।वहीं कक्षा एक के विद्यार्थियों ने मानव फेफड़ा का कार्यविधि तथा पौधों के भाग के बारे में, कक्षा 2 के छात्रों ने सैटलाइट कम्युनिकेशन , कक्षा 3 के द्वारा माइक्रोस्कोप, वॉटर प्यूरीफिकेशन ,कक्षा चार के द्वारा चंद्रयान-3 ,कक्षा 5 द्वारा मानव हृदय, तथा सड़क सुरक्षा ,कक्षा 6 द्वारा प्राकृतिक आपदा ,कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के द्वारा हाइड्रोपोनिक, कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा न्यूक्लियर पावर प्लांट व थर्मल पावर प्लांट से बिजली का उत्पादन तथा कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी का शानदार मॉडल प्रस्तुत किया।

नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए काजल बनी झारखंड टीम की कोच

रामगढ़ / बरकाकाना। तीसरा सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के महिला कोच कुमारी काजल सिंह को बड़ी जिम्मेवारी मिली है। रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के महिला कोच ऊपर पोचरा बरकाकाना निवासी कुमारी काजल सिंह को यूपी के ग्रेटर नोएडा में आयोजित सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। कुमारी काजल सिंह के नेतृत्व में झारखंड के महिला बॉक्सर नोएडा में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह पहला मौका है जब रामगढ़ जिला से किसी महिला बॉक्सिंग कोच को झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का यह मौका दिया गया है। रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी ने बताया कि कुमारी काजल सिंह पहले भी रामगढ़ जिला से स्टेट प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के महिला बॉक्सरों का नेतृत्व कर चुकी है।

16 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई जेपीएससी की परीक्षा

एसडीओ व एसडीपीओ ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण, संतुष्टि जाहिर की

◆ परीक्षा में परीक्षार्थियों की उपस्थिति कम रही सभी केंद्रों पर समुचित बल तैनात किए गए थे

नवीन मेल संवाददाता। बरही झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के 11वीं सयुंक्त सिविल सेवा की पीटी परीक्षा 2023 को लेकर बरही अनुमंडल में कुल 16 केंद्र बनाए गए थे. जानकारी देते हुए एसडीओ जोहन टुडू ने बताया कि इसके लिए बरही में छः, चौपारण में पांच, बरकट्ठा में तीन और पदमा मे दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की तैनाती की गई थी. परीक्षा के दौरान एसडीओ व एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की जानकारी ली. एसडीओ ने बताया कि परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा. सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुआ. एसडीओ व एसडीपीओ ने शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने प्रशासन का जताया अभार और उन्हें बधाई दी। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि बरही के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय, बरही इंटर महाविद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय बरही, रामनारायण यादव महाविद्यालय बरही में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. परीक्षा में परीक्षार्थियों की उपस्थिति कम रही. सभी केंद्रों पर समुचित बल तैनात किए गए थे.परीक्षा में परीक्षार्थियों की उपस्थिति कम रही. इस दौरान वह पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की गश्ती लगातार जारी रही.गौरतलब हो कि 11वीं जेपीएससी को परीक्षा को लेकर अहले सुबह से ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था।

पासवान समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

दुश्मनों से लोहा लेने में सबसे आगे रहा है पासवान समाज : संजय लाल

◆हमारे समाज की बेटियां भी एक से बढ़कर एक इतिहास लिख रही हैं

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ रामगढ़ दुसाध मोहल्ला स्थित पासवान धर्मशाला में 16 मार्च को पासवान समाज रामगढ़ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता लखेन्द्र पासवान एवं संचालन उत्तम पासवान ने किया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ पासवान समाज के पुरोहित चौहरमल बाबा के तस्वीर पर सभी ने पुष्प अर्पित कर किया। मौके मुख्य अतिथि संजय लाल पासवान ने कहा कि पासवान समाज का एक अलग इतिहास इस संसार में रहा है। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले जब राजा और महाराजाओं का दौर रहता था तब पासवान उन राजाओं महाराजाओं की सेना में रहा करते थे और जब दुश्मनों से लोहा लेना होता तो सबसे पहले पासवान समाज की सेना ही आगे रहती थी। आगे कहा कि आज हमारे समाज के बच्चे पढ़ाई लिखाई में बेहतर करते हैं और अच्छे-अच्छे पदों पर चुनकर आ रहे हैं और हमारे समाज की बेटियां भी एक से बढ़कर एक इतिहास लिख रही हैं। यह अपने आप में पासवान समाज के लिए बहुत गर्व की बात है। अभी कुछ दिन पहले गुमला की रहने वाली परी पासवान ने भारत मिस ब्यूटीफुल का पुरस्कार भी जीता है ऐसे कई मिसाल हैं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि को प्याज, टमाटर और बैगन का मला पहनाकर मूखार्धीरज की उपाधि से विभूषित किया गया। होली मिलन समारोह को सरजू पासवान, सत्येंद्र पासवान, अशोक पासवान, राजेंद्र पासवान, लखेन्द्रर पासवान, केवल पासवान ,ठाकुर पासवान, भगवान दास, बिहारी पासवान, रामदास पासवान आदि ने संबोधित किया। मिलन समारोह के समापन की घोषणा करते हुए केवल पासवान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से एक दूसरे से हमें मिलने और विचारों के आदान प्रदान का अवसर मिलता है। मौके पर मुख्य रूप से लखेन्द्र पासवान, अजय पासवान, आनंद पासवान दीपक पासवान आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

आधा दर्जन से अधिक चापानल की हुई मरम्मती

फौजी दिलीप सिंह ने उठाई थी आवाज मीडिया के प्रति जताया आभार

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बरकनगांगो में आधा दर्जन से अधिक चापानल खराब होने और 15 वीं वित मद से चापानल मरम्मती के नाम पर 91 हजार 26 रुपए की राशि निकासी होने के बावजूद धरातल पर कोई कार्य नहीं होने की खबर राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें बरकनगांगों के नीचे टोला पंडित मोहल्ला, बजरंग बली मंदिर,खेल मैदान कटिया, किशोर यादव के घर समीप, भुइयां टोला, सिंह टोला समेत आदि जगहों पर चापानल खराब होने और कई चापानल से समान गायब होने की आवाज फौजी दिलीप सिंह ने उठाई थी। वहीं सभी खराब चापानल की मरम्मति होने पर स्थानीय ग्रामीण और फौजी दिलीप सिंह ने मीडिया के प्रति आभार प्रकट हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्यायों को दुर करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक नजर

कस्तूरबा स्कूल में साढ़े चार करोड़ से बनने वाले नए भवन की रखी आधारशिला

कोडरमा / मरकच्चो । प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय स्कूल में लगभग साढ़े चार करोड़ की लागत से बनने वाले नये भवन की आधारशिला रखी गयी। उक्त नये भवन का शिलान्यास स्कूल में पढ़ने वाली छठी क्लास की छात्रा दीपिका कुमारी के हाथों कराया गया। इस दौरान स्कूल की छात्राएं व शिक्षक समेत अन्य लोग मौजूद थे। उक्त भवन का निर्माण झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद से किया जाएगा, जिसका निर्माण मेसेर्स माधव शर्मा द्वारा कराया जाएगा। इसमें छह ब्लॉक का स्टाफ क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा।

डोमचांच में 160 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण

डोमचांच । केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने हाई स्कूल फुलवरिया और गर्ल्स हाई स्कूल डोमचांच में समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों के बीच 160 साइकिल का वितरण किया गया। इसमें हाई स्कूल फुलवरिया में 60 साइकिल और गर्ल्स हाई स्कूल में 100 साइकिल शामिल है। कार्यक्रम में जिला सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र प्रसाद मेहता ने बताया कि सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में समग्र विकास के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। मौके पर ग्लर्स हाई स्कूल में भाजपा नेता महेन्द्र प्रसाद वर्मा, अर्जून राम, मुन्नी लाल मेहता, राजेन्द्र पासवान, सुदेश यादव, कंचन देवी, प्राचार्य मनोहर प्रसाद आदि मौजूद थे।

बूथ का जायजा लेकर लौट रहे पदाधिकारियों के वाहन पर गिरा पेड़, बड़ा हादसा टला

कोडरमा / मरकच्चो। प्रखंड में एक बड़ा हादसा टल गया। इसमें झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारी के अलावे दो अन्य सरकारी कर्मी और वाहन का चालक बाल बाल बच गए। दरअसल आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में बूथों का पदाधिकारी के द्वारा भौतिक सत्यापन करते हुए वहां की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली जा रही है, ताकि मतदान से पहले सभी कमियों को दुरुस्त कराया जा सके।

आयोजित हुआ भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट का होली मिलन समारोह

हजारीबाग। स्थानीय शहीद स्मारक स्थल पर रविवार को भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट संगठन झारखंड की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुरूआत संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं वर्तमान जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ओझा की अगुवाई में उपस्थित भूतपूर्व सैनिको द्वारा शहीद स्थल पर पुष्प अर्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ हुआ।मौके पर अबीर गुलाल भी खूब उड़े।साथ ही झाल मंजीरे के साथ पूर्व सैनिकों ने होली गीत भी प्रस्तुत किया।होली के कई व्यंजनों ने इस मिलन समारोह में चार चांद लगा दिया।मौके पर मिथिलेश कुमार,अरविंद कुमार ओझा, शंकर कुमार, वासुदेव, एमपी यादव, मोहन कुमार,चतरा जिला अध्यक्ष समेत दर्जनों पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

रंजीत ने गरमा धान फसल की रोपाई कर की क्षेत्र में नई फसल की शुरुआत

कोडरमा / जयनगर। प्रखंड के सुगासांख के प्रगतिशील किसान रंजीत यादव ने अपने तीन एकड़ खेत में गरमा धान फसल का रोपाई कर इस क्षेत्र में एक नई फसल का शुरूआत किया है। गरमा धान फसल इस इलाके यानी कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह जिले में इन फसलों का पहला खेती है।किसान और पेशे से अधिवक्ता रंजीत यादव ने बताया कि इस गरमा धान फसल का प्रेरणा उन्हें पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान के कृषि वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान से मिली और वही संस्थान से धान बीज खरीदा और अपने खेतों में पहले धान बीज कि बुआई किया। यहां 45 दिनों में धान का मोरी तैयार किया उसके बाद धान पौधे (मोरी) का खेत रोपाई किया। उन्होंने ने बताया कि इस धान फसल को मैंने पिछले साल भी प्रयोग किया था, जहां धान कि अच्छी उत्पादन हुआ था। इस फसल में कम समय और कम पानी लगता है और खरीफ फसल से ज्यादा फायदा होती है।

झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की हुई बैठक

अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेने का लिया निर्णय

आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण हड़ताल को स्थगित किया गया

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जिला अध्यक्ष मायावती देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति मौजूद रहे। मंच का संचालन जिला सचिव संध्या देवी के द्वारा किया गया। मौके पर बताया गया की 18 मार्च से विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पूरे राज्य भर में करने का फैसला था परंतु आदर्श आचार संहिता लागू हो गई जिसको देखते हुए हड़ताल को स्थगित किया गया ,वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि चुनाव के बाद प्रदेश कमेटी बैठक बुलाकर अगली रणनीति एवं आंदोलन तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों नहीं हमारी मांगों को पूरा नहीं किया ऐसे में हमारी मांगे धरी की धरी रह गई और आने वाले लोकसभा चुनाव में 25000 परिवार नोटा बटन का प्रयोग करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालयों में महज ?66 पैसे के दर से हमें प्रत्येक दिन काम लिया जा रहा है ।इसके अलावा साल में 12 महीने के बजाय 10 माह का भुगतान किया जाता है, ऐसे में हमें काम करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ,लेकिन इस मामले में सरकार किसी प्रकार का ध्यान नहीं देती है। जहां एक और बच्चों को पौष्टिक भोजन देने की बात कहती है ,तो वहीं दूसरी ओर भोजन बनाने वालों को नजरअंदाज करती है जिसे देखते हुए आंदोलन बनाया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से मंजू तिर्की ,नीलमणि टोपनो ,असिसेन कुल्लू ,मालती देवी, राधिका देवी, बेबी देवी, जूलियन केरकेट्टा,केशव देवी ,अनीता डुंगडुंग, आश्रित खेस, निर्मला एक्का सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

महाबुवांग एवं गिरदा थाने में होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी

मुखिया सोमारी कैथवार ने कहा, पर्व त्योहार में हड़िया दारू का सेवन नहीं करें उन्होंने कहा, महुआ चुनने के लिए जंगल में आग ना लगाएं

नवीन मेल संवाददाता। बानो बानो सर्किल के महाबुवांग व गिरदा थाना में होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई महाबुआंग थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में होली का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया।थाना प्रभारी ने कहा कि अफवाह पर ध्यान ना दे सोशल मिडिया , फेसबुक, व्हाट्सएप पर गलत व भड़काऊ पोस्ट ना करें कि जिससे कि माहौल बिगड़े। अगर जिसमें भड़काऊ पोस्ट किया अगर वह पकड़ा गया तो उसपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाये, किसी प्रकार का अफवाह होने पर प्रशासन को सूचना दें एवं प्रशासन का सहयोग करें। सभी समुदाय के पर्व त्यौहार को ध्यान में रखते हुए आपसी सौहार्द बनाते हुए पर्व मनाये ताकि किसी भी समुदाय को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। वही मुखिया सोमारी कैथवार ने कहा कि पर्व त्योहार में हड़िया दारू का सेवन नहीं करे। उन्होंने कहा कि महुआ चुनने के लिए जंगल में आग ना लगाये.आग लगने से पेड़ पौधे नष्ट हो जाते है,जंगली जानवारो का भी जान माल की क्षति होती है। इस अवसर पर पुर्व प्रमुख जॉर्ज महतो, पदलोचन सिंह,एएस आई कमल कच्छप, मुखिया सोमारी कैथवार, मुखिया सीता कुमारी, मुखिया हेलेना मुंडा, मुखिया कृपा हेमरोम, भाजपा नेता अजित तोपनो, दीपक साहु, चंद्रपाल सिंह, संदीप साहु, अखिलेश कुमार, रामधनी साहु, जगेश्वर साहु, जयचंद्र ओहदार, बिक्रम बड़ाइक के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। इधर गिरदा थाना में एस आई रामनाथ सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में एएसआई रामेश्वर सिंह, रायकेरा ग्राम सभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

स्थानांतरण सरकारी सेवा की अनिवार्य प्रक्रिया : पीडीजे

कोडरमा । कोडरमा न्यायमंडल के स्थानांतरित न्यायालय कर्मी मनोज कुमार के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन व्यवहार न्यायालय जिला न्याय सदन स्थित सभागार में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा की अनिवार्य प्रक्रिया है। इससे सभी सरकारी सेवकों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने मनोज कुमार द्वारा लंबे कार्यकाल तक न्यायालय की सेवा निष्ठापूर्वक करने के लिए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि व्यवहार न्यायालय कोडरमा के सहायक मनोज कुमार कोडरमा न्यायमंडल से स्थानांतरित होकर रांची न्यायमंडल में योगदान देंगे। उनके स्थानांतरण पर ही यह विदाई समारोह और रांची न्यायमंडल से उनके स्थान पर कोडरमा न्यायमंडल में योगदान करने वाले सहायक राजीव रंजन के स्वागत में यह समारोह हुआ।

बैठक में गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का लिया गया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग कांग्रेस द्वारा जिला परिसदन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया ।अध्यक्षता दारू प्रखंड बीस सुत्री के अध्यक्ष सह संघ के संयोजक शशि मोहन सिंह ने की । इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जिला कांग्रेस के पदाधिकारी युद्ध स्तर पर तैयार रहें । उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचना होगा । केन्द्र में जब से भाजपा की सरकार आई मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ा है इसे जनता को बताना होगा ।विशिष्ट अतिथि बरही विधायक उमाशंकर शंकर अकेला ने कहा कि महागठबंन के सभी नेता व कार्यकर्ता को आपस में समन्वय बनाकर आगामी लोकसभा के चुनाव में उतरना होगा । उन्होंने कहा कि पिछली बार हम सब मिलकर हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व विधानसभा का चुनाव लड़कर झारखंड में गठबंधन की सरकार बनाई थी।

गांव में किसान के घर को जंगली हाथी ने किया ध्वस्त, झामुमो नेताओं ने की मदद

नवीन मेल संवाददाता। बानो प्रखंड में जंगली हाथी का आतंक जारी है .हर दिन जंगली हाथी घूम घूम कर ग्रामीणों के घरों को तोड़ रहा है ।जंगली हाथी ने रविवार की रात करीब 8 बजे कनारोवा पंचायत अंतर्गत बहुरा कोना जराटोली में विश्वासी टोपनो के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे सारे धान के अनाज को खा गया। विश्वासी टोपनो ने बताया की वो उस वक्त घर में नही थी ,रात के करीब 8 बजे जंगली हाथी गांव पहुंच गया और उसके घर पर धावा बोल दिया और दीवार तोड़ कर धान के बोरी को खींच कर बाहर निकाल लिया एवं कुछ घंटे तक धान को खा कर जंगलों की तरफ भाग गया जंगली हाथी के दीवार तोड़ने से घर में रखे कई बर्तन टूट गए एवं कच्चा मकान भी टूटने के कगार में है। घटना के सूचना मिलते ही बानो जिला परिषद सह जेएमएम केन्द्रीय कमिटी सदस्य बिरजो कडुलना साथ में विकास मघहैया ,जेएमएम संयोजक मंडली सदस्य तनवीर हुसैन घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित महिला से पूरे घटना क्रम की जानकारी ली ।इस मौके पर उन्होंने गांव में हाथी से जान बचाने के लिए पीड़िता को टॉर्च दी गयी।साथ ही अन्य ग्रामीणों को भी जल्द मसाल , मोबिल , टॉर्च दिलाने का आश्वासन दिया । बानो जिला परिषद इस घटना पर दुःख व्यक्त करते गए कहा की बार बार बानो प्रखंड में इस तरह से एक ही जंगली हाथी के द्वारा घरों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है मगर वन विभाग के द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी ज्यादा भय व्याप्त हो गया है ।आगे जिला परिषद ने कहा की आगे अगर किसी भी व्यक्ति के जान माल का नुकसान होता है तो उसका जिम्मेवार वन विभाग होगा इस मौके पर जेएमएम कनारोवा पंचायत अध्यक्ष मनसुन सुंदरीया , उपाध्यक्ष प्रकाश टोपनो, उप मुखिया अमीत डांग व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

मांडू विस क्षेत्र की 15 पंचायतों का मनीष ने किया चुनावी दौरा

क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता होगी

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रविवार को लगातर 15 वें दिन क्षेत्र में करीब 18 घंटे का अनवरत तुफानी दौरा किया। मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग सदर विधानभा और मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब 15 पंचायतों के ढाई दर्जन से अधिक गांवों का तुफानी दौरा किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग का विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी और लोगों को हर रूप में योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सखिया पंचायत स्थित ग्राम चानो से किया। उन्होंने सदर प्रखंड स्थित सखिया पंचायत के ग्राम चानो, बहेरी, लालपुर चौक, कानी मुंडवार, सीतागढ़ा, पौता पंचायत स्थित मरहेता, चंदवार, गुरहेत पंचायत स्थित ग्राम बहरोनपुर, रेवार, चोरहेता में जनसंपर्क अभियान चलाया। तत्पश्चात मांडू विधनसभा क्षेत्र अंतर्गत चुरचू प्रखंड स्थित चुरचू पंचायत के लारा, चुरचू मुख्यालय चौक, बोदरा, बालि, चनारो पंचायत स्थित चिचीकला और चरही पंचायत स्थित चरही चौक में और मांडू प्रखंड स्थित तापीन नॉर्थ पंचायत स्थित तापी क्षेत्र के सभी चौक- चौराहे, बारूघुटू पंचायत स्थित परेज कॉलोनी, बंजी, बारूघुटू पूर्वी पंचायत के घाटो अमर नगर, केदला उत्तरी पंचायत स्थित हाउसिंग बोर्ड, आरा पंचायत के चार नंबर पेट्रोल पंप चौक, सारुबेड़ा पंचायत स्थित पिपरागढ़, अतना, सिरका और सोनडीहा, चैनपुर एवं बड़गांव पंचायत के कई गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा एवं अपने पक्ष में आगामी लोकसभा चुनाव में कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की। मौके पर रामगढ़ के जिला अध्यक्ष परवीन मेहता, महामंत्री प्रो खिरोधर साहू,रंजन सिंह उर्फ. फौजी, घाटो मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो,आरा मंडल अध्यक्ष राजेश, रवि मिश्रा, कुमार, अनिल मिश्रा, राजीव चतुवेर्दी, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजित सिन्हा, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, नकुल साव, आजसू नेता विकास कुमार, रंगीला महतो, रीता कुमारी, महेंद्र राम बिहारी, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, वीना मिश्रा, रंजन चौधरी, अभिजीत कुमार सोनू सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

एएनएम के परिजनों को दी सहयोग राशि

कोडरमा। सदर हॉस्पिटल के कुपोषण उपचार केंद्र में पदस्थापित एएनएम रीना कुमारी की भीषण सड़क दुर्घटना मौत होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने उनके परिजनों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मियों, पदाधिकारियों ने एकत्रित एक लाख 35 हजार रुपए का चेक स्व रीना कुमारी के पुत्र शुभम को सौंपा। सीएस डॉ अनिल ने उनके परिजनों को विभाग द्वारा भविष्य में भी हरसंभव मदद का भरोसा दिया। झासा के राज्य उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार और कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी ने कहा कि हमलोग संघ की ओर से सरकार के सामने बिहार की तर्ज पर मांग रखेंगे कि अनुबंधकर्मियों को पांच लाख की सहायता राशि, आश्रितों को सरकारी संस्थान में नौकरी दी जाए। सहायता राशि एकत्रित करने में इंद्रदेव यादव, चंदन कुमार, अखिलेश कुमार, सागर रजनीश, दीपेश कुमार की भूमिका अहम रही।

गोला में किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की सरलकलां ग्राम कमेटी का गठन

रामगढ़ / गोला। गोला के सरलकलां गांव में शनिवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक प्रखंड प्रभारी संतोष पांडेय की अध्यक्षता में की गई। संचालन जिला सचिव अनवर अंसारी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए सरलकलां ग्राम कमेटी का गठन किया गया। यहां गठित ग्राम कमेटी के अध्यक्ष रामेश्वर नायक, उपाध्यक्ष मदन करमाली, सचिव डिगेश्वर नायक, कोषाध्यक्ष टिंकू करमाली, उप सचिव रंजीत करमाली व सदस्य के रूप में सरिता देवी, रेखा देवी, फूलो देवी, साबो देवी, गायत्री देवी, जानकी देवी, रूपणी देवी व अन्य चुने गए। मुख्य अतिथि केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सभी नए सदस्यों को माला पहनकर स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड के सभी राजनीतिक दलों ने 24 वर्षों से राज्य को लूटने का काम किया। खास कर रामगढ़ विधानसभा में आजसू व कांग्रेस ने जनता को धोखा दिया है। पूर्व मंत्री व वर्तमान गिरीडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भू राजस्व मंत्री रहते हुए जल, जंगल, जमीन की लूट की है। वर्तमान राज्य सरकार झूठे वादे कर जनता को गुमराह किया है।

मवेशी लोड ट्रक धराया, पांच गिरफ्तार, गए जेल

चंदवारा । चंदवारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मवेशी लोड चौदह चक्का ट्रक को पकड़ा है। इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर थाना के पास वाहन जांच के दौरान उक्त ट्रक में 11 भैंस, पांच पाड़ा,सात गाय और चार बछड़ा को अवैध रूप से परिवहन करने के आरोप में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रक में क्षमता से अधिक मवेशी मिले हैं। मामले में मो. एकलाक खान,23 साल,पिता- स्व. उस्मान खान, उप चालक मो. रागीव खान,24 साल, पिता- मो. मोराज खान, उप चालक अहमद राजा, 28 साल, पिता मो. मुमताज, ग्राम मोनही, थाना बिक्रमगंज, जिला रोहतास, बिहार निवासी के नाम शामिल हैं।

न्यूज बॉक्स

सिमडेगा से खाटू श्याम धाम राजस्थान के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

सिमडेगा। श्याम मित्र मंडल सिमडेगा के तत्वाधान में रविवार को सिमडेगा से 50 से अधिक श्रद्धालुओं का टोली खाटू श्याम धाम राजस्थान के लिए रवाना हुए ।इस दौरान सबसे पहले सिमडेगा महावीर चौक स्थित मंदिर में महाआरती का आयोजन एवं प्रसाद वितरण किया गया ।जिसके बाद जय घोष करते हुए राजस्थान के लिए बस के माध्यम से रवाना हुए। जानकारी देते हुए धमार्थ समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष खाटू श्याम यात्रा के लिए सिमडेगा से श्रद्धालुओं की जत्था जाती है, और इस बार राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी है और मेले का आयोजन होता है जहां पर देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं ।ऐसे में सिमडेगा के लोग भी यहां से राजस्थान के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सुखद यात्रा एवं दर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रजापति कुम्हार महासंघ की हुई बैठक, होली मिलन पर हुई चर्चा

सिमडेगा। झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के बैठक रविवार को रामकृष्ण महतो की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में मुख्य रूप से सुबोध महतो, जिला संरक्षक रमेश महतो उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सलडेगा में सामाजिक होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया जिसमे जिले के समानित बुद्धिजीवी एवम सामाजिक मंच उपस्थित होंगे तथा जिलासम्मेलन को भी बहुत धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से घनश्याम महतो ,गणेश महतो ,सुकरा महतो प्रेमजीत महतो, महेश महतो , रंजीत महतो, कर्मचन्द महतो, आनद महतो ,राजकुमार सिकंदर, नंदलाल, रानी देवी ,पुष्पा ,प्रभावती ,मिनोती ,उषा रानी, रीना, बिंदेसवरी सुनीता ,जसमती, ललिता ,सुगनती ,बिमला ,अनिता गीता देवी शामिल थे।

विधायक प्रतिनिधि व प्रखंड प्रमुख ने हाथी पीड़ित लोगों के बीच बांटे राशन

ठेठईटांगर। दुमकी ढोडीबहार एव छूरिया गांव का भ्रमन कर हाथी पीड़ित परिवार के बीच विधायक प्रतिनिधि एवं प्रमुख ने बांटे राशन ।ठेठईटांगर प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ घर में रखा हुआ धान को जमकर नुकसान पहुंचा रहा है। जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी मिलते ही क्षेत्र के प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एव प्रखंड प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने दुमकी पंचायत के ढोडीबहार एव छूरिया गांव का भ्रमण कर रविवार को हाथी पीड़ित परिवार सूजन लुगुन , सिलधर मांझी से मुलाकात कर 25-25 किलो चावल दिया साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। प्रमुख ने कहा कि जो समस्या है वह हांथी और इंसान के बीच की लड़ाई नही है बल्कि यह लड़ाई पेट की है ।आज जंगलों में हांथियों के खाने का पेड़ पौधे वा भोजन न होने के कारण वह इंसानों के घर में धान आदि खाने के लिए गाव घर में हमला कर रहे हैं। जल्द हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर उन्होंने कहा कि विभाग को सूचना देते हुए क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाया जाएगा।

प्रभु श्री श्याम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई पलक पांवड़े बिछा भक्तों ने किया स्वागत

हजारीबाग। फागुन महीने में प्रभु श्री श्याम की आराधना देश भर में की जाती है।यहां तक कि विदेश में रहने वाले श्याम प्रेमी भी बाबा की आराधना में आतुर नजर आते हैं।श्याम भक्त परिवार हजारीबाग के द्वारा भी शहर में दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा एवं फाल्गुन कीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। रविवार को मालवीय मार्ग स्थित राणी? सती मंदिर परिसर से भव्य निशान ध्वज शोभायात्रा निकाली गई, इसके पूर्व मंदिर परिसर में श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में मुख्य यजमान के रूप में टोडलमल खण्डेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी बीणा खण्डेलवाल ने प्रभु श्याम की पूजा अर्चना की। पूजा मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा कराया गया। शोभायात्रा में आगे आगे ढोल नगाड़े ,उसके पीछे बाबा श्याम का आकर्षक दरबार श्याम प्रेमियों को अपनी और आकर्षित कर रहा था। जिसके पीछे महिलाएं एवं पुरुष रंगीला निशान हाथों में लेकर प्रभु श्री श्याम का गुणगान करते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए।शोभायात्रा में करीब 500 से भी अधिक श्याम प्रेमी शामिल थे। शोभायात्रा में भक्त बाबा श्याम का नृत्य करते हुए नजर आ रहे थे।

भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन कल

हजारीबाग। होली को आओ त्योहार हर तरफ उड़े अबीर और गुलाल इस दिन का सभी को खास इंतजार रहता है। इस दिन को और भी यादगार बनाने के लिए हजारीबाग शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा 19 मार्च को स्टेशन क्लब के प्रांगण में सुबह 11:00 बजे से 3:00 बजे तक भव्य होली मिलन समारोह 2024 का आयोजन किया गया है। इस भव्य आयोजन में मशहूर भोजपुरी और नागपुरी कलाकार के साथ रंगारंग होली कार्यक्रम होगा जिसमें राष्ट्रीय कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार अपनी मनमोहक गीत से लोगों को अपनी और आकर्षित करेंगे। कलाकारों में निशा उपाध्याय राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है, इनके साथ सुधीर पांडे,मनिता श्री एवं सतीश दास शामिल है, इसके अलावा हजारीबाग के स्थानीय कलाकार भी अपनी कई प्रस्तुति देंगे। वृंदावन की होली के तर्ज पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

एक नजर

कार में मिले 1.25 लाख रुपये, जब्त

धनबाद : लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही धनबाद पूलिस ने जांच अभियान तेज कर दिया हैं। मैथन ओपी पुलिस ने रविवार को झारखंड-पश्चिम बंगाल की सीमा पर वाहन चेंकिग के दौरान झारखंड में प्रवेश करती हूई एक इनोवा कार से 1.25 लाख जब्त किया हैं। मैथन ओपी प्रभारी अमन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीमा पर वाहनों का गहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में झारखंड से बंगाल या उधर से झारखंड की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को रोककर बारीकी से जांच की जा रही है। इनोवा कार से जब्त राशि की जांच-पड़ताल की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।पश्चिम बंगाल के नियामतपुर के रहने वाले कार मालिक विवेक अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने शनिवार को बैंक से रुपए निकाले थे। काम में व्यस्तता की वजह से घर में रखना भूल गया और अचानक चिरकुंडा आना पड़ा। पैसे कार में ही रखे थे। ज्ञात हो कि 14 मार्च को भी जांच के दौरान पुलिस ने एक हुंडई कार से 10 लाख रुपये जब्त किए थे।

पुंज सिंह फरार झारखंड से बिहार तक ईडी की दबिश

धनबाद। बालू व शराब कारोबारी पुंज सिंह की गिरफ्तारी के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सुबह उसके धनबाद, झरिया व बिहार के आरा कोइलवर स्थित आवास पर एक साथ छापेमारी की। ईडी की कई टीम इस छापेमारी में शामिल थी, लेकिन पुंज सिंह पकड़ा नहीं जा सका।बिहार के चर्चित बालू घोटाले में धनबाद में ईडी की यह चौथी छापेमारी है। ईडी की टीम पुंज सिंह के कासा सेलेट मेमको मोड़ स्थित आवास और झरिया हेटलीबांध स्थित उसके भाई सतेंद्र सिंह के आवास पर सुबह करीब छह बजे छापेमारी शुरू की। देर शाम तक छापेमारी चली।ईडी को उसके घर से कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं। छापेमारी में केंद्रीय सुरक्षा बल को रखा गया था। किसी को भी आवास से बाहर जाने की इजाजत नहीं थी। ईडी की टीम ने हेटलीबांध आवास में घुसते ही घर में मौजूद सभी लोगों का मोबाइल जब्त कर लिया। परिवार के लोगों से पुंज सिंह के बारे में जानकारी ली। परिवार के लोग वह कहां है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके। पुजारी से चाबी लेकर ईडी ने खोला दरवाजा।

सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल

घाटशिला : घाटशिला थाना क्षेत्र के फूलडूंगरी चौक के समीप रविवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर दी। इससे एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया।अस्पताल में चिकित्सक डॉ मोगली मुर्मू ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महिला शिवानी महतो (40) को जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया।घटना के संबंध में चाकुलिया थाना क्षेत्र निवासी बाइक चालक घायल राजू महतो ने बताया कि वे श्रद्धाकर्म में शामिल होने के लिए सपरिवार गालूडीह आए थे।

आदित्यपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में दिखा तेंदुआ

गम्हरिया (सरायकेला): झारखंड के सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल एरिया) के आरएसबी प्लांट-एक में रविवार को तेंदुआ दिखा। इससे कामगारों के बीच अफरा-तफरी मच गयी. इसमें कर्मचारी सौरव मिश्रा घायल हो गए। आदित्यपुर के शिवा नर्सिंग होम में उनका इलाज चल रहा है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गयी। खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कामगारों को वहां से बाहर निकाला गया। इसके बाद वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में जुटी है।

मातृ शिशु अस्पताल में अनियमितता चरम पर : युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

सदर प्रखंड के चैताडीह स्थित मातृशिशु सदर अस्पताल में कई गर्भवती महिला के इलाज में लापरवाही और अनदेखी किए जाने की शिकायत पर गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो. हसनैन अली अस्पताल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कोई भी ऑन ड्यूटी डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहने से भड़क उठे और अस्पताल कर्मियों पर अव्यवस्था और मनमानी को लेकर जमकर फटकार लगाई और गिरिडीह के सीएस को फोन कर मामले से अवगत कराया गया, साथ ही शीघ्र ही व्यवस्था में बदलाव लाने की बात कही गई अन्यथा स्वास्थ्य मंत्री तक उक्त मामले को लेकर लिखित रूप में शिकायत करने की बात कही गई । मौके पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि सुबह से ही मरीजों के द्वारा लगातार मिल रहे

मरीजों द्वारा मिली थी शिकायत

निरीक्षण के दौरान नहीं मिले ऑन ड्यूटी डॉक्टर

शिकायत के बाद चैताडीह के मातृशिशु सदर अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया और इस दौरान ऑन ड्यूटी डॉक्टर मेघा शर्मा जिनका अस्पताल के शेड्यूल में दोपहर 3:00 बजे से लेकर रात 9:00 बजे तक ड्यूटी थी पर मेरे पहुंचने के एक घंटे तक कोई डॉक्टर वहां मौजूद नहीं था। ऐसी स्थिति में माना जा सकता है कि सरकारी अस्पताल में मरीजों के साथ किया जा रहा यह बर्ताव कहीं से बर्दाश्त नहीं है क्योंकि इस तरह के अस्पतालों को सरकार ने आम जनता, गरीब, मजदूर, किसान के परिवार के लोगों के लिए मुफ्त चिकित्सा देने के लिए बनाया है पर कुछ निजी अस्पतालों और ऐसे सरकारी अस्पताल के कर्मियों एवं सहिया के मिली भगत से सरकारी अस्पताल में मरीज के परिजनों को इतना डरा दिया जाता है और इतना अनदेखी किया जाता है कि वह लोग वैसे स्थिति में कुछ बिचौलियों के बहकावे में आकर निजी अस्पताल भेज दिया जाता है जहां उनसे एक मोटी रकम ली जाती है मैंने इस मामले से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया है और शीघ्र ही जिला में स्वास्थ्य विभाग में हो रही गड़बड़ी के लिए संबंधित पदाधिकारी और इस तरह के मामले में संलिप्त अस्पताल कर्मियों पर कार्रवाई कराई जाएगी। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला महासचिव बंटी अली, रोहित कुमार, जिला सचिव मो. इमरान , शाहरुख खान, विजय मुर्मू, छोटू खान, सूरज दास समय समेत अन्य कोई मरीज के परिजन मौजूद थे।

हिंदू स्वाभिमान की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा जरूरी : अंबरीश सिंह

नवीन मेल संवाददाता। देवघर

विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यसमिति की बैठक देवघर के नंदन पहाड़ स्थित सेवा धाम परिसर में रविवार को सम्पन्न हुई। विहिप के केंद्रीय मंत्री और विशेष संपर्क केंद्रीय प्रमुख अम्बरीश सिंह ने कहा कि संगठन के 60 वर्ष पूर्ण होने पर विगत वर्षों के कार्यों की समीक्षा के साथ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदू समाज की परिस्थितियों का आकलन करते हुए उसके निराकरण के उपाय की योजना बनाई जा रही है।

अम्बरीश ने कहा कि कई दशकों तक मुस्लिम आक्रांताओं के अत्याचार के बाद भी हिंदू भावना को नहीं बदला नहीं जा सका। हिंदू समाज का संकल्प था कि श्रीरामलला का मंदिर उनके जन्म स्थल पर ही बनायेगें, वह संकल्प 22 जनवरी को पूर्ण हो गया। उन्होंने कहा कि हमारे हजारों मानबिंदुओं एवं प्रतीक चिन्हों को नष्ट करने का दुस्साहस किया गया था लेकिन आज परिस्थिति बदली

है। हमारे गो, गंगा, वेद, संस्कृत, मठ, मंदिर, तीर्थ को पूर्वजों ने आस्था का केंद्र बनाए रखा, इसका परिणाम है कि हम सुरक्षित है। साथ ही कहा कि हिंदू के स्वाभिमान के पुनर्प्रतिष्ठा के लिए मन्दिर के पुनर्प्रतिष्ठा जरूरी है।

बैठक में प्रांत, विभाग और जिला में नवीन दायित्व की घोषणा की गई। कृष्ण कुमार झा को प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख, देवेन्द्र गुप्ता मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख, मनोज पाण्डेय को मंदिर अर्चक पुरोहित सहप्रमुख, प्रिंस आजमानी को विशेष संपर्क सहप्रमुख, बलदेवाचार्य को सत्संग प्रांत टोली सदस्य, रामप्रताप सिंह को सत्संग प्रांत टोली सदस्य, राजकिशोर को प्रांत कार्य समिति सदस्य, रंजन कुमार सिन्हा को प्रांत सत्संग प्रमुख का नवीन दायित्व दिया गया।

इनके अलावा शशि शर्मा को मातृशक्ति विभाग बाल संस्कार केंद्र प्रांत प्रमुख, डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव को मातृशक्ति प्रांत सेवा प्रमुख, कुंती भारती को मातृशक्ति सत्संग प्रमुख, जनार्दन पांडेय को सिंहभूम विभाग सहमंत्री, हरेराम ओझा को सिंहभूम विभाग विशेष संपर्क प्रमुख, अरुण सिंह को सिंहभूम विभाग सेवा प्रमुख, रविशंकर राय को रांची विभाग सहमंत्री सहित सभी जिलों के 149 कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व दिया गया।

निर्माणाधीन एनएच 32 पर थम गए वाहनों के पहिए

नवीन मेल संवाददाता। चांडिल

नीमडीह प्रखंड के जामडीह के पास एनएच 32 पर शाम से वाहनों का जाम लगा हुआ है। कीचड़ में वाहन फंसते गए और सड़क पर वाहनों का जाम भी लंबा होता गया। इस तरह लगभग 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। चांडिल गोलचक्कर से नीमडीह प्रखंड के जामडीह तक राष्ट्रीय राजमार्ग 32 की मरम्मत का काम चल रहा है। इसी क्रम में जामडीह गांव के पास संवेदक द्वारा सड़क पर मिट्टी डालने के कारण शनिवार शाम हुई बारिश से सड़क कीचड़ से सन गया। इसके कारण शनिवार की शाम करीब पांच बजे से उक्त सड़क पर वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। वाहनों का परिचालन बंद होने के कारण सड़क के दोनों तरफ कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान उक्त सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रविवार की दोपहर सड़क पर कीचड़ में तब्दील मिट्टी को हटाकर सड़क को वाहनों के चलने लायक करने का प्रयास किया गया। एनएच

32 पर रविवार को दोपहर बाद रेंगते हुए वाहन चल रहे थे। सड़क से कीचड़ हटाने के बाद वाहनों का चलना शुरू हुआ, लेकिन सड़क पर फिसलन रहने और गड्ढा रहने के कारण वाहनों का चलना दुभर हो रहा है। वैसे 20 घंटे से अधिक समय तक वाहनों का परिचालन बंद रहने के कारण सड़क पर वाहनों की लगी कतार लग चुकी है। जामडीह गांव के वार्ड सदस्य सुशीला सिंह ने बताया कि इस व्यस्ततम सड़क पर दिन-रात वाहनों का आवागमन होता है। लेकिन सड़क मरम्मत के नाम पर सिर्फ लीपापोती किया जा रहा है। विदित हो कि यह सड़क झारखंड और पश्चिम बंगाल के कई औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। इसके बाबजूद सड़क मरम्मत के काम में शिथिलता बरती जा रही है।

परीक्षा देकर निकल रहे छात्र पर गिरा छज्जा, एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिले के झरिया के के सी गर्ल्स हाई स्कूल में छज्जा गिरने से एक छात्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दरवाजे का छज्जा गिरने से शनिवार एक बजे परीक्षा देकर बाहर निकल रहे छात्र प्रिंस कुमार साव (16 वर्ष) की मौत हो गयी। परीक्षा खत्म होते ही हंगामा मच गया। घटना के बाद परिजनों ने स्कूल में काफी हंगामा किया। मुआवजा व नियोजन की मांग को लेकर शव को रख कर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस के अलावा अन्य अधिकारी जमे रहे। पिता प्रदीप साव ने झरिया थाना में शिकायत देकर घटना के लिए जिम्मेवार स्कूल प्रबंधन व शिक्षा विभाग पर कार्रवाई की मांग की है।

घटना को लेकर बताया जा रहा है कि राजा तालाब के समीप रहने वाले टेंपो चालक प्रदीप साव का बेटा प्रिंस कुमार साव (16) आठवी बोर्ड की परीक्षा देने के लिए केसी गर्ल्स स्कूल गया था। वह

डीएवी मध्य विद्यालय झरिया का छात्र था। करीब एक बजे परीक्षा खत्म होने पर वह स्कूल से बाहर निकल रहा था, तभी अचानक मुख्य गेट के ऊपर का छज्जा उस पर गिर गया। उससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन व आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे निजी अस्पतालों में ले गये। लेकिन किसी ने भर्ती नहीं लिया। एक घंटे बाद उसे धनबाद जालान हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

मोटर व्हीकल एक्ट को समझने की जरूरत है : जस्टिस रोशन

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा

जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में एकदिवसीय जिला स्तरीय मोटर एक्सिडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर कार्यशाला का आयोजन वन प्रशिक्षण विद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ।कार्यशाला में पीड़ित परिवार को ससमय और उचित मुआवजा दिलाने के प्रावधानों के सरलीकरण पर विशेष रूप से चर्चा हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रोशन ने कहा कि मोटर व्हीकल से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझने का यह महत्त्वपूर्ण अवसर है। कार्यशाला के माध्यम से हितधारक अपने जानकारी में वृद्धि कर समाज को और बेहतर योगदान दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला

विधिक सेवा प्राधिकार विश्वनाथ शुक्ल ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्सीडेंट से जुड़े क्लेम के मामले में कानून का पालन होना बेहद आवश्यक है। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर दंड का प्रावधान है। ऐसी बहुत सारी बातें हैं जिनको ध्यान रखकर ऐसे मामले को कम किया जा सकता है। लोगों को आयुक्त हरि केसरी, डीआईजी मनोज रतन चौथे और सचिव, जिला बार एसोसिएशन अगस्टिन कुल्लू ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने उपस्थित लोगों को मोटर दुर्घटना क्लेम से संबंधित सूक्ष्म बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।उन्होंने दुर्घटना के शिकार परिवार वालों को ससमय और उचित मुआवजा के भुगतान में आने वाले प्रावधानों के अड़चनों और उसे दूर करने के उपाय बताया। साथ ही मोटर दुर्घटना कानून में 2022 में हुए संशोधनों का उल्लेख करते हुए कहा की सड़क दुर्घटना के मामले में 30 दिनों के अंदर पुलिस को इससे संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है।

कोदईबांक डैम में डूबे शोभन टुडू का शव पांचवें दिन बरामद

- डैम में बीते बुधवार की शाम डूब गया था शोभन
- दो दिन तक एनडीआरएफ की टीम ने काफी की मशक्कत, रविवार को डैम में तैरता मिला शव

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

तिसरी के कोदईबांक डैम में बीते बुधवार की शाम डूबे शोभन टुडू का शव घटना के पांचवें दिन रविवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया है। घटना के पांचवे दिन सुबह स्थानीय लोगों ने डैम में शव को तैरता देखा। जिसकी सूचना तिसरी पुलिस को दी गई।जिसके बाद बीडीओ मनीष कुमार और थाना प्रभारी संजय नायक एनडीआरएफ टीम के साथ डैम पहुंचे। जहाँ बोट की मदद से एनडीआरएफ के जवानों ने पानी

में तैरते शव को डैम से बाहर निकाला। जिसके बाद शोभन की पत्नी, पुत्री व परिवार के अन्य सदस्य दहाड़े मारकर रोने लगे। वहीं टीम ने शव को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद पुलिस और परिजन थाने गए। जहाँ पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई है। विदित हो कि बीते बुधवार की शाम कोदईबांक निवासी 50 वर्षीय शोभन टुडू मछआरे की बात पर मछली पकड़ने के लिए जाल लगाने डैम में उतरा था। जाल लगाने के क्रम में ही वह गहरे पानी में समा गया था। जिसके बाद तिसरी पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद से उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ की टीम को बुलवाया गया। जहाँ शुक्रवार और शनिवार को इंस्पेक्टर भूपेश झा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की 14 सदस्यीय टीम 2 बोट,2 गोताखोर व अन्य उपकरणों के सहारे डैम में शव को ढूंढती रही लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। जिसके बाद रविवार की सुबह लोगों की नजर डैम में तैरते शव पर पड़ी। जिसके बाद शव को बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर भूपेश झा ने कहा कि पिछले दो दिनों के सर्च एंड रेस्क्यूऑपरेशन के बाद आज सुबह डैम से शव को बरामद कर लिया गया है। कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से पिछले दो दिनों से पुरे डैम की तफ़्तीश की गई जिसके बाद आज तीसरे दिन शव को बरामद कर पुलिस को सौंप दिया गया। मौके पर भाजपा नेता सुनील साव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल,सोनू हेंब्रम, डब्लू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि उमर फारूख समेत काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी थी।

तालाब में डूबने से हुई दो बच्चों की मौत

गिरिडीह। जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के माथाडीह गांव में दो चचेरे भाइयों 10 वर्षीय मुकेश पंडित और 5 वर्षीय पियुश पंडित की तालाब में नहाने के दौरान हुई मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम सात बजे घर से दोनों बच्चे नहाने के लिए घर के बगल में स्थित कदमा आहर में नहाने गए हुए थे। इस दौरान दोनों डूब गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। दोनों माइंड स्पेस पब्लिक स्कूल देवपूर के छात्र थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह लाया गया है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

न्यूज बॉक्स

राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गिरिडीह। राज्य सभा सांसद ड्रा सरफराज अहमद रविवार गांडेय प्रखंड में विभिन्न पंचायतों का दौरा किया इस दौरान पूरे क्षेत्र में कार्यकर्ताओ द्वारा उनका भाव स्वागत किया गया इस क्रम में महेशमुंडा ,गांडेय, गिरनिया मोड,अहिलियापुर, बांकिक्ला, बुधुडीह,का दौरा किया कार्यकर्ताओ ने जगह जगह पर सांसद का स्वागत फूल माला और बुके देकर स्वागत किया।

तीन बाइक एवं ऑटो सहित एक गिरफ्तार

धनबाद। वाहन चोरी मामले में रविवार को धनबाद के निरसा थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत माणिक बाखला के नेतृत्व में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। वार्ता में एसडीपीओ ने बताया की पिछले दिनों चोरी हुए मोटरसाइकिल मामले में पुलिस टीम द्वारा मामले का उद्भेदन करते हुए मामले के मुख्य अभियुक्त मोहित कुमार रजक की गिरफ्तारी की गई तथा तीन बाइक समेत एक टेंपो भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि एसएसपी धनबाद के निर्देश पर एक टीम का गठन कर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह की पड़ताल शुरू की गई। इस दौरान गोविंदपुर निवासी मोहित कुमार रजक को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर दो चोरी की मोटरसाइकिल और एक टेंपो बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस बरामदगी में दो चोरी के मोटरसाइकिल सहित एक मोटरसाइकिल जो मोहित कुमार की निजी बाइक है, जिससे वह चोरी की घटना को अंजाम देता था शामिल है। इसके साथ ही एक पियाजियो का टेंपो तथा एक ओप्पो का मोबाइल भी बरामद किया गया है । पुलिस ने गिरफ्तार अभियूक्त पर मामला दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया।

उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने रविवार को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के डीएवी स्कूल कोयला नगर एवं बीएसएस गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। धनबाद जिले के 65 परीक्षा केंद्र में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता-2023 संचालित की गई है। परीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विधि व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने क्लास रूम और सीसीटीवी कंट्रोल रूम समेत अन्य स्थानों की जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

गेट परीक्षा में बागबेड़ा की निधि कुमारी को 697वां रैंक

जमशेदपुर । इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की ओर से आयोजित गेट परीक्षा-2024 का परिणाम जारी कर दिया गया है। इस परीका में जमशेदपुर की निधि कुमारी ने देश भर में 697वां रैंक हासिल किया है। उसने यह रैंक मानविकी और सामाजिक विज्ञान की अंग्रेजी शाखा से उत्तीर्ण की है। निधि कुमारी ने कुछ दिनों पहले ही यूजीसी नेट परीक्षा में भी उत्कृष्ट अंको के साथ सफलता हासिल की है। वह पूर्व में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की विद्यार्थी रही है। विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर सत्र 2021-23 की छात्रा निधि कुमारी अपने स्ट्रीम में सेकेंड टॉपर रही हैं। उनका का कहना है गुरुजनों, माता-पिता के आशीर्वाद एवं सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान व पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगी। जमशेदपुर के बागबेड़ा स्थित गणेश नगर निवासी निधि के पिता शशिकांत मिश्रा ट्रांसपोर्ट व्यवसायी एवं मां गृहणी हैं।

आदिवासी कल्याण केंद्र में धूमधाम से मना मागे पर्व

किरीबुरू : मेघाहातुबुरु स्थित आदिवासी कल्याण केंद्र के तत्वाधान रविवार को मागे पर्व का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ सुबह जाते/ओतेईलि के बाद झंडोत्तोलन कर किया गया। दोपहर में दिऊरियों का स्नान एवं गृह पूजा के बाद शाम को समाज के लोगों ने दिऊरियों के साथ जाहेरा स्थान (देशाउली) जाकर पूजा-अर्चना की। देशाउली से सभी आदिवासी कल्याण केन्द्र पहुंचे, जहां पुनः दिऊरियों का पैर पूजन किया गया। इसके बाद सभी ने नगाड़ा, मांदर व अन्य पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ सामूहिक रूप से पारम्परिक नृत्य-गान किया।अगले दिन सोमवार को सुबह 8:00 बजे केन्द्र के प्रांगण में दिऊरियों का सम्मान किया जायेगा। साथ ही बाहा पर्व की तिथि निर्धारण तथा दोपहर 12:00 से 2:30 तक लेटो/खिचड़ी वितरण तथा शाम 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक सामूहिक नृत्य-गान का कार्यक्रम होगा। इस दौरान महाप्रबंधक सुकरा हो, दिऊरी संजय हेस्सा, जयराम पाट पिंगुआ, सेलाय हेस्सा, धनुर्जय लागुरी, रोया राम चांपिया, बीरबल गुड़िया, निर्मल पूर्ति, जगन्नाथ चातर, संदीप तीयु, अमर सिंह सुंडी, , सुशीला सिंकू, चन्द्रावती कालुंडिया, तुलसी चातर समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

सोलर जलमीनार खराब होने से ग्रामीण हैं परेशान

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड की पाथरा पंचायत अंतर्गत भालुकखुलिया गांव स्थित शीतल हेम्ब्रम के घर के समीप लगा सोलर जलमीनार पिछले छह महीनों से खराब है। इस वजह से गांव में पेयजल व्यवस्था बदहाल है। यहां पेयजल समस्या के चलते लोगों को पेयजल के लिए भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। भालुकखुलिया के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले छह महीनों से सोलर जलमीनार बंद होने के कारण गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। इससे ग्रामीणों में रोष है। फिलहाल ग्रामीण गांव से करीब 600 मीटर दूर एक निजी व्यक्ति के समरसेबल पंप से पानी ले आकर प्यास बुझाते रहे हैं। गांव से एक किलोमीटर दूर छोटा तालाब में नहाने को विवश हैं। इसकी जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य फूलमनी मुर्मू ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही जलमीनार को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना है, जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं : अज्ञात

राजनीतिक फंडिंग और कॉरपोरेट्स

चुनाव कहीं भी हों प्रचार से लेकर बूथ मैनेजमेंट तक मतदाताओं तक पहुंचने, उन्हें अपनी नीतियों के बारे में बताने तथा लोगों का इनपुट पाने के लिए धन की जरूरत होती है। ऐसा करने के लिए विभिन्न देशों के राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग का सहारा लेते हैं। राजनीतिक दलों को कई चैनलों के माध्यम से फंडिंग मिल सकती है- व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स द्वारा स्वैच्छिक योगदान से, सदस्यता अभियान के जरिये या राज्य फंडिंग के माध्यम से। रास्ते बहुत हैं, जिनमें मीडिया कवरेज, राजनीतिक दलों के लिए स्थान और अन्य संसाधनों का उपयोग के रूप में योगदान भी शामिल हैं।फंडिंग का एक रूप जो राजनीतिक दलों के खजाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है, वह विभिन्न रूपों में कॉरपोरेट दान है। दुनिया भर में राजनीतिक दलों को मिलने वाले कॉरपोरेट दान को लेकर एक डर यह है कि ऐसे दानों से सरकारों के निर्णय लेने की प्रक्रिया न प्रभावित हो। चाहे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा या कई अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाएं हों, कॉरपोरेट दान सामान्य बात है, ठीक उसी तरह, जैसे सदस्यता शुल्क या अन्य रूपों में व्यक्तिगत चंदा लिया जाता है।लगभग हरेक देश में कानून द्वारा एक रूपरेखा तैयार की गई है, जिसके जरिये राजनीतिक दल चुनाव अभियान पर खर्च करने के लिए धन स्वीकार करते हैं। और इसकी एक सीमा होती है कि किस चुनाव में प्रत्याशी और राजनीतिक दल कितना खर्च कर सकते हैं। कई कॉरपोरेट अपने देशों में चुनिंदा या कई राजनीतिक दलों का समर्थन करते हैं, ताकि पार्टी की नीतियों के प्रति एकजुटता का संकेत दिया जा सके या किसी भी चुनाव परिणाम के साथ अपने हितों की रक्षा की जा सके। लेकिन इसमें कॉरपोरेट की भूमिका संदिग्ध हो जाती है, क्योंकि अक्सर कॉरपोरेट दान कुछ शर्तों के साथ मिलता है। अक्सर फंडिग की स्थिति स्पष्ट नहीं होती, बल्कि इसमें निहित स्वार्थ छिपे होते हैं। उदाहरण के लिए, 14 अप्रैल, 2021 को जॉर्जिया में प्रतिबंधात्मक रिपब्लिकन प्रायोजित मतदान कानून के जवाब में गूगल के सीईओ ने 200 अन्य सीईओ के साथ मिलकर द न्यूयॉर्क टाइम्स और द वाशिंगटन पोस्ट में एक खुला पत्र प्रकाशित करवा कर ऐसे 'किसी भी भेदभावपूर्ण कानून' का विरोध किया, जिससे अमेरिकियों के लिए मतदान करना और मुश्किल हो जाएगा।लेकिन एक दिक्कत थी-गूगल ने चुपचाप रिपब्लिकन स्टेट लीडरशिप कमिटी, एक ऐसा संगठन, जो जॉर्जिया कानून और इसी तरह के अन्य राज्यों के कानून का समर्थन करता है, के साथ 'चुनावी अखंडता' पर एक 'नीति कार्य समूह' को वित्त पोषित किया था। ब्रिटेन में पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन कॉरपोरेट फंडिंग के लिए आलोचनाओं के घेरे में आ गए, जिन्होंने दानदाता के पक्ष में नीतिगत समर्थन दिया था। वर्षों से, कई प्रमुख व्यवसायी राजनीतिक दलों के साथ लॉबिंग करते रहे हैं और जनादेश तथा नीति-निर्माण को प्रभावित करने के लिए फंड देते रहे हैं। अब राजनीतिक दलों से दूरी बनाए रखने के लिए कॉरपोरेट्स ने चुनावी ट्रस्टों के जरिये फंडिंग का रास्ता ढूंढ लिया है। ये मूल रूप से कंपनियों द्वारा स्थापित ट्रस्ट हैं, जिनका उद्देश्य अन्य कंपनियों और व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है। चूंकि ट्रस्टों द्वारा संग्रहीत धन को इकट्ठा किया जाता है, तो कोई आसानी से नहीं जान सकता कि किस कॉरपोरेट ने ट्रस्ट को धन दिया है और ट्रस्ट किसी राजनीतिक दल को कैसे वित्त पोषित करेगा।भारत में राजनीतिक फंडिंग और चुनाव कराने की लागत में उन दिनों की तुलना में बदलाव देखा गया है, जब चुनावी खर्च की कोई सीमा नहीं थी और न ही धन संग्रह के लिए कोई स्पष्ट तंत्र था। दान अधिकतर नकदी में होता था, जिसका मतलब था कि स्रोत का आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता था और यह एक समानांतर काली अर्थव्यवस्था का भी समर्थन करता था। अन्य देशों की तरह हमने भी चुनावों पर खर्च करने के अपने तरीके बदल दिए हैं। राजनीतिक दलों को अपनी पारदर्शिता में सुधार करने के लिए कहा गया और बड़े नकदी दान को प्रतिबंधित कर दिया गया। निस्संदेह, नियमों से बचने के कई तरीके हैं और पार्टियां चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक खर्च करती हैं। इसके अलावा, राजनीतिक दलों द्वारा परोक्ष रूप से लाभ का वादा करके दान मांगने का मामला भी सामने आया। कई मायनों में, कॉरपोरेट घरानों को अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए अग्रणी पार्टियों को दान देने के लिए मजबूर किया गया।कॉरपोरेट घरानों की इस परेशानी को दूर करने के लिए भारत सरकार ने चुनावी बॉन्ड की शुरूआत की, यह एक ऐसा रास्ता है, जिसमें दानकर्ता के विवरण सार्वजनिक निगरानी के लिए उपलब्ध नहीं होते। पहली नजर में यह एक बहुत अच्छा कदम था, जिसने दानकताओं के ब्योरे की रक्षा की। साथ ही इसने दानदाता और उससे लाभ लेने वाले राजनीतिक दल के बीच हुई मिलीभगत को भी छिपाया। यदि वह खुलापन बुरा था कि किस कॉरपोरेट ने किस पार्टी का समर्थन किया, तो अब सूचनाओं की यह गोपनीयता कि किस कॉरपोरेट ने किस पार्टी को फंड दिया और बदले में उससे क्या लाभ पाया, ने राजनीतिक दलों की कॉरपोरेट फंडिंग पर अंकुश लगाने की इस पूरी कवायद को पराजित कर दिया है।

इन दिनों

जनजातीय क्षेत्रीय भाषाओं के उत्थान की दिशा में भागीरथ प्रयास

विश्व विद्यालय से कला में स्नातकोत्तर (हिन्दी), करने के उपरांत 'डेक्कन कॉलेज पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' पूना से वर्ष 1955-58 में 'भाषा विज्ञान फेलोशिप' पूरा किया। तत्पश्चात उन्हें साहित्य रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया गया। इन्होंने बिहार राज्य के अन्तर्गत राँची स्थित 'जनजातीय शोध संस्थान' के भाषा-विज्ञान विभाग में वर्ष 1958 में बतौर सहायक निदेशक पदस्थापित हुईं। यह राष्ट्रीय स्तर के कई संस्थाओं से बतौर सदस्य के रूप में जुड़ी रहीं। जब 70 के दशक में बिहार सरकार द्वारा पहली बार राँची में अनुसूचित जनजाति के पुरुष तथा महिला वर्ग के पढ़े-लिखे लोगों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तयार करने हेतु प्रशिक्षण केंद्र खोला गया तब श्रीमती प्रसाद को ही प्रभारी बनाया गया। 80 दशक के मध्य में राष्ट्रीय स्तर के पहले जनजातीय प्रदर्शनी की पूरे प्रबंधन की ज़िम्मेवारी इन्हें दी गई। इस आदिवासी मेले को मोराबादी मैदान में प्रदर्शित किया गया था जिसमें देश के अन्य राज्यों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें प्रदाशनियों के अलावा छेत्रीय आदिवासी लोक-संगीत एवं नाच गानों का भी मंचन किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसके सफल आयोजन के लिए श्रीमती प्रसाद की प्रशंसा की। इनके द्वारा राँची रेडियो स्टेशन द्वारा प्रासंगिक विषयों पर इनके अनगिनत प्रसारण हो चुके हैं। साथ ही अनेकों लेख प्रमुख पत्रिकाओं में छपे हैं। इन्होंने आदिवासी भाषा के एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू पर कार्य किया है। जो कि छोटनागपुर (झारखंड) छेत्र में विभिन्न जनजातीय समूहों की बोलचाल की भाषा के बारे में है, इन जनजातीय भाषाओं की कोई लिपि नहीं है, अतः इनको लिखा नहीं जा सकता था। उन्होंने इन जनजातीय भाषाओं को पहली बार लिपिबद्ध करने का अत्यंत सराहनीय कार्य किया। यह उल्लेखनीय है कि भाषाविद् स्वर्णलता प्रसाद ने छोटानागपुर (अब झारखंड) की सभी आदिवासी भाषाओं का उनकी बोलियों के आधार पर शब्दकोश बनाने में पहली बार अग्रणी काम किया है, जो

जब 70 के दशक में बिहार सरकार द्वारा पहली बार राँची में अनुसूचित जनजाति के पुरुष तथा महिला वर्ग के पढ़े-लिखे लोगों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तयार करने हेतु प्रशिक्षण केंद्र खोला गया तब श्रीमती प्रसाद को ही प्रभारी बनाया गया। 80 दशक के मध्य में राष्ट्रीय स्तर के पहले जनजातीय प्रदर्शनी की पूरे प्रबंधन की ज़िम्मेवारी इन्हें दी गई। इस आदिवासी मेले को मोराबादी मैदान में प्रदर्शित किया गया था जिसमें देश के अन्य राज्यों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें प्रदाशनियों के अलावा छेत्रीय आदिवासी लोक-संगीत एवं नाच गानों का भी मंचन किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसके सफल आयोजन के लिए श्रीमती प्रसाद की प्रशंसा की। इनके द्वारा राँची रेडियो स्टेशन द्वारा प्रासंगिक विषयों पर इनके अनगिनत प्रसारण हो

1. मुंडारी - हिन्दी शब्दकोश
2. हिन्दी - मुंडारी शब्दकोश
3. कुरूख - हिन्दी शब्दकोश
4. हिन्दी - कुरूख शब्दकोश
5. सन्थाली - हिन्दी शब्दकोश
6. हिन्दी - संथाली शब्दकोश
7. खरिया वातार्लाप निर्देशिका
8. कोरवा वातार्लाप निर्देशिका
9. बिरहोर वातार्लाप निर्देशिका
10. माल्टो वातार्लाप निर्देशिका
11. भूमिज वातार्लाप निर्देशिका
12. नागपुरी वातार्लाप निर्देशिका
13. मुंडारी वातार्लाप निर्देशिका
14. हो वातार्लाप निर्देशिका
15. खरिया वातार्लाप निर्देशिका

द्विभाषीय हैं। उनके द्वारा सभी अग्रणी कार्य सर्वप्रथम बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित की गई। तत्पश्चात, झारखंड राज्य बनने के उपरांत इन सभी का पुर्नमुद्रण झारखंड सरकार ने कराया। सभी प्रकाशन 'राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान', रांची के प्रकाशन बिक्री काउंटर में उपलब्ध हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य सूची निम्नलिखित हैं। स्वर्गीय श्रीमती स्वर्णलता प्रसाद

झारखंड प्रदेश के देवघर ज़िला अन्तर्गत रोहिणी मोहल्ले के एक सभ्रांत परिवार की पुत्र-वधू थीं। उनके पति पुलिस ऑफिसर थे। उस समय के अनुसार बिहार राज्य की महिला की यह अभूतपूर्व उपलब्धि मानी जा सकती है। महिला सशक्तिकरण तथा समाज में अभूतपूर्व योगदान की यह एक अनोखी मिसाल है। **- कैप्टन प्राणरंजन प्रसाद**

श्रीमती स्वर्णलता प्रसाद, निदेशक (सेवानिवृत), बिहार जनजातीय शोध संस्थान (वर्तमान में डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान), मोराबादी, राँची।

काव्य कोना

प्रयत्न और यत्न

कोहरे के धुँधलके में
भोरे-भिनसरवे छिपा दोनों किनारा
मझधार में परछाई-सी दिखती
कभी इधर तो कभी उधर
कभी आगे तो अभी पीछे
शायद भँवर में फँसी नाव अकेली
सह-अस्तित्व का खेल अजब है
माँझी- नाव और नदी में नाव
प्रयत्न और यत्न का खेल
है यह खेल निरंतन।
भोरे-भोरे भिनसरवे-भिनसरवे
कोहरे का छँटना धीरे-धीरे
लोहित होता गगन
आशा की किरण
माँझी का प्रयत्न देख
निराश न हो रे मन
दूर-बहुत दूर है
लालिमा शाम की
परिचायक अंधेरी रात का
फिर भी न घबरा रे मन
प्रयत्न और यत्न का खेल
है यह खेल निरंतन।
कोहरे के धुँधलके में
भोरे-भिनसरवे छिपा दोनों किनारा।

- नाग मणि

आपकी बात

आदर्श आचार संहिता

उपेन्द्र कुमार

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे देश में आचार आचार संहिता लागू हो गयी है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के लिए तिथियों की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने की उद्घोषणा कर दी गई है। निषेधाज्ञा के दौरान पांच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा।इसके तहत कोई भी व्यक्ति,

राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार और अभ्यर्थी राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सक्षम पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। वहीं, लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी भी प्रकार का अग्निअस्त्र, अस्त्र-शास्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा। वही नेपालियों द्वारा खुखरी धारण, सिक्खों द्वारा कृपाण धारण, शादी विवाह से संबंधित जुलूस में सम्मिलित व्यक्तियों, शव यात्रा में जाने वाले जुलूस, हाट बाजार, अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस बल, विधि व्यवस्था एवं निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल इस निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रहेंगे। किसी सार्वजनिक/सरकारी संपत्ति या किसी ध्याक्तिगत संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर पंपलेट साटना, झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना, तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा कोई पोस्टर, इस्तेहार, पंपलेट या परिपत्र निकालना जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता न हो धारा 127 ए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा।

- सिटी मैनेजर मेदिनीनगर।

राजनीति

लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान राजनीतिक पार्टियों के बीच घमासान

किशन भावनानी

वैश्विक स्तर पर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोक सभा चुनाव 2024 के तारीखों का पूरा शेड्यूल घोषित हो चुका है और इसके साथ ही आचार संहिता अधिसूचना जारी होते ही मॉडल ऑफ कोड आफ कंडक्ट याने आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके तहत देश भर में अभियान चलाकर राजनितिक दलों के होर्डिग बैनर पोस्टर उतारे जा रहे हैं, यही नहीं सरकारी योजनाओं के पोस्ट भी उतार दिये जायेंगे। अब आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी सीधे चुनाव आयोग को दी जा सकती है, जिस पर चुनाव आयोग तेज रफ्तार से कार्यवाही करेंगे। मेरा मानना है कि यह बता देना जरूरी है कि लोगों में यह गलत धारणा समाई हुई है कि आचार संहिता

लोगों में यह गलत धारणा समाई हुई है कि आचार संहिता केवल राजनीतिक दलों पर ही लागू होती है परंतु मेरा मत है कि यह हम सब यानें आम आदमी पर भी लागू होती है इसका उल्लंघन करने पर जेल की हवा खानी पड़ सकती है।

केवल राजनीतिक दलों पर ही लागू होती है परंतु मेरा मत है कि यह हम सब यानें आम आदमी पर भी लागू होती है इसका उल्लंघन करने पर जेल की हवा खानी पड़ सकती है,परंतु सरकारी काम बंद नहीं होते उन्हें हमारा काम करना पड़ता है हमारा हर सरकारी काम होते रहेगा। सड़क पानी बिजली चालू सहायता परियोजनाएं सब चालू रहेंगे मकान की परमिशन का अगर पहले आवेदन दे दिया है तो पास होगा हमें कोई पोस्ट या मेल करते समय आचार संहिता के नियम पढ़ लेने चाहिए, नहीं तो जेल जाना पड़ सकता है। आचार संहिता का हम उल्लंघन नहीं कर सकते ठीक वैसे ही हम टीवी चैनल सोशल मीडिया पर आज से ही देख रहे हैं कि फिर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं डिबेट आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गये हैं। 400 प्लस का बयान, अनेक पार्टियों 00 का बयान, विपक्ष का सत्ता में आने का बयान सहित अनेक बयानों पर सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों पर बयानबाजी से शब्दों का घमासान शुरू हो गया है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो गया है और राजनीतिक पार्टियों में घमासान शुरू हो गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हर मतदाताओं को रेखांकित करना जरूरी है।

बोधि वृक्ष

हरमंदिर साहिब अमृतसर के स्वर्ण मंदिर का इतिहास

मुख्य बातें सिखों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है अमृतसर का स्वर्ण मंदिर1577 में चौथे सिख गुरु ने पहली बार शुरू कराया था निर्माण जानिए क्या होता है गुरुद्वारा और **क्यों है इसका इतना महत्व?**

भारत और पूरी दुनिया में स्वर्ण मंदिर के रूप में जाना जाने वाले हरमंदिर साहिब पंजाब में अमृतसर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। यह सिक्ख धर्म में सबसे प्रतिष्ठित आध्यात्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। बीते समय में मंदिर मरम्मत के काम को लेकर सुर्खियों में रह चुका है जोकि पर्यावरण के प्रति सचेत रहने का एक प्रयास था। दुनिया भर से करोड़ो सैलानी इस मंदिर को देखने के लिए अमृतसर पहुंचते हैं। **स्वर्ण मंदिर किसने बनवाया?**

दरबार साहिब के नाम से भी मशहूर मंदिर को अमृतसर में 1577 में चौथे सिख गुरु गुरु राम दास ने इसकी शुरूआत की थी और पांचवें गुरु अर्जन ने मंदिर की स्थापना की थी। मंदिर का निर्माण 1581 में शुरू हुआ था, मंदिर के पहले संस्करण को पूरा करने में आठ साल लगे थे। गुरु अर्जन ने परिसर में प्रवेश करने से पहले विनम्रता पर जोर देने के लिए मंदिर को शहर की जमीन से कुछ निचले स्तर पर रखने की योजना बनाई। उन्होंने यह भी मांग की कि मंदिर परिसर हर तरफ खुला हो, इस बात पर जोर दिया जाए कि यह सभी के लिए खुला था। सिखों और मुलिमों के बीच लंबे समय से चले विवाद के बाद 1762 में मंदिर ध्वस्त हो गया था। 1776 में एक नया मुख्य प्रवेश द्वार, मार्ग और गर्भगृह का निर्माण पूरा हुआ, जबकि तालाब के चारों ओर पूल का काम 1784 में समाप्त हो गया। रणजीत सिंह ने घोषणा की थी कि वह संगमरमर और सोने के साथ इसका पुनर्निर्माण करेंगे।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से

Nimisha Banerjee
5 d

जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा द्वारा आयोजित जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने हेतु फीड द नीड साप्ताहिक कार्यक्रम का निर्बाध एवं सफलतापूर्वक 52वां सप्ताह अर्थात एक वर्ष पूर्ण कर लिया गया है .
आगामी वर्ष भी लगातार सुचारुरूप से कार्यक्रम संचालन हेतु सदस्यों ने अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए 53 वें सप्ताह रविवार को अमावस्या के अवसर पर काली मंदिर में खिचड़ी एवं खीर का भोग लगा कर जरूरतमंदों एवं राहगीरों में भोग वितरण किया गया . ज्ञात हो कि जायंट्स द्वारा यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार दोपहर 1 बजे स्थानीय जायंट्स कॉर्नर पर पिछले एक वर्ष से निर्बाध करता आ रहा है .

34 6 comments 1 share
Like Comment Send Share
Sukra Nayak
SUNDAR
Like Reply

X - से

Surya Pratap Singh IAS Rtd.
@suryapsingh_IAS

कॉर्पोरेट से राजनीतिक चंदा सारी दुनिया में लिया जाता है,अमेरिका में भी।

इस चंदे को तब तक ग़ैरक़ानूनी नहीं कहा जा सकता जब तक कि ये सिद्ध न हो जाये कि इसकी एवज़ में किसी कॉर्पोरेट को सरकार ने कोई लाभ दिया गया या फिर उस कॉर्पोरेट ने सरकार के किसी निर्णय को प्रभावित किया है।

ये भी सही है कि जो पार्टी सत्ता में होती है, उसे ही अधिकतर चंदा मिलता है। आज अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो शायद BJP से भी अधिक चंदा उसे मिलता, जैसी कि कांग्रेस की फ़ितरत है।

हाँ, ये बात ज़रूर है कि इस चंदे को लोगों से छिपाना नहीं चाहिये, इससे संदेह गहराता है।

मैं फिर कह रहा हूँ कि इलेक्ट्रोरोल बॉण्ड का मुद्दा भी राफ़ेल की तरह खोदा पहाड़ निकाला चुहिया ही सिद्ध होगा। चूँकि सबने चंदा लिया है, इसलिए कोई भी पार्टी इस मुद्दे पर हाई मॉरल ग्राउंड नहीं ले सकती।

वैसे भी विपक्ष कमजोर है, निराश है। बेचारे, जब कभी भी दूसरे पर उँगली उठाते हैं तो अपनी पोल अधिक खुल जाती है।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

एक साथ चुनाव : सकारात्मक पहल

सुरेश हिन्दुस्तानी

अभी हाल ही में एक साथ चुनाव कराने को केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने व्यापक मंथन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। क्योंकि बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आयेगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आयेगी, यह तय है। वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व कदम है। केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठा कर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। अब 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर मोहर लगाकर इसके रास्ते की बाधाओं को हटाने का कार्य किया है। यही राष्ट्रीय सोच होना चाहिए। अगर इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। एक साथ चुनाव कराये जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते एकबार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

टेक वर्ल्ड

सरकार का नया ट्रूकॉलर ऐप

ट्रू कॉलर जैसे ऐप्स का उपयोग भारत में बहुत लोकप्रिय है, जो अज्ञात कॉलर और स्पैम कॉल्स को पहचानने में सहायक होता है। लेकिन, सरकार अपने ऐप को इस स्थिति में बनाने की कोशिश कर रही है ताकि यह न केवल फर्जी कॉल्स को पहचान सके, बल्कि आपकी गोपनीयता को भी सुनिश्चित कर सके। विश्व में डिजिटल युग के बढ़ते कदमों के साथ, एक नया उत्साह भारतीय लोगों के दरवाजे पर भी कदम रख रहा है। अब, फर्जी कॉल्स का अंत करने के लिए सरकार एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है - एक 'सरकार ट्रू कॉलर' ऐप को शुरू करने की योजना बना रही है। यह ऐप भारत में फर्जी कॉल और स्पैम कॉल्स के खिलाफ एक मजबूत प्रतिक्रिया होगी। ट्रू कॉलर जैसे ऐप्स का उपयोग भारत में बहुत लोकप्रिय है, जो अज्ञात कॉलर और स्पैम कॉल्स को पहचानने में सहायक होता है। लेकिन, सरकार अपने ऐप को इस स्थिति में बनाने की कोशिश कर रही है ताकि यह न केवल फर्जी कॉल्स को पहचान सके, बल्कि आपकी गोपनीयता को भी सुनिश्चित कर सके। इस नये एप्लिकेशन का मुख्य उद्देश्य बुरे तरह से प्रभावित होने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। इसके लिए, यह एक डेटाबेस का उपयोग करेगा जो अज्ञात नंबरों को पहचानने में मदद करेगा। जब किसी नंबर से कॉल आती है, तो यह ऐप इसे जाँचेगा कि क्या वह अज्ञात या फिर स्पैम है। यदि वह ऐसा है, तो ऐप आपको इसे पहचान कर देगा और आपको संबंधित कार्रवाई करने के लिए सलाह देगा। इस एप्लिकेशन का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य भी है गोपनीयता की सुरक्षा का ध्यान रखना। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

उप्र में कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों की नहीं की घोषणा, बसपा ने दिए सर्वाधिक अल्पसंख्यक

एजेंसी। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के तिथि की घोषणा हो चुकी है। पिछले चुनाव की तरह ही इस बार भी सात चरणों में और पश्चिमी उप्र से ही शुरू होगा। इस चुनाव में जहां एक ओर भाजपा 51 सीटों पर, सपा ने 36 सीटों तथा बसपा ने नौ सीटों पर उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है तो वहीं कांग्रेस ने अब-तक अपने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर पायी है। उल्लेखनीय है कि उप्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बनने के बाद पार्टी कार्यकताओं का उत्साह बढ़ा था। धरना-प्रदर्शन और प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाजा बुलंद करने का सिलसिला भी बढ़ गया। पिछले दिनों सपा से गठबंधन के पूर्व कांग्रेस यह कहती रही कि गठबंधन होते ही उम्मीदवार तय हो जाएंगे, लेकिन प्रदेश में गठबंधन के बाद कांग्रेस के खाते में 17 लोकसभा क्षेत्र आये और उस पर भी आज तक उम्मीदवार तय नहीं हो सके। इससे कांग्रेस कार्यकताओं में निराशा बढ़ती जा

रही है। वहीं बसपा ने अपने नौ उम्मीदवार उतारे हैं। इसमें से पांच उम्मीदवार अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। अभी बसपा भी कांग्रेस और सपा के उम्मीदवारों का इंतजार कर रही है। उनके उम्मीदवारों की लिस्ट पूरी होते ही बसपा भी अपने पत्ते खोलना शुरू कर देगी। उधर भाजपा अपने फुल फार्म में आकर मैदान में खेल रही है। जहां उसके उम्मीदवार अभी मैदान में नहीं हैं, वहां भी प्रचार की गति तेज हो गयी है।बीजेपी ने अभी तक की 51 सीटों पर ज्यादातर उन्हीं प्रत्याशियों को मौका दिया जो 2019 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं। लखनऊ से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव मैदान में हैं। सपा ने उनके सामने पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा को उतारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार वाराणसी सीट से लड़ेंगे। डिंपल यादव मैनपुरी और शिवपाल सिंह यादव बदायूं सीट से सपा उम्मीदवार हैं।

प्रतियोगी परीक्षा के दिन ट्रेनों की कमी से यात्री परेशान

कोलकाता। फूड एंड सप्लाई विभाग में सब-इंस्पेक्टर नियुक्ति परीक्षा के दिन ट्रेनों की कमी के चलते परीक्षार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल रविवार को छुट्टी होने के कारण कई ट्रेनें रद्द हैं। हालांकि राज्य में सरकारी नौकरियों की परीक्षाएं शनिवार और रविवार को होती हैं। स्टेशन पर आने के बाद यात्रियों को घंटों बैठना पड़ा। कई ट्रेनों के रूट कम कर दिए गए हैं। ट्रेनें निर्धारित समय से 30-40 मिनट की देरी से सियालदह से रवाना हो रही है। एक परीक्षार्थी ने बताया कि मेरी परीक्षा सीट रहड़ा ((उत्तर 24 परगना) केंद्र में पड़ा है। परीक्षा दोपहर 3:30 बजे से है। मैं समय लेकर बाहर आया क्योंकि मुझे ट्रेन की समस्या के बारे में पहले से पता था। रेलवे सूत्रों के मुताबिक सोमवार दोपहर तक दमदम स्टेशन पर मरम्मत का काम जारी रह सकता है।

आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में पुणे के कोंढवा में 4 संपत्ति कुर्क

एजेंसी। मुंबई

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में महाराष्ट्र के पुणे जिले के कोंढवा में चार संपत्तियों को कुर्क किया है। इनमें चेतना गार्डन सोसाइटी में एक फ्लैट, फजले रहमान रेजीडेंसी में एक फ्लैट और कोंढवा इलाके में साईबाबा नगर एवं मीठा नगर में एक-एक फ्लैट शामिल हैं। ये संपत्तियां इस मामले में गिरफ्तार आतंकी आरोपितों से जुड़ी हैं, जो इन्हें अपनी देशविरोधी गतिविधियों के लिए आश्रय के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। एनआईए सूत्रों के अनुसार आईएसआईएस के अल-शुफा मॉड्यूल के मुख्य आरोपित एवं मास्टरमाइंड इमरान खान, मोहम्मद यूसुफ खान, मोहम्मद यूनुस मोहम्मद

याकूब साकी, शाहनवाज आलम समेत अन्य आरोपित इन परिसरों में रहते थे और वहीं से अपनी आतंकी गतिविधियों को संचालित करते थे। उक्त कुर्क की गई संपत्ति की व्यवस्था गिरफ्तार कादिर दस्तगीर द्वारा की गई थी, जिसने इमरान खान और अन्य को आश्रय प्रदान किया था, जब वे वर्ष 2022 में आईएसआईएस रतलाम मॉड्यूल मामले में फरार थे, जबकि एनआईए उनकी तलाश कर रही थी। इस कथित परिसर में महाराष्ट्र एटीएस ने सबसे पहले विस्फोटकों के लिए रासायनिक पाउडर, लकड़ी का कोयला, एक ड्रॉपर, एक सोल्डरिंग गन, एक थमार्मीटर, एक मल्टीमीटर, बैटरी, एक घड़ी, कुछ सर्किट, एक पिस्तौल और गोलियां बरामद कीं, जिन्हें बाद में उन्होंने एनआईए को स्थानांतरित कर दिया। इन परिसरों में कई बैठकें आयोजित की गईं।

एक नजर

छत्तीसगढ़ में कोरोना के मिले 9 नए मरीज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में में फिर से कोरोना के मरीजों में बढ़ोतरी होने लगी है।पिछले 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना के 9 नए मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में 729 सैंपलों की जांच की गई।जिसमें दुर्ग से 5 और रायपुर से 4 मरीजों की पहचान हुई है।वहीं प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 40 पहुंच गई है।

लोकसभा निर्वाचन के लिए शिकायत सेल कंट्रोल रूम गठित

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन के लिए स्थानीय निर्वाचन शाखा कलेक्टर परिसर में शिकायत सेल कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जहां पर नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। इसके नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बी. सी. साहू है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 0771-2445785 जारी किया गया है।

असम राइफल्स ने गोदाम से 620 किग्रा गांजा किया जब्त

अगरतला। असम राइफल्स और सीमा शुल्क विभाग ने त्रिपुरा में गांजा के खिलाफ संयुक्त अभियान शुरू किया है। असम रायफल्स के सूत्रों ने आज बताया है कि खुफिया जानकारी के आधार पर पश्चिम त्रिपुरा जिले के हेजामारा में एक गोदाम पर छापा मारा गया। इस दौरान गोदाम से असम राइफल्स और सीमा शुल्क विभाग ने गांजा जब्त किया। गांजा अवैध रूप से जमा किया गया था। असम राइफल्स ने बताया कि जब्त गांजे की कीमत करीब 2.80 करोड़ रुपये है। हालांकि, इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पंजाब के होशियारपुर में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़

चंडीगढ़। पंजाब के होशियारपुर जिले के मुकेरियां कस्बे में रविवार को पुलिस की सीआईए टीम की बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी बलिदान हो गया। अधिकारियों के मुताबिक सीआईए टीम के अमृतपाल सिंह की मुठभेड़ के दौरान छाती में गोली लगने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सीआईए टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांव मनसूरपुर में ठहरा हुआ है जिनका नाम राणा मनसूरपुर है और उसके पास हथियार है।

अरुणाचल के सीएम ने राज्य में एक साथ चुनाव कराने की सराहना की, कहा

चुनाव आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि है

एजेंसी। ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शनिवार को राज्य में 19 अप्रैल को दो लोकसभा सीटों और 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक साथ चुनाव की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह नागरिकों के लिए देश के भविष्य को आकार देने में सक्रिय रूप से भागीदार बनने का एक बड़ा अवसर है। दिल्ली में शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, अरुणाचल में दो लोकसभा सीटों के साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। दोनों चुनावों की मतगणना 4 जून को होगी। अरुणाचल विधानसभा का पांच साल का कार्यकाल 2 जून को खत?म हो रहा है। सीईसी द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री खांडू ने एक्स पर पोस्ट किया : मैं ईसीआई द्वारा लोकसभा और विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का दिल से स्वागत करता हूं। यह नागरिकों के लिए देश के भविष्य को आकार देने में सक्रिय रूप से शामिल होने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा, चुनाव लोकतांत्रिक सिद्धांतों के सार को रेखांकित करते हैं, सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रत्येक व्यक्ति की आवाज महत्व रखती है। नागरिकों के रूप में हमें सोच-समझकर (चुनावों में) भाग लेना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी पसंद बेहतर और अधिक समावेशी भारत के लिए हमारी आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ हम उस लोकतांत्रिक भावना को अपनाते हैं, जो हमें एक राष्ट्र के रूप में एकजुट करती है और स्वतंत्रता, समानता और

प्रगति के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। 2019 के आम चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा ने अरुणाचल में दोनों सीटें जीतीं, जबकि राज्य की 60 विधानसभा सीटों में से उसे 41 सीटें मिलीं। जनता दल (यूनाइटेड) ने सात सीटें जीतीं, नेशनल पीपुल्स पार्टी ने पांच सीटें जीतीं, कांग्रेस ने चार सीटें हासिल कीं, पीपीए ने एक सीट जीती, जबकि 2019 के विधानसभा चुनावों में दो स्वतंत्र उम्मीदवार भी विजयी हुए थे। भाजपा ने पहले ही सभी 60 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, इसके अलावा केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को अरुणाचल पश्चिम लोकसभा सीट से और तापिर गाओ को अरुणाचल पूर्व सीट से फिर से उम्मीदवार बनाया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी विधानसभा चुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इस बीच, अरुणाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार सेन ने कहा कि राज्य में 8,82,816 मतदाता हैं, जिनमें 4,49,050 महिला मतदाता शामिल हैं।

आदर्श आचार संहिता लगते ही एक्शन मोड में आया जिला प्रशासन

पूर्वी चंपारण। लोकसभा चुनाव की तारीखो की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया, जिसके बाद जिला प्रशासन एक्टिव मोड में आ गई है। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे बैनर पोस्टर को हटाने का काम शुरू हो गया।शनिवार देर रात तक इसका मॉनिटरिंग डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र करते देखे गये। वही रविवार की सुबह से ही शहरी क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त सौरभ सुमन यादव व सदर एसडीएम श्रेष्ठ अनुपम के नेतृत्व निगम कर्मी पोस्टर बैनर हटाते दिखे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी प्रखंड प्रशासन देर शाम से लेकर दोपहर तक बैनर पोस्टर हटाया। मोतिहारी नगर निगम, रक्सौल और ढ़ाका नगर परिषद् के अलावा चकिया, सुगौली, पकड़ीदयाल, अरेराज समेत तमाम शहरी क्षेत्रों में नगर प्रशासन ने बैनर पोस्टर हटाने का काम किया। वहीं जिला के सभी 27 प्रखंडों के प्रखंड ओर अंचल प्रशासन स्थानीय थाना के मदद से सभी बैनर पोस्टर को हटाने का काम शुरू किया। उल्लेखनीय है,कि मोतिहारी में 25 मई को छठे चरण में चुनाव होना निश्चित है।जिसको लेकर जिला प्रशासन द्धारा सभी स्तरो पर सतर्कता बरती जा रही है।

बंगाल में आंधी तूफान के साथ बारिश के आसार आठ जिलों में अलर्ट

कोलकाता। बंगाल में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। मौसम मौसम विभाग ने रविवार को राज्य के आठ जिलों में आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। रविवार को कोलकाता समेत आठ दक्षिणी जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अलीपुर मौसम विभाग ने बताया है कि रविवार दोपहर या शाम को कोलकाता में गरज के साथ बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर शिला वृष्टि के भी आसार हैं।

कोलकाता के अलावा उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, हुगली, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिमी मिदनापुर और झारग्राम में बारिश के साथ-साथ 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की उम्मीद है। इसे देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है।

दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम एवं पूर्व बर्दवान, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और नादिया में भी 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। हालांकि, इन जिलों में ओलावृष्टि का अनुमान नहीं है। फिर भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।

महादेव सट्टा एप केस में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। महादेव सट्टा ऐप केस में आर्थिक अपराध शाखा और एसीबी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल समेत कई अज्ञात पुलिस अफसर और कारोबारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह एफआईआर महादेव बेटिंग ऐप के मालिकों से 508 करोड़ रुपये प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने बघेल को राजनांदगांव से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू और एसीबी ने एफआईआर ईडी द्वारा कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट के आधार पर दर्ज की है। यह एफआईआर 4 मार्च को दर्ज की गई थी, लेकिन इसका खुलासा अब हुआ है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि भूपेश बघेल और उनके सरकार के कई मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों को महादेव बेटिंग ऐप ने करोड़ों रुपये प्रोटेक्शन मनी दी है। ईडी ने चंद्राकर और उप्पल के करीबी असीम दास को तीन नवंबर को रायपुर के एक होटल की पार्किंग से गिरफ्तार किया था।

पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित की

भोपाल। भारत के पूर्व रक्षा मंत्री एवं गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की आज 17 मार्च को पुण्यतिथि है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें स्मरण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा सौम्यता, सहजता, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की प्रतिमूर्ति, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत के पूर्व रक्षा मंत्री पद्मभूषण मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें कोटि कोटि नमन करता हूँ। देश की सुरक्षा के लिए किये गए आपके कार्य एवं प्रतिबद्धता सदैव नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

फूलों से सजे दरबार में छह लाख श्रद्धालुओं ने किए खाटू श्याम के दर्शन, तोरण द्वार पर खेली होली

सीकर। सीकर में चल रहा बाबा खाटूश्याम का मेला परवान है। रविवार को मेले का सातवां दिन है। मुख्य मेला 20 मार्च को आयोजित होगा। इससे पहले ही रविवार से खाटू में भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो चुकी है। रींगस से पदयात्रा करके आने वाले भक्त तोरण द्वार पर गुलाल से होली खेल रहे हैं तो कोई बाबा श्याम के भजनों पर थिरकता हुआ नजर आ रहा है। मेले में अब तक करीब छह लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। खाटू में मुख्य मेला 20 मार्च को आयोजित होगा। खाटू में पांच हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं। बाबा श्याम का दिल्ली सहित अन्य शहरों से आए फूलों से श्रृंगार किया जा रहा है।

भीषण आग में चार घर जलकर खाक

सिलीगुड़ी। सिलीगुड़ी नगर निगम के 40 नंबर वार्ड के दुर्गा नगर इलाके में शनिवार रात भयावह आग लगाने से चार घर जलकर खाक हो गए। घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। घटना की सूचना पर दमकल की दो इंजन मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बंद एक घर के अंदर से आग चिंगारी निकलते देखा गया। इस दौरान अचानक एक गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गई। जिससे आग तेजी से फैल गई। धीरे-धीरे यह आग पास के घरों तक पहुंच गई। जिससे लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना पर वार्ड पार्षद राजेश प्रसाद साह भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद पार्षद ने पीड़ितों से बात किए।

खूंखार गैंगस्टर को 10 साल जेल की सजा

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले की एक अदालत ने शनिवार को कुख्यात माफिया गैंगस्टर विक्की उर्फ विक्रान्त व उसके गैंग के दो सदस्य हरेंद्र उर्फ फेरू और योगेन्द्र उर्फ बिट्टू को दस साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उन पर 2-2 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। विक्की के खिलाफ लूट, हत्या, रंगदारी और अपहरण के 22 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इसके अलावा उन पर बागपत, आगरा, मेरठ, दिल्ली, और मध्य प्रदेश के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में गैंगस्टर एक्ट हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत 23 मामला दर्ज है। विक्की उर्फ विक्रान्त राज्य के 68 पहचाने गए अपराधियों में से एक है और पुलिस ने एक मजबूत आरोप पत्र पेश किया और वकीलों ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से पैरवी की कि उसे मामले में उचित सजा मिलेगी।

प्रचंड जीत के साथ तीसरी बार केंद्र में भाजपा बनाएगी सरकार : साध्वी निरंजन

एजेंसी। बेंगलुरू

चित्रकूट। देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद होते ही केंद्रीय मंत्री एवं फतेहपुर से भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति रविवार को चित्रकूट पहुंची। यहां पर उन्होंने मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन-पूजन कर चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कर दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ केंद में अपनी सरकार बनायेगी। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लेने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब ,किसान,युवा और महिला चारों जातियों का चहुमुखी विकास किया है। इसके अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये आधी आबादी को राजनीति में अधिकार देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। साध्वी ने कहा कि 2014 के पहले देश के लोग गठबंधन के दयनीय शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। कोई भी

क्षेत्र घोटालों और पॉलिसी पैरालिसिस से अछूता नहीं रहा। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति से भारत ने विकास का नया कीर्तिमान रचा है। देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश के करोड़ों लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है। सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं देश के सभी हिस्सों तक पहुंची हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर पीएम मोदी ने देश की आधी आबादी को राजनीति में भागेदारी देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इसके अलावा विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पूरा विपक्ष दिशाहीन और मुद्दाविहीन है।

यूट्यूबर एल्विश यादव सांप के जहर की तस्करी में गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले की नोएडा थाने की पुलिस ने रविवार को यूट्यूबर एल्विश यादव को सांप के जहर की तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि एल्विश को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पिछले साल पुलिस ने नोएडा सेक्टर-39 थाने में एफआईआर दर्ज की थी। आज एल्विश यादव को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एल्विश यादव को कुछ देर में कोर्ट में पेश किया जाएगा। एल्विश यादव के विरुद्ध दिल्ली-एनसीआर में होने वाली पार्टियों में मनोरंजन के लिए सांप का जहर उपलब्ध कराने के आरोप में पांच अन्य लोगों के साथ मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में एक पशु कल्याण कार्यकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में पहले भी एल्विश यादव से पूछताछ की थी और मामले की जांच चल रही थी। पुलिस ने इस मामले में कई आरोपितों को भी पकड़ा था जिसमें आरोपितों ने पुलिस को बताया था।

पार्टी में गुटबाजी के चलते हावड़ा में टीएमसी उम्मीदवार की राह कठिन

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता से सटे हावड़ा लोकसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। लेकिन दो कारणों से इस बार तृणमूल कांग्रेस के वर्तमान सांसद और पूर्व फुटबॉलर प्रसून बनर्जी के लिए मुकाबला कठिन होने की संभावना है। पहला कारण विपक्ष का मजबूत उम्मीदवार और दूसरा इलाके में तृणमूल कांग्रेस के भीतर तीव्र आंतरिक गुटबाजी है। पार्टी सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के परिवार के एक सदस्य ने बनर्जी को क्षेत्र से दोबारा टिकट दिए जाने का विरोध किया है। हावड़ा लोकसभा क्षेत्र में सभी सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के नियंत्रण वाले हावड़ा नगर निगम के पूर्व मेयर रथिन चक्रवर्ती को मैदान में उतारा है। दूसरी ओर, सीपीआई (एम) ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील सब्यसाची चटर्जी को टिकट दिया है। चुनावी राजनीति में नए, चटर्जी पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी मामले में अवैध रूप से वंचित उम्मीदवारों के पक्ष में कलकत्ता उच्च न्यायालय में सशक्त दलीले देने के कारण लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो गए हैं। वह पिछले कुछ चुनावों में तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में रहे भाजपा विरोधी वोट बैक में अच्छी खासी सेंध लगा सकते हैं, जो बनर्जी के लिए परेशानी का कारण हो सकता है। उधर, मुख्यमंत्री के छोटे भाई स्वपन बनर्जी उर्फ बबुन ने हाल ही में प्रसून बनर्जी को अयोग्य उम्मीदवार बताया है। बबुन ने तो यहां तक कह दिया कि वह हावड़ा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। लेकिन मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप और संबंधों को तोड़ने की धमकी देने के बाद, स्वपन ने अपना रुख नरम कर लिया और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के अपने फैसले से पीछे हट गये।

पहले चरण में 250 कंपनियों की शुरुआत से बंगाल में बढ़ेगी सीएपीएफ की तैनाती

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे। पहले चरण में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 250 कंपनियों की तैनाती की जाएगी। इसके बाद के चरणों में तैनाती और बढ़ाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), पश्चिम बंगाल ने ये बात कही है। पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ह्ल19 अप्रैल को पहले चरण में उत्तर बंगाल में सिर्फ तीन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान है। इसके लिए 250 कंपनियों को तैनात किया जाएगा, बाद के चरणों में तैनाती धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी और अधिकतम तैनाती सातवें और आखिरी चरण में होगी।" उन्होंने कहा कि अभी

सातवें चरण में सटीक तैनाती के बारे में नहीं कहा जा सकता, लेकिन संभव है कि यह 900 से ज्यादा कंपनियों की होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने पहले ही पश्चिम बंगाल में चुनाव के लिए सीएपीएफ की 920 कंपनियों की तैनाती का प्रस्ताव दिया है - जो सभी भारतीय राज्यों में सबसे अधिक है।

पश्चिम बंगाल के सीईओ आरिज आफताब के अनुसार, पिछले मतदान रिकॉर्ड के आधार पर देखा जा रहा है कि किस पोलिंग बूथ पर तैनाती की कितनी जरूरत है।

सीएपीएफ की 250 कंपनियों को पहले चरण में 19 अप्रैल को उत्तरी बंगाल के तीन निर्वाचन क्षेत्रों कूच बिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी के लिए तैनात किया जाएगा। यह दिखाता है कि आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कितना प्रतिबद्ध है। सीईओ कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ह्लकूचबिहार के कुछ पॉकेट्स को छोड़कर, इन तीन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मिलाकर शांतिपूर्ण चुनावों का पिछला रिकॉर्ड है। फिर भी, पहले चरण में 250 कंपनियों को यह संदेश देने के लिए तैनात किया गया है कि मतदान के दिन कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी तरह, 1 जून को सातवें चरण में अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों की संख्या कहीं अधिक है, जब दक्षिण बंगाल के नौ निर्वाचन क्षेत्र कोलकाता (दक्षिण), कोलकाता (उत्तर), जादवपुर, जयनगर, बशीरहाट, बारासात, मथुरापुर, डायमंड हार्बर और दमदम में मतदान होगा।

आज का राशिफल

मेष : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

वृषभ : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

मिथुन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा।

कर्क : परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

सिंह : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

कन्या : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

तुला : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी।

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए ।

धनु : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

मकर : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

मैं एमएस धोनी का जीवनभर ऋणी रहूंगा : अश्विन

500 विकेट हासिल करने वाले अश्विन दूसरे गेंदबाज भी बन गए हैं

100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें भारतीय खिलाड़ी बने अश्विन

नई दिल्ली। एजेंसी

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक बनने में मदद करने के लिए एमएस धोनी का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा कि वह सीएसके के कप्तान एमएस धोनी के हमेशा 'ऋणी' रहेंगे। आर.अश्विन ओपनिंग सीजन में सीएसके टीम का हिस्सा थे, लेकिन तब उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। फिर, 2009 में उन्होंने केप टाउन में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ डेब्यू किया। अश्विन के हवाले से कहा गया, 2008 में मैं महान खिलाड़ियों (सीएसके ड्रेसिंग रूम में) मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी से मिला। तब मैं कुछ भी नहीं था, मैं उस टीम में कहां खेल सकता था जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे।''धोनी ने मुझे जो मौके दिए उसके लिए मैं जीवन भर उनका ऋणी रहूंगा। उन्होंने मुझे क्रिस गेल के खिलाफ नई बॉल थमाई और 17 साल बाद अनिल भाई उस दिन के बारे में बात कर रहे थे।

चोट से उबरने के लिए लगाए गए इंजेक्शन : हार्दिक पांड्या

मुंबई। एजेंसी

हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने पिछले साल विश्व कप के मैचों के लिए फिटनेस हासिल करने की बेताबी में कई इंजेक्शन लेने और अपने टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को वनडे विश्व कप से बाहर बैठना पड़ा। विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से बाहर गये थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने कहा, मैंने अपनी एड़ी पर तीन अलग-अलग जगहों पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे अपने टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करता हूं।

स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के बरियातू स्थित स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान रांची की युवा फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा को सम्मानित किया गया।

इंस्टीट्यूट के संस्थापक प्रकाश सिंह, सचिव डॉ गंगेश गुंजन झा, निदेशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, प्राचार्य विधा सागर, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी और दीपक कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। इंटरनेशनल फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा नेपाल में आयोजित सेफ 16 फुटबाल प्रतियोगिता में भारतीय फुटबॉल टीम का हिस्सा रही। उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर भारतीय फुटबॉल टीम को रनर अप बनाकर वापस झारखंड लौटी हैं। इसी के मद्देनजर इंस्टीट्यूट ने उनके लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। जीना इसी का नाम है कार्यक्रम के तहत दिव्यानी लिंडा ने विद्यार्थियों के बीच अपने जीवन पर प्रकाश डाला। दिव्यानी ने कहा कि वह अत्यंत गरीब परिवार की लड़की है। मां मजदूरी करती है और छोटा भाई दिव्यांग है लेकिन मेरे खेल के प्रति जुनून, मेहनत और सपना आज मेरे मुकाम तक ला छोड़ा है। मेरे गुरु अनवरुल हक उर्फ बबलू की कड़ी मेहनत और मेरी परीक्षा ही आज रंग लाकर एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में चरितार्थ किया है।

दिव्यानी ने कहा कि हौसले बुलंद रखने पर हर आदमी कामयाब होता है। मैं भी इसका सीधा साधा उदाहरण हूं। जीवन में हर कदम कदम पर बाधा है लेकिन इसको अच्छे से पार होना ही सफल जिंदगी की पहचान है। हमें हमेशा ईमानदारी और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। इससे सफलता जरूर मिलेगी। वहां मौजूद विद्यार्थियों ने दिव्यानी से कई सवाल भी पूछे। इस दौरान कई शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

'जीतो' की अहिंसा रन 31 को, पंजीकरण शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) संस्था की ओर से आगामी 31 मार्च को मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन का आयोजन किया जा रहा है। रन सुबह 5:30 बजे से प्रारंभ होगी। इस अहिंसा रन के लिए पंजीकरण का प्रारंभ हो गया है। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका पाटनी, सरोज पांड्या, कुणाल जैन, देवेश जैन, अनंत जैन एवं खेल संयोजक सोनम पटोदी इस आयोजन को सफल बनाने में जोर शोर से लगे हुए है। टीम के सदस्य विभिन्न संस्थाओं से संपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। इसे लेकर संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, एडीएम राजेश्वरनाथ आलोक से मिलकर उन्हे रन में शामिल होने का निमंत्रण दिया।अहिंसा रन को लेकर उन्होनें प्रशासन की ओर से मिलने वाली व्यवस्था को उपलब्ध कराने की बात कही।

अध्यक्ष ने बताया कि अहिंसा रन झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन की देख-रेख में हो रहा है। अहिंसा रन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए तीन तरह के दायरे तय किये गये है। इसमें 10 किलोमीटर की दौड़ में महिला और पुरूषों के लिए प्रथम स्थान पर आने वाले को 21 हजार द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 15 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 11 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे।

वहीं पांच किलोमीटर दौड़ के लिए प्रथम 11 हजार, द्वितीय 7100 और तृतीय को पांच हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा 45 वर्ष से उपर के महिला और पुरुष प्रतिभागियों में 10 किलो मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले को 21 हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले को 15 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 11 हजार रुपये और तीन किलो मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाले को 7100 रुपये पुरस्कार राशि दी जाएगी।

झारखंड के रॉबिन मिंज नहीं खेल पाएंगे आईपीएल

रांची। आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। इस टीम के युवा खिलाड़ी रॉबिन मिंज नहीं खेल पाएंगे। गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा ने बताया कि इस सीजन रॉबिन मिंज नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं। बता दें कि आईपीएल ऑक्शन में गुजरात टाइटंस ने रॉबिन मिंज को 3.60 करोड़ रुपए में खरीदा था। दरअसल बीते 3 मार्च को वह भीषण बाइक हादसे का शिकार हो गए थे। इस हादसे में उन्हें काफी चोट आई है। झारखंड का यह बल्लेबाज अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। इसके अलावा आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले पहले आदिवासी क्रिकेटर भी हैं। बता दें कि रॉबिन मिंज झारखंड के लिए अंडर-19 और अंडर-25 टीम में खेल चुके हैं। आईपीएल ऑक्शन 2024 में गुजरात टाइटंस ने रॉबिन मिंज को 3.60 करोड़ में खरीदा था।

अमेलिया और सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टी-20 मैच नहीं खेलेंगी : न्यूजीलैंड क्रिकेट

वेलिंग्टन। एजेंसी

अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच टी-20 श्रृंखला के शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा, 'भारत में चल रहे विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के लिए खेल रही केर शुरूआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी।' वहीं न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की महिला कप्तान सोफी डिवाइन रॉयल चैंलेंसर्ज बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को डब्ल्युपीएल फाइनल के तुरंत बाद भारत छोड़कर अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी। न्यूजीलैंड ने प्रतिस्थापन के रूप में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर को टीम में बुलाया है और क्वीन्सटाउन में इंग्लैंड ए के खिलाफ दूसरे मैच के बाद न्यूजीलैंड ए टीम से एक दूसरे खिलाड़ी का भी चयन किया जाएगा। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, श्रृंखला की शुरूआत के लिए हमारे साथ केर और सोफी का न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है।' उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि पिछले कुछ समय से ऐसा हो रहा है इसलिए हमने सभी परिदृश्यों के लिए योजना बनाई है और सकारात्मक बात यह है कि इससे अन्य खिलाड़ियों को इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा।' इंग्लैंड के भी चार खिलाड़ी अपनी डब्ल्यूपीएल में खेलने के कारण पांच में से पहले तीन टी-20 के लिए अनुपलब्ध हैं। ऐलिस कैप्सी सोफी एक्लेस्टोन नेट साइवर-ब्रंट और डैनी व्याट (वॉरियर्स) केवल चौथे टी-20 से पहले टीम के साथ जुड़ेंगी। वहीं आरसीबी के खेल रही केट क्रॉस को केवल एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रही इस्सी वोंग को किसी भी टीम में जगह नहीं मिली।

यदि मैं खराब खेलूंगा तो मुझे भी हटा दिया जाएगा : मेहंदी हसन

चटगांव। बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी मेहंदी हसन ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के अंतिम मैच के लिए लिटन दास को बाहर करने के चयन समिति के फैसले पर खेलपूर्ण प्रतिक्रिया व्यक्त की। पिछले महीने, नए चयन पैनल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के लिए कार्यभार संभाला और यह निर्णय आसानी से देश के हाल के दिनों में लिए गए सबसे साहसिक निर्णयों में गिना जाता है।लिटन ने वनडे में 2023 में 28 पारियों में 26.04 की औसत से केवल पांच अर्द्धशतक के साथ निराशाजनक प्रदर्शन किया और 2024 में उनकी दोनों पारियां शून्य रही हैं। रिकॉर्ड के लिए, 29 वर्षीय खिलाड़ी का आखिरी एकदिवसीय शतक फरवरी 2022 में आया था। जब मेहदी से अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए सलामी बल्लेबाज को बाहर करने के बारे में पूछा गया, तो मेहदी अपने मूल्यांकन में पूरी तरह से ईमानदार थे।

इस आईपीएल खुलकर खेलें रोहित शर्मा मुंबई को होगा सीधा फायदा : आरोन फिंच

नई दिल्ली। एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व टी20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब खुलकर बल्लेबाजी करेंगे जिससे इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई ने 5 खिताब जीते लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त किया गया है। फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती मैदान पर उतरकर पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है।

दीक्षा ने अमेरिका में 71 का कार्ड खेलकर किया कट पार

नई दिल्ली। एजेंसी

भारत की स्टार महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने संयुक्त राज्य अमेरिका में एप्सन टूर पर आईओए गोल्फ क्लासिक के अंतिम दौर में जगह बना ली है। लेडीज यूरोपियन टूर पर दो बार की विजेता, जो अपने घरेलू कार्यक्रम, महिला इंडियन ओपन को जीतने के करीब पहुंची थी, ने 3-ओवर तक पहुंचने और कट बनाने के लिए पार 71 का कार्ड खेला। तीन राउंड की स्पर्धा में दीक्षा संयुक्त-58वें स्थान पर हैं। तीन खिलाड़ी लिंडसे मैक्कर्डी (66), डेवी वेबर (66) और चीनी ताइपे के विवियन होउ (63) शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं। लॉन्गवुड कोर्स में मैक्कर्डी 11-अंडर के साथ पहले, वेबर (66-66) 10-अंडर के साथ दूसरे और विवियन 8-अंडर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मारिया गाल्डियानो (70-65) और जेसिका पेंग (66-69) 7-अंडर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

दीक्षा (74-71) 3-ओवर हैं क्योंकि कट समान नंबर पर लगाया गया। दीक्षा अगले सप्ताह एप्सन टूर इवेंट में भी खेलेंगी।

दीक्षा ने पहले और तीसरे होल में बर्डी लगाई और चौथे होल में बोगी मारी। फिर सातवें होल पर बैक-टू-बैक बोगी और आठवें पर बर्डी का मतलब पार स्कोर किया। बैक नौ में, उसने 10वें और 11वें होल में बर्डी खेली, 13वें और 14वें होल पर बोगी मारी और 16वें होल में एक बर्डी के बाद 17वें होल में एक बोगी मारी । उन्होंने इस राउंड में छह बर्डी और छह बोगी खेलीं।

गुलवीर ने 10,000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली। एजेंसी

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास हालांकि ओलंपिक के क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारत के एक अन्य एथलीट अविनाश साबले इसी स्पर्धा में अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे। महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही। वह भी पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन समय 30 मिनट, 40.00 सेकंड को हासिल करने में नाकाम रही।

सीनियर खिलाड़ी थके होने के बावजूद भी नहीं लेते ब्रेक : नसीम शाह

कराची। एजेंसी

तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा के माहौल पर खुलकर बात करते हुए कहा कि सीनियर खिलाड़ी थके होने के बावजूद ब्रेक' नहीं लेते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनकी जगह कोई जूनियर खिलाड़ी ले लेगा। शाह कंधे की चोट के कारण पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा कि चोट के कारण टीम से बाहर होने पर उन्हें भी अपनी जगह गंवाने का डर था। शाह ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो प्रमुख खिलाड़ी अपने शरीर को आराम देने से डरते हैं जबकि वह जानते हैं कि उन्हें ब्रेक की जरूरत है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट का माहौल इस तरह से है कि अगर कोई नया खिलाड़ी आता है तथा एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है तो फिर आप नहीं जानते कि वह टीम में स्थायी तौर पर आपकी जगह ले लेगा।' उन्होंने कहा, इस डर के कारण खिलाड़ी आराम नहीं कर पाते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनका करियर यहीं समाप्त हो सकता है।' नसीम ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच स्पष्टता और बेहतर संवाद स्थापित करने की जरूरत है।

खबरें व्यापार जगत की

तीन दिवसीय 'स्टार्टअप महाकुंभ' में एक हजार स्टार्टअप व पांच हजार उभरते उद्यमी लेंगे भाग

नई दिल्ली। राजधानी के भारत मंडपम व भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) में 20 मार्च तक आयोजित होने वाले 'स्टार्टअप महाकुंभ' में 1,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक 5,000 भावी उद्यमी और 40 हजार आगंतुक भाग लेंगे। इस मौके पर 34 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप नैसकॉम पवेलियन में अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर अपनी भूमिका को बताने के लिए वरिष्ठ महिला नेता भी भाग लेंगी। नैसकॉम के अध्यक्ष देबजानी घोष के अनुसार, 'स्टार्टअप महाकुंभ' में, हम सिर्फ स्टार्टअप का प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं; बल्कि हम एक ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं, जहां महिलाएं हर परिस्थिति में रचनात्मकता के साथ नेतृत्व करती हैं और उद्योगों के विकास में योगदान देती हैं। 'स्टार्टअप महाकुंभ' ने गूगल प्ले स्टोर पर अपना आधिकारिक ऐप भी लॉन्च किया है, जहां सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं मिल सकेंगी। यह आयोजन एआई और सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास), डी2सी/उपभोक्ता ब्रांड, एग्रीटेक, फिनटेक, डीपटेक, बायोटेक और फार्मा, इनक्यूबेटर, क्लाइमेट टेक, ई-स्पोर्ट्स और बी2बी मैन्युफैक्चरिंग सहित अन्य क्षेत्रों में व्यावहारिक चर्चा का अवसर प्रदान करेगा।

स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने को हैं इच्छुक : बडलिगर

नयी दिल्ली। चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। इसके लिए अगले छह से आठ वर्षों में 11 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चॉकलेट निमार्ता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है। इसके साथ पिछले करीब पांच वर्षों में कंपनी का भारत में निवेश पांच करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगा। इसी तरह प्रौद्योगिकी समूह बुहलर अगले दो से तीन साल में 2.3 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त निवेश करेगा। उन्होंने कहा, हमें भारत में निवेश करने की इच्छुक कई स्विस कंपनियों के बारे में पता है। इनकी सूची बहुत लंबी है, लेकिन उनमें से कुछ के नाम साझा करने की खुशी है। कई छोटी स्विस कंपनियां हैं, जो भारतीय बाजार में आना चाहती हैं। भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने 10 मार्च को एक व्यापार समझौते - व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इन देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस समझौते में भारत को समूह के सदस्य देशों से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है। स्विट्जरलैंड ने कहा है कि टीईपीए के लिए संसदीय अनुमोदन की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाएगी। भारत और ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर टीईपीए पर बातचीत कर रहे थे।

केरोसिन की खपत साल दर साल हो रही कम

नयी दिल्ली। देश में केरोसिन या मिट्टी के तेल की खपत में 2013-14 और 2022-23 के बीच साल-दर-साल आधार पर 26 की भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियां हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों ह्यऊर्जा सांख्यिकी भारत 2024 में कहा गया है, हाल के समय की ऊर्जा नीतियों का प्रभाव देश में ईंधन के रूप में केरोसिन की खपत पर स्पष्ट दिखता है।आंकड़ों से पता चलता है कि केरोसिन की खपत में 2013-14 से 2022-23 तक सालाना आधार (सीएजीआर) पर 25.78 प्रतिशत की की गिरावट आई है। इसमें लगातार गिरावट देखने को मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी पेट्रोलियम उत्पादों में एचएसडीओ (डीजल) की खपत में पिछले साल की तुलना में 2022-23 में 12.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। कुल ईंधन खपत में डीजल की हिस्सेदारी सबसे अधिक 38.52 प्रतिशत है। पिछले वर्ष की तुलना में पेट्रोल और पेट कोक की खपत में क्रमशः 13.38 प्रतिशत और 28.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डीजल की खपत 2021-22 में 7.66 करोड़ टन थी जो 2022-23 में 12.05 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.59 करोड़ टन हो गई है। रिपोर्ट कहती है कि प्राकृतिक गैस की खपत में समय के साथ उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 के दौरान, ऊर्जा के उद्देश्य से प्राकृतिक गैस की खपत 7.7 प्रतिशत घटकर 36,383 अरब घनमीटर (बीसीएम) रह गई। यह 2021-22 में 39,414 अरब घनमीटर थी।

फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में 41,000 करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में पांच अरब अमेरिकी डॉलर या लगभग 41,000 करोड़ रुपये घट गया है। इसकी अमेरिकी स्थित मूल कंपनी वॉलमार्ट के इक्विटी लेनदेन से यह जानकारी मिली है। फ्लिपकार्ट में वॉलमार्ट के इक्विटी ढांचे में बदलाव के अनुसार, ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 31 जनवरी, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में 40 अरब डॉलर था, जो 31 जनवरी, 2024 को घटकर 35 अरब डॉलर रह गया। फ्लिपकार्ट ने मूल्यांकन में गिरावट की वजह वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे को अलग कंपनी के रूप में विभाजित करने को बताया है। सूत्रों का हालांकि कहना है कि फ्लिपकार्ट का मौजूदा मूल्यांकन 38-40 अरब डॉलर के बीच है। वॉलमार्ट ने वित्त वर्ष 2021-22 में फ्लिपकार्ट में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी को 3.2 अरब डॉलर में बेचा था। इस हिसाब से ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बैठता है। वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिकी खुदरा क्षेत्र की दिग्गज ने 3.5 अरब डॉलर का भुगतान कर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाकर 85 प्रतिशत कर दी। इसके आधार पर फ्लिपकार्ट का उद्यम मूल्य 35 अरब डॉलर बैठता है। हालांकि, फ्लिपकार्ट ने वॉलमार्ट की रिपोर्ट के अनुसार मूल्यांकन में दिखाई गई कमी को खारिज करते हुए कहा है कि यह कंपनी के मूल्यांकन में उचित समायोजन की वजह से है। फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा, यह व्याख्या गलत है। फोनपे को अलग करने का काम 2023 में पूरा हुआ था। इससे फ्लिपकार्ट के मूल्यांकन में उचित समायोजन हुआ। फ्लिपकार्ट के सूत्रों ने कहा कि उद्यम का मूल्यांकन आखिरी बार 2021 में किया गया था और उस समय ई-कॉमर्स कंपनी के कुल मूल्य में फिनटेक फर्म फोनपे का मूल्यांकन भी शामिल था। फोनपे का मूल्यांकन निवेशकों के समूह जनरल अटलांटिक, टाइगर ग्लोबल, रिबिट कैपिटल और टीवीएस कैपिटल फंड्स आदि से 85 करोड़ डॉलर जुटाने के बाद अब 12 अरब डॉलर हो गया है।

एक नजर

चाचा ने भतीजा को पीट कर किया घायल

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला में चाचा ने अपने भतीजा को मामूली बात पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस घटना के बारे में घायल युवक कुंड मोहल्ला निवासी मोहम्मद असलम के पुत्र मोहम्मद असगर ने बताया की रविवार की दोपहर उसका चाचा मंजूर अंसारी घर के बाहर अपना मोटरसाइकिल खड़ा किया था। इस बीच असगर ने चाचा मंजूर को मोटरसाइकिल हटाने को कहा तो मंजूर गाली गलौज करने लगा। मारपीट में असलम के पुत्र असगर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल के पिता मोहम्मद असलम ने बताया कि कई बार छोटी-छोटी बातों को लेकर मंजूर के द्वारा हम सभी परिवार के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट किया जाता है।

फोटो एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

मेदिनीनगर। पलामू फोटो एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को शहर के गीता भवन स्थित दुर्गा मंडप में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जमकर रंग-गुलाल उड़े। इसमें शामिल लोगों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर स्टूडियो संचालक शामिल हुए। उन्होंने बताया कि संगठन के सदस्यों के लिए हमेशा सेमिनार का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें बाहर से आए कैमरा इंस्ट्रक्टर फोटोग्राफरों को कैमरा के बारे में जानकारी देते हैं बहुत जल्द फिर एक सेमिनार का आयोजन फोटोग्राफरों के बीच कराया जाएगा।

बोरो गोदाम से 41 बंडल प्लास्टिक बोरे की चोरी

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के शिवाला नदी घाट रोड में बीती रात गुड्डू गोस्वामी के गोदाम से 41 बंडल प्लास्टिक का बोरा चोरों ने चोरी कर लिया।इसके बाद भक्तभोगी के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इस घटना के बारे में भुक्तभोगी गुड्डू गोस्वामी ने बताया कि उसके गोदाम में गोदाम का सेटर लगाने का काम हो रहा था। किसी कारण बस रात्रि में गोदाम का एक सेटर का दरवाजा खुला रह गया था। इसी का फायदा उठाकर बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।भुक्तभोगी गुड्डू गोस्वामी ने बताया कि चोरी की गई बोरी की कीमत करीब 1 लाख रुपए है।

छत की सीढ़ी से गिरकर 10 वर्षीय बच्ची घायल

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महुगावा निवासी सुनील विश्वकर्मा की पुत्री राशी कुमारी उम्र 10 वर्ष रविवार की सुबह छत की सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा घायल बच्ची को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में बच्ची का इलाज चल रहा है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक, कहा

आदर्श आचार संहिता का पालन करने में जनप्रतिनिधि करें सहयोग

चुनाव में अधिकतम 95 लाख की राशि खर्च कर सकते हैं अभ्यर्थी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने रविवार को समाहरणालय के सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की तिथि की घोषणा के पश्चात पलामू जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इसका अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 24 घण्टे के भीतर सभी सरकारी कार्यालयों व परिसरों से वॉल राइटिंग,पोस्टर्स, बैनर्स आदि को हटाना अनिवार्य है। इसके साथ ही 48 घण्टे के भीतर अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन,बस अड्डा आदि स्थानों से भी राजनीतिक पोस्टर, बैनर, झंडा, कटआउट

वगैरह को भी हटाया जाना है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान आधिकारिक वाहनों के दुरुपयोग पर पूर्ण रूप से बैन रहेगा। इसके अलावे उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को प्रचार सामग्रियों के अनुमोदन हेतु मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी से अनुमति लेने के प्रावधानों से भी अवगत कराया.'इसके अलावे प्रतिनिधियों को आयोग की विस्तृत गाइडलाइन तथा विभिन्न प्रकार के अनुमतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। चुनावी खर्च को लेकरभी विभागीय निर्देशो की जानकारी दी गयी। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से हो,इसके लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को दिशा-निर्देश का पालन करना अतिआवश्यक है। बताया कि कोई भी अभ्यर्थी चुनाव प्रचार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अधिकतम 95 लाख की राशि खर्च कर सकता है।.व्यय लेखा का संधारण प्रत्येक अभ्यर्थी को कराना होगा और उन्हें समय-समय पर जिला द्वारा निर्धारित तिथि को अपने व्यय लेखा की जांच करानी होती है,वे अनिवार्य रूप से अपने व्यय लेखा की जांच निर्धारित तिथि में कराना सुनिश्चित करेंगे ।उन्होंने कहा कि 50 हजार से ज्यादा कैश लेकर आवागमन की स्थिति में उक्त कैश का स्क्रुटनी किया जाएगा। बगैर अनुमति के कोई भी रैली या रोड शो पर प्रतिबंध रहेगा।मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन,आदर्श आचार संहिता के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बीजेपी, कांग्रेस, जेएमएम, आजसू, बहुजनसमाज पार्टी के प्रतिनिधियों समेत अन्य उपस्थित रहे।

पहले थे कुष्ठ रोगी, अब निरोग होकर लोगों को करेंगे जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार । कहते हैं कि जहां चाह है वहां राह है. जिले के कई ऐसे कुष्ठ रोगी हैं जो कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हो चुके थे लेकिन अब वे इस रोग को हरा कर पूर्णतः स्वस्थ्य हो चुके हैं. अगर वे हिम्मत हार कर बैठ जाते तो संभव था इस रोग से मुक्त नहीं हो पाते. लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं सलाहकारों की बात मानी और आज वे पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हैं. अब वे निःकुष्ठ मित्र बन कर कुष्ठ रोगियों को जागरूक करेंगे. इससे न सिर्फ कुष्ठ रोगियों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जायेगा. दो कुष्ठ रोगियों को दिव्यांगता से मुक्ति मिली. जिला कुष्ठ उन्मूलन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में दो कुष्ठ रोगियों का रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी करवा कर उन्हें दिव्यांगता से मुक्त किया है. इनमें सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत की पुनम कुमारी एवं राजहार निवासी लूल्हा भुइयां शामिल है.

जिले में 258 कुष्ठ रोगी, 170 का सफल इलाज : शनिवार को सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने उन्हें निःकुष्ठ मित्र घोषित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया. पूनम कुमारी ने कुष्ठ विभाग के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई है. उसने कहा कि जिस प्रकार वह कुष्ठ रोग से मुक्त हुई है, उसी प्रकार दूसरों को भी प्रेरित करेगी. लूल्हा भूइंया अपने मुहल्ले में कुष्ठ रोगियों को इलाज के लिये हमेशा प्रेरित किया करते है. इनके प्रयास से जिला मुख्यालय के राजहार मुहल्ले में कुष्ठ रोगियों की खोज करने में काफी सहायता मिली है. जिला कुष्ठ निवारण विभाग के अवकाश प्राप्त नंदू उरांव ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों का पहचान कर इलाज के लिये भेजने का कार्य कर रहे हैं।

चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू, जुलूस व धरना-प्रदर्शन पर रोक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही मेदिनीनगर अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में आचार संहिता की धारा-144 प्रभावी हो गयी है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के लिए तिथियों की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने की उद्घोषणा कर दी गई है। निषेधाज्ञा के दौरान पांच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार और अभ्यर्थी राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार

मतदान केंद्र के 100 मीटर के अंदर किसी प्रकार का चुनाव प्रचार करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा

की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सक्षम पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। वहीं, लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी भी प्रकार का अग्निअस्त्र, अस्त्र-शास्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा। वही नेपालियों द्वारा खुखरी धारण, सिक्खों द्वारा कृपाण धारण, शादी विवाह से संबंधित जुलूस में सम्मिलित व्यक्तियों, शव यात्रा में जाने वाले जुलूस, हाट बाजार, अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस बल, विधि व्यवस्था एवं निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल इस निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रहेंगे। किसी सार्वजनिक/सरकारी संपत्ति या किसी ध्याक्तिगत संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर पंपलेट साटना, झंडा टांगना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना, तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी उम्मीदवार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना है जिससे किसी धर्म, संप्रदाय या जाति के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो। मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक सांप्रदायिक या जातीय भावनाओं का सहारा नहीं लिया जाएगा। पूजा के किसी स्थान जैसे की मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार के लिए नहीं किया जाएगा।

सेवानिवृत्त पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष चुने गए विंध्याचल सिंह

हुसैनाबाद। झारखंड राज्य पेंशनर समाज की अनुषांगिक जिला इकाई पलामू के तत्वधान में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त राज्यकर्मियों/केन्द्रीयकर्मियों/पेंशनरों की आवश्यक बैठक संयुक्त सचिव रामाशीष सिंह की अध्यक्षता में राजकीय मध्य विद्यालय हैदरनगर बाजार प्रांगण में आहूत की गई। इस बैठक में हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के पेंशनरों की समस्याएं, बैंकिंग सुविधा, विभागीय स्तर पर समस्या समाधान, पेंशनादी लाभांश, पेंशनरों की सुविधाओं के लिए सांगठनिक एकजुटता पर चर्चा उपरांत प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विंध्याचल सिंह, सचिव जनेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, उपाध्यक्ष विश्वनाथ ठाकुर, संगठनमंत्री परन राम,मीडिया प्रभारी वृंदा प्रसाद का चुनाव किया गया।

तीन दिनों में आठ हजार पांच सौ मतदान कर्मियों को मिला प्रथम चरण के चुनाव का प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार जी.एल.ए.कालेज के नये भवन के ब्लाक 'ए' एवं ब्लाक 'बी' में आठ हजार पांच सौ मतदानकर्मियों को प्रथम चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। चालीस-चालीस मतदानकर्मियों का समूह बनाकर तीन दिन दोनों पालियों में यह प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के नेतृत्व में जिला के प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी प्रशिक्षण की सफलता के लिए तत्पर रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने कहा कि त्रुटिरहित,निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद एवं प्रभारी नोडल पदाधिकारी सह एलआरडीसी श्री प्यारेलाल ने प्रशिक्षण का गहन अनुश्रवण कर प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण के निर्देश दिए।

अध्यक्ष पद पर रामदेव ने लहराया परचम, अजय बने महासचिव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बहुचर्चित पलामू बार एसोसिएशन चुनाव के प्रष्ठिपरक अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से निवर्तमान अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने परचम लहराया। आमने-सामने की टक्कर में उन्होंने पूर्व अध्यक्ष बलराम तिवारी को 99 मतों से शिकस्त दी। चुनाव समिति के सदस्य शशिभूषण दुबे ने बताया कि रामदेव को 299 व बलराम को 200 मत प्राप्त हुये। जबकि महासचिव पद पर 254 मत प्राप्त कर अजय पांडेय ने राजीव रंजन 231 को परास्त किया। उपाध्यक्ष पद पर विनोद तिवारी ने 137 मत प्राप्त कर निकटवर्ती मंधारी दुबे 117 को मात दी। कोषाध्यक्ष पद पर जयकिशोर पाठक

बहुचर्चित पलामू बार एसोसिएशन चुनाव का देर रात घोषित हुआ परिणाम

154 ने संतोष तिवारी 90 को परास्त किया। वहीं सहायक कोषाध्यक्ष पद पर देव कुमार शुक्ला, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर संतोष तिवारी एवं संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर नीतिन पांडेय ने जीत दर्ज की। जबकि उमेश कुमार, शंकर त्रिपाठी, संजय कुमार पांडेय, प्रभु दयाल, ललित शुक्ला, गोपाल मिश्रा, नीरज दुबे, विरेंद्र तिवारी व देवेंद्र पांडेय कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये। समर्थकों ने नारेबाजी कर विजयी उम्मीदवारों का उत्साहवर्द्धन किया।

सीआईसी सेक्शन को नहीं मिली वंदे भारत, रेल यात्रियों में आक्रोश

हुसैनाबाद। सबसे अधिक राजस्व देने वाला सीआईसी सेक्शन के बीड़ी रेल खंड पर विगत कुछ माह पहले रांची वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा हुई थी।पलामू, गढ़वा और लातेहार के लोगों को उम्मीद थी कि वंदे भारत एक्सप्रेस रेलवे के सीआईसी सेक्शन से होकर गुजरेगी और इस क्षेत्र के रेल यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ रांची वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस चलने की घोषणा हुई लेकिन इसका रूट कोडरमा-गया के रास्ते कर दिया गया।इससे इस क्षेत्र से जुड़े रेल यात्रियों में आक्रोश है।जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पीएम मोदी, रेल मंत्री व पलामू सांसद को ट्वीट कर वंदे भारत ट्रेन को पलामू के रास्ते चलाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि उक्त ट्रेन का रूट बदले जाने से पलामू,गढ़वा के लोगो का सफर सपना ही रह गया।पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि झारखंड के खनिज संपदाओं को पलामू के रास्ते भेजा और लूटा जा रहा है।लेकिन रेल यात्रियों को आज भी समुचित लाभ नही मिल पा रहा है।यह स्थानीय सांसद के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके कथनी और करनी के अंतर को दशार्ता है।जेएमएम नेता डॉ. एजाज आलम ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि पलामू के इलाके की उपेक्षा हुई है। शुरू से रेल सुविधा के मामले में पलामू की उपेक्षा होती रही है।इस इलाके में बेहद ही कम यात्री ट्रेन दिए गए हैं।उन्होंने आम लोगो के हित मे रेल के वरीय पदाधिकारी व स्थानीय सांसद से वंदे भारत ट्रेन को पलामू के रास्ते चलाने की मांग की है।

पेज एक के शेष

चतरा, जामताड़ा व ...

और दंडाधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि, जिला प्रशासन ने प्रश्न पत्र लीक होने से इनकार किया है। साथ ही, बताया कि नियम संगत दंडाधिकारी और छात्रों की मौजूदगी में प्रकिया के तहत पेपर का सील खोला गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही मिली, तो निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। प्रिंसिपल धनेश्वर राम ने कहा कि कंट्रोल रूम में परीक्षा अवधि में नियमानुसार प्रश्न पत्र खोला गया है। पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई है। उन्होंने हंगामा कर रहे छात्रों के आरोपों को निराधार बताया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार, एसडीपीओ संदीप सुमन ने हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं को शांत कराने का प्रयास किया।

वहीं, जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र अंतर्गत जेजेएस कॉलेज मिहिजाम में भी जेपीएससी पीटी के दौरान अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया। इनका आरोप था कि प्रश्न पत्र लीक हो गया है। घटना के जानकारी मिलते ही एसडीओ मौके पर पहुंचे और छात्रों से बातचीत की। एसडीओ का कहना था कि वह शांति से बैठकर पारदर्शी तरीके से फैक्ट चेक करवाने के लिए तैयार हैं, जबकि छात्र परीक्षा कैंसिल करने की गुहार लगा रहे थे। अभ्यर्थियों का कहना था कि 10:00 बजे मोबाइल पर प्रश्न पत्र लीक हुआ है। दूसरी ओर, एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्कूल के बरामदे में कुछ छात्र प्रश्न पत्र हल करते हुए दिख रहे है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह वीडियो आज का है या नहीं। वीडियो की कोई आधिकारिक पुष्टि भी नहीं हुई है। इस संबंध में जामताड़ा डीसी कुमुद सहाय ने बताया कि नियम के तहत छात्रों के सामने प्रश्न पत्र खोला गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

इधर, धनबाद में दो परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने जमकर बवाल मचाया और दूसरी पाली की परीक्षा का बहिष्कार किया। अभ्यर्थियों ने जहां दिल्ली पब्लिक स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर कुछ विशेष छात्रों को मनमाने ढंग से परीक्षा में लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया, वहीं राजकीय उच्च विद्यालय पुटकी में परीक्षा देने पहुंचे छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगा कर आधे घंटे तक हंगामा करते हुए परीक्षा से खुद को अलग रखा।

धनबाद स्थित डीपीएस में दो पाली में हुए जेपीएससी परीक्षा में हिस्सा लेने पहुंचे 536 अभ्यर्थियों में 502 ने दूसरी पाली में हुई परीक्षा का पूर्णतः बहिष्कार कर दिया। इस दौरान छात्रों ने परीक्षा केंद्र पर जमकर हंगामा किया। बवाल बढ़ता देख धनबाद डीएसपी, एडीएम और एसडीएम मौके पर पहुंचे और विद्यार्थियों को काफी समझाने का भी प्रयास किया, लेकिन छात्र नहीं माने। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने कुछ छात्रों हिरासत में भी लेने का प्रयास किया, लेकिन छात्रों के जोरदार विरोध के कारण पुलिस को पीछे हटना पड़ा और छात्रों को छोड़ना पड़ा।

छात्रों ने आरोप लगाया कि इस परीक्षा केंद्र पर कुछ छात्रों को परीक्षा में विशेष लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी की दो पालियों में परीक्षा होनी थी। पहली पाली की परीक्षा की रिर्पोटिंग टाइम सुबह 9 बजे थी लेकिन छात्रों को 9:30 बजे इंट्री दी गई। केंद्र में इंट्री के पहले छात्रों का बायोमेट्रिक, आधार कार्ड और फोटो देख कर ही उन्हें इंट्री देने का प्रावधान है, लेकिन बिना कुछ देखे ही छात्रों को इंट्री दे दी गई। इसके साथ 10 बजे के बजाए 10:20 बजे प्रश्नपत्र दिया गया। इसके बाद दूसरी पाली में होने वाली परीक्षा का रिपोर्टिंग समय एक बजे थी, उसकी जगह 1:40 बजे छात्रों को प्रवेश दिया गया। इसके बाद छात्रों ने हंगामा करते हुए कुछ विशेष छात्रों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया और कुल 536 छात्रों में से 502 छात्रों ने दूसरी पाली की परीक्षा का बहिष्कार कर दिया।

धनबाद के राजकीय उच्च विद्यालय पुटकी में भी छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए करीब आधे घंटे तक बवाल मचाया। छात्रों का कहना था कि परीक्षा केंद्र पहुंचने से पूर्व ही प्रश्नपत्र की सील तोड़ दी गई थी। ऐसे में प्रश्नपत्र लीक होने की पूरी संभावना है। करीब आधे घंटे के हंगामे के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप पर छात्र शांत हुए। इसके बाद परीक्षा शुरू हो सकी। उल्लेखनीय है कि धनबाद जिले के 65 परीक्षा केंद्रों में आज जेपीएससी-2023 की प्रारंभिक परीक्षा संचालित की गई थी। दो केंद्रों को छोड़ बाकी के सभी 63 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से पूर्ण हुआ।

दत्तात्रेय होसबाले फिर बने...

लगभग 20 करोड़ घरों से संपर्क किया है। यह भारत के इतिहास में एक रिकॉर्ड है कि ऐसा केवल 15 दिनों में हुआ है। मालूम हो कि आरएसएस में सरसंघचालक मोहन भागवत के बाद सरकार्यवाह का पद सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। सरसंघचालक मोहन भागवत हैं। जानकारी के अनुसार दत्तात्रेय होसबाले को संघ के शताब्दी वर्ष को देखते हुए फिर से सरकार्यवाह पद पर चुना गया है। संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा एक वार्षिक बैठक है, जिसमें संघ की पिछले वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की जाती है और अगले वर्ष की योजना बनाई जाती है। तीन दिवसीय बैठक आम तौर पर मार्च के पहले पखवाड़े में महीने के दूसरे या तीसरे रविवार के आसपास आयोजित की जाती है। एबीपीएस आरएसएस के सर्वोच्च निर्णय लेने वाला प्लेटफॉर्म है।

बैठक में रणनीतियों के साथ-साथ संघ शिक्षा वर्ग (वार्षिक प्रशिक्षण शिविर) की योजना और आयोजन पर चर्चा होती है। ये प्रशिक्षण शिविर आमतौर पर हर गर्मियों में मई-जून में आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, कुछ अन्य महीनों में भी आयोजित किए जाते हैं। एबीपीएस में देश के लगभग हर जिले का प्रतिनिधित्व है। इन प्रतिनिधियों में से अधिसंख्य सक्रिय स्वयंसेवकों के अखिल भारतीय प्रतिनिधि हैं। लगभग 50 सक्रिय स्वयंसेवकों का प्रतिनिधित्व एक प्रांतीय प्रतिनिधि (राज्य प्रतिनिधि) द्वारा किया जाता है, जबकि प्रत्येक अखिल भारतीय प्रतिनिधि 20 राज्य प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व करता है। कुल मिलाकर बैठक में देश भर से लगभग 1,500 प्रतिनिधि भाग लेते हैं, जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, क्षेत्रीय और प्रांत (राज्य) कार्यकारिणी के सदस्य, एबीपीएस के निर्वाचित सदस्य और सभी विभाग प्रचारक शामिल हैं। इसमें आरएसएस से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाता है।

आरएसएस के सभी पूर्व प्रांत प्रचारकों (राज्य नेताओं) को एबीपीएस में आमंत्रित किया जाता है। आम प्रतिनिधि जहां तीन दिन तक बैठक में रहते हैं, वहीं इसके राष्ट्रीय पदाधिकारी तीन-चार दिन पहले पहुंचते हैं और बैठक खत्म होने के दो-तीन दिन बाद चले जाते हैं। आरएसएस की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी। अगले साल इसका शताब्दी समारोह मनाया जाएगा। आरएसएस ने 2025 तक देश में 1,00,000 शाखाएं खोलने का लक्ष्य तय किया था।

मोदी ईवीएम के बिना कोई ...

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर बोलते हुए एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, महात्मा गांधी ने इसी शहर से 'भारत छोड़ो' का नारा दिया था, आज हमें (आईएनडीआईए) बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकने की कसम खानी चाहिए।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना यूटीबी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पीएम मोदी और बीजेपी पर जोरदार हमला बोला। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पीएम मोदी और बीजेपी गारंटी दे रही है। क्या वह परचून की दुकान खोलकर बैठे हैं, जो कि गारंटी दे रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि राहुल जी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और अभिनंदन करता हूं। आप मुंबई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन कर रहे हैं।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, आपके (राहुल गांधी) नाम में गांधी है और बीजेपी इससे डरती है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग डरने वाले नहीं हैं। हम जनता के लिए लड़ने वाले लोग हैं। लालू जी

आयोजन | सूख गई पांकी की लाइफलाइन अमानत नदी

नल जल योजना से पानी सप्लाई हुआ प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। पांकी प्रखंड के लाइफ लाइन कही जाने वाली अमानत नदी मार्च के पहले ही सप्ताह में पूरी तरह सूख चुकी है, नदी के अचानक सूख जाने की वजह से पूरे प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की विकट स्थिति उत्पन्न होने वाली है, बीते दो दिनों से प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायत के कुल 48 गांव के लोगों को नियमानुसार पानी मिलना भी बंद हो गया है, जिससे लाभान्वित क्षेत्रवासियों के समक्ष अभी से ही पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, बीते दो दिनों से पेयजल की समस्या को लेकर जब नल जल योजना के सुपरवाइजर मिथिलेश कुमार से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया की अमानत नदी के सूख जाने की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई है, उन्होंने बताया कि अमानत बराज के समीप बने इंटेक वेल में पानी भरने में अब 2 घंटे का समय लग रहा है और जैसे ही मोटर पंप चालू किया जा रहा है मात्र 25 मिनट में ही पानी सूख जा रहा है, ऐसे में पानी सप्लाई करने में बाधा उत्पन्न हो रही है, दिन प्रतिदिन पानी की मात्रा कम हो रही है जिससे आगामी दिनों में नल जल योजना पूरी तरह से बंद भी हो सकता है। इंटेक वेल से पानी निकाल

कर सप्लाई करने हेतू 100 एचपी का मोटर पंप लगा हुआ है जो मात्र 25 मिनट में पूरी तरह इंटेक वेल को सोख ले रहा है, जिस कारण मोटर पंप को बंद करना पड़ रहा है ऐसे में इंटेक वेल से चौरहा स्थित फिल्टर सेंटर में पानी पर्याप्त नहीं पहुंच पा रहा जिसके परिणाम स्वरुप पांकी के तेतराई एवं सोरठ गांव में लगे दो बड़े टंकी को भी भरा नहीं जा पा रहा जिससे यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। आपको बता दें की वर्ष 2019 में लगभग 51 करोड़ की लागत के इस योजना का शिलान्यास हुआ था, व वी आर एस कंपनी को पांकी प्रखंड के 10 पंचायत के कुल 48 गांव मे हर घर पानी पहुंचाने का कार्य सौंपा गया था, निर्माण कार्य के पश्चात वर्ष 2022 से ही कुछ पंचायत में लोगों को पानी मिल रहा था, एवं वर्ष 2023 के अंत तक 10 पंचायत के विभिन्न गांव में पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंच गया था व उन्हें नियमित रूप से पानी भी मिल रहा था लेकिन अब नदी के सूख जाने से योजना से पानी सप्लाई ठप होने के कगार पर है जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ी हुई है।

अमानत बराज योजना हो शुरू : पेयजल की समस्या से जूझ रहे चंद्रपुर गांव के ग्रामीण धीरज सिंह, मोतीलाल सिंह, अनिल सिंह, रामकेवल सिंह सहित दर्जनों लोगों ने बताया की उक्त समस्या का हल अमानत बराज योजना के शुरू होने से ही हो सकेगा, चुकी बराज गेट के समीप ही नदी में नल जल योजना का इंटेक वेल बना हुआ है, ऐसे में अमानत नदी पर बने बराज का गेट बंद होने पर वर्षा जल का संचय होगा तभी लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इस संबंध में पलामू जिले के पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ता ने बताया कि यह योजना पूरी तरह अमानत नदी पर निर्भर है ऐसे में नदी सूख जा रही है तो सप्लाई भी पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी।

बकाया खाद्यान्न के लिए जाएंगे न्यायालय : लाभुक

उंटारी रोड। पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत डेवडर बिंदुआ के ग्रामीणों को अगस्त, सितंबर, और अक्टूबर माह का खाद्यान्न अभी तक नहीं मिला है जिससे ग्रामीणों ने न्यायालय मे जाने का मन बना लिया है, मिली जानकारी के अनुसार डेवडर के जनवितरण प्रणाली उजाला समूह द्वारा लाभुकों को तीन माह का राशन वितरण नहीं किया गया था, हालांकि मामला प्रकाश में आने के बाद संबंधित पीडीएस डीलर को निलंबित कर बकाया खद्यान्न की रिकवरी कर नजदीकी डीलर भरोसा राम को प्राप्त करा दिया गया है, ग्रामिणो ने बताया कि संबंधित पदाधिकारियों की लापारवाही के कारण रिकवरी किया हुआ राशन वितरण नहीं किया जा रहा है अगर जल्द राशन वितरण नहीं किया गया तो हम सभी कार्डधारी बाध्य हो कर न्यायालय का रुख करेंगे और सम्बन्धित पदाधिकारी के खिलाफ याचिका दायर करेंगे। सहित कई कार्डधारियों ने बताया कि हम सभी खेती पर ही निर्भर रहते है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

सत्येंद्र जैन की बेल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर आज अपना फैसला सुनाएगा।

बद्रीनाथ के विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र भंडारी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस को झटके पे पर झटके लग रहे हैं, जहां कई पूर्व विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रविवार को बद्रीनाथ के विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे गए एक पंक्ति के पत्र में राजेंद्र भंडारी ने लिखा है कि अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड, अध्यक्ष जी मैं कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। इस एक पंक्ति के पत्र ने कांग्रेस में हलचल मचा दी है। संसदीय चुनाव से पहले हजारों की संख्या में कांग्रेसजन भाजपा में शामिल हुए हैं। इनमें राजेंद्र भंडारी जो वर्तमान विधायक हैं, उनके भी भाजपा में जाने की चचाएं हैं।

फिलाडेल्फिया में गोलीबारी, 3 की मौत

फिलाडेल्फिया। अमेरिका के फिलाडेल्फिया के उपनगर में शनिवार तड़के गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना के कारण 'सेंट पैट्रिक्स डे' परेड रद्द करनी पड़ी तथा बच्चों का 'थीम पार्क' बंद करना पड़ा। मिडलटाउन टाउनशिप पुलिस के मुताबिक ईस्टर्न पेंसिल्वेनिया की फॉल्स टाउनशिप में 'गोलीबारी की घटना की पुष्टि' हुई है और इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं।

इजरायल ने सीरिया की राजधानी में हथियार डिपो पर किया हमला

दमिश्क। इजरायल ने रविवार तड़के सीरिया के दमिश्क प्रांत में एक हथियार डिपो सहित कम से कम दो साइटों को निशाना बनाया। सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले में एक सैनिक घायल हो गया है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा है कि 'इजरायली मिसाइलों' ने दमिश्क प्रांत के कलामुन पहाड़ों में सीरियाई सेना से संबंधित और हिजबुल्लाह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार डिपो को निशाना बनाया।

ट्रम्प की खुली धमकी चुनाव नहीं जीता तो खूनखराबा होगा

वॉशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खूनखराबे की धमकी दे डाली है। उन्होंने कहा है कि अगर वे 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित नहीं हुए तो देश में खूनखराबा होगा। ओहियो के पास रिपब्लिकन पार्टी की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इसबार चुनाव की तारीख अमेरिका के इतिहास में सबसे अहम होने जा रही है। उन्होंने कहा कि 5 नवंबर की तारीख नोट कर लें। अगर वह 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में नहीं जीते तो अमेरिका में खूनखराबा होने वाला है। हालात पिछली बार से भी गंभीर हो सकते हैं। देश को मेरी जरूरत है।

आईएनडीआईए-एनडीए सहयोगियों का पहला शक्ति प्रदर्शन, चुनावी सरगर्मी तेज

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 16 मार्च को देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। यह रविवार सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए 'सुपर संडे' है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश में चुनावी रैली को संबोधित किया तो वहीं राहुल गांधी महाराष्ट्र में बड़े शक्ति प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। पीएम मोदी टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जन सेना पार्टी के साथ आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में एक विशाल रैली को संबोधित किया। यह पहली बार है, जब आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम नायडू और पवन कल्याण ने प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया। चुनाव की तारीखों की घोषणा के ठीक एक दिन बाद एनडीए की पहली बड़ी चुनावी रैली राज्य में चुनाव के लिए माहौल तैयार कर रही है और

गठबंधन को चुनावी अभियान में बढ़त दिलाएगी।

इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों के शक्ति प्रदर्शन के लिए मुंबई का शिवाजी पार्क तैयार है। गठबंधन के समर्थक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। शिवसेना-यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे, एनसीपी-एसपी नेता शरद पवार, डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव जैसे कई विपक्षी नेता शिवाजी पार्क में मेगा रैली में शामिल होंगे।

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज 63 दिन बाद महाराष्ट्र के मुंबई में समापन हो रहा है। इस मौके पर इंडिया गठबंधन के नेताओं का उद्देश्य महाराष्ट्र और पूरे देश में भाजपा के खिलाफ लड़ाई के लिए अपने समर्थकों को एकजुट करना है। राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे इंडिया गठबंधन के अच्छे दृष्टिकोण के रूप में देख रहे हैं। महाराष्ट्र इंडिया गठबंधन की सबसे कमजोर कड़ी बना हुआ है, क्योंकि शिवसेना और एनसीपी दोनों दो गुटों में बंट चुकी हैं। अलग हुए गुटों ने भाजपा से हाथ मिला लिया है।

कांग्रेस को हाल ही में बड़े झटके लगे हैं। अशोक चव्हाण और मिलिंद देवड़ा जैसे पार्टी के दिग्गजों ने हाल ही में इसके साथ नाता तोड़ लिया था। आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार तेज होने वाला है। एनडीए और इंडिया दोनों सहयोगी दल मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हालिया ओपिनियन पोल पहले ही भाजपा के लिए एक झटका बनकर सामने आ चुके हैं, जबकि इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र और पूरे भारत में पकड़ में आता दिख रहा है।

एनडीए की ताकत बढ़ रही है : पीएम मोदी

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है 'अबकी बार 400 पार'। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है।

चुनाव आयोग ने किए राजनीतिक दलों से प्राप्त चुनावी बॉन्ड के आंकड़े जारी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने रविवार को चुनावी बॉन्ड पर राजनीतिक दलों से प्राप्त आंकड़े जारी किये, जो उसने सीलबंद कवर में सुप्रीम कोर्ट को दिया था। ईसीआई ने एक बयान में कहाः राजनीतिक दलों ने 2017 की रिट याचिका नंबर 880 में उच्चतम न्यायालय के 12 अप्रैल 2019 के अंतरिम आदेश के अनुरूप एक सीलबंद लिफाफे में चुनावी बॉन्ड पर डेटा दाखिल किया था। राजनीतिक दलों से प्राप्त डाटा बिना लिफाफा खोले सर्वोच्च न्यायालय में जमा कर दिये गये। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में 15 मार्च 2024 को सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने एक सीलबंद लिफाफे में एक पेन ड्राइव में डिजिटल रिकॉर्ड के साथ भौतिक प्रतियाँ वापस कर दी हैं। चुनाव आयोग ने कहा, भारतीय चुनाव आयोग ने आज चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से डिजिटल रूप में प्राप्त डेटा को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। वास्तव में, ईसीआई द्वारा जारी किए गए अंतिम दस्तावेज केवल बॉन्ड की तारीख, राशि, बॉन्ड जारी करने वाली एसबीआई की शाखा का नंबर, प्राप्ति की तारीख और भुनाने की तारीख से संबंधित कच्चे आँकड़े हैं। इनमें बॉन्ड की विशिष्ट संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। तृणमूल कांग्रेस ने एसबीआई को पत्र लिखकर बॉन्ड की विशिष्ट संख्या माँगी है ताकि पार्टी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर सके। भाजपा ने एसबीआई से ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया है, हालाँकि, पार्टी ने भी कच्चा डेटा ही दिया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कोई भी दान मिलने से इनकार किया है। माकपा ने भी चुनावी बॉन्ड के माध्यम से दान प्राप्त करने की बात कही है। हालाँकि, कांग्रेस ने कहा कि वह एसबीआई द्वारा चुनाव आयोग को दिया गया कच्चा डेटा जारी करेगी।

कैबिनेट बैठक : चुनाव की घोषणा के एक दिन बाद

पीएम मोदी ने मंत्रियों से 100 दिन का एक्शन प्लान मांगा

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों की घोषणा के एक दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने अपने मंत्रियों को नई सरकार के अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना और अगले पांच वर्षों के लिए एक रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रीयों से कहा कि वह अपने अधिकारीयों/सचिव से अपने मंत्रालय के नई सरकार के गठन के पहले 100 दिन और अगले 5 वर्ष का रोडमैप तैयार करें। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि यही सरकार फिर से सत्ता में आ रही है, इसलिए विकास के काम लगातार जारी रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद कैसे पहले 100 दिन एवं 5 साल के एजेंडा का बेहतर इंप्लीमेंटेशन हो, इसका भी रोडमैप/खाका तैयार करें। बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने अपने मंत्रियों को पांच साल के व्यापक रोडमैप के साथ अगले 100 दिनों के लिए प्रमुख पहलों और डिलिवरेबल्स की रूपरेखा तैयार करने का काम भी सौंपा। सरकार की प्राथमिकताओं और रणनीतियों पर केंद्रित ये दस्तावेज कैबिनेट सचिवालय को सौंपे जाने हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपनी कार्यवाहियों में सिफारिश की जाने वाली तारीखों पर, लोक सभा के सदस्यों के निर्वाचन हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 14 की उपधारा (2) के अधीन सांविधिक अधिसूचनाओं को जारी करने हेतु राष्ट्रपति से सिफारिश करने के लिए अनुमोदन किया गया। कैबिनेट की बैठक आम चुनाव की घोषणा के ठीक एक दिन बाद हुई। शनिवार को निर्वाचन आयोग ने 7 चरणों में चुनाव की घोषणा की, नतीजे 4 जून को घोषित होंगे।

लोस चुनाव से पहले बीआरएस विधायक कांग्रेस में शामिल

हैदराबाद। लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस विधायक दानम नागेंद्र रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। राज्य में कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद दानम नागेंद्र इसमें शामिल होने वाले पहले बीआरएस विधायक हैं।

नमाज अदा कर रहे विदेशी छात्रों पर हमला

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात विश्वविद्यालय के हॉस्टल में भीड़ ने विदेशी छात्रों के एक समूह पर हमला कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पुलिस मामले की जाँच कर रही है। हमले में पाँच छात्र घायल हुए हैं। भीड़ ने कथित तौर पर रात में उस समय हमला किया जब पीड़ित छात्र हॉस्टल परिसर में नमाज अदा कर रहे थे। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस को दोषियों को पकड़ने और मामले की जाँच का आदेश दिया है। इस समय रामजान का पाक महीना चल रहा है। छात्र रात में 'तरावीह' (नमाज) पढ़ने के लिए जुटे थे। इसी दौरान कथित तौर पर हमला किया गया। पीड़ितों के अनुसार, लाठी-डंडों और चाकुओं से लैस भीड़ जबरन हॉस्टल में घुस गई और उन पर हमला किया। भीड़ ने संपत्ति को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाया। हॉस्टल के सुरक्षाकर्मी हमले को रोकने में नाकाम रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता ने कहा, "हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। हम जल्द ही कुछ प्रशासनिक फैसले लेंगे। पुलिस भी इस मामले को सुलझाने के लिए हमारे साथ काम कर रही है। अभी इस बात की जाँच होनी बाकी है कि हमला करने वाले विश्वविद्यालय के छात्र थे या नहीं। नमाज एक निजी फैसला है। वह नमाज अपने कमरे में या मस्जिद में अदा कर रहे हैं, और उनके लिए क्या आदर्श है। इसका जवाब केवल छात्र ही दे सकते हैं।" हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने राष्ट्रीय नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। अहमदाबाद शहर के पुलिस आयुक्त जेएस मलिक ने कहा कि मामले की जाँच की जा रही है। न्याय जरूर मिलेगा। एक अफगान छात्र ने बताया कि हमलावर उनके कमरे में घुस आए, सामान तोड़ दिया और भड़काऊ नारे लगाए। घायलों में अफगानिस्तान, श्रीलंका, तुर्कमेनिस्तान और दो अफ्रीकी देशों के नागरिक शामिल हैं। पुलिस के पहुँचने से पहले ही हमलावर फरार हो चुके थे। घायल छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके संबंधित दूतावासों को सूचना दे दी गई है।

दिल्ली जल बोर्ड मामले में भी ईडी ने केजरीवाल को किया तलब

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने रविवार को दावा किया कि ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो समन जारी किए हैं - एक कथित आबकारी नीति घोटाले में और दूसरा दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े एक मामले में। ईडी के सूत्रों ने कहा कि दो अलग-अलग मामलों में दो समन मुख्यमंत्री को दिए गए हैं। दिल्ली जल बोर्ड मामले में 18 मार्च जबकि आबकारी नीति मामले में 21 मार्च को जाँच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। मंत्री आतिशी ने कहा कि जिस दिन (शनिवार को) चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई, उसी दिन जल बोर्ड से जुड़े एक झूठे मामले में सीएम केजरीवाल को एक और समन मिला। उन्होंने आगे कहा कि समन की टाइमिंग से पता चलता है कि भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए जानबूझकर ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। आतिशी ने कहा, बयान का सार यह है कि दिल्ली जल बोर्ड मामले में स्पष्टता की कमी है, जिसे केजरीवाल को संभावित रूप से गिरफ्तार करके लोकसभा चुनाव के लिए उनके अभियान में बाधा डालने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। इससे एक दिन पहले एक मजिस्ट्रेट अदालत ने सीएम केजरीवाल को ईडी द्वारा दायर एक मामले में जमानत दे दी थी, जिसमें एजेंसी ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी के समन का पालन नहीं कर रहे हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री को 15 हजार रुपये के जमानत बांड और एक लाख रुपये की जमानत पर राहत दी। ईडी सूत्रों के अनुसार, नया समन दिल्ली जल बोर्ड मामले के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के तहत जारी किया गया है। ईडी दिल्ली जल बोर्ड के भीतर संदिग्ध अवैध टेंडरिंग और आपराधिक गतिविधि की कथित आय की संभावित लॉन्ड्रिंग की जाँच कर रही है। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को झटका

आमश्या पाडवी शिंदे गुट में शामिल

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका लगा है। शिवसेना (यूबीटी) के विधान परिषद सदस्य आमश्या पाड़वी रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आमश्या पाडवी शुरू से ही शिवसैनिक रहे हैं। आज वे असली शिवसेना में शामिल हुए हैं। विधायक पाड़वी के निर्णय से आज उन्हें लग रहा है कि उन्होंने जो निर्णय लिया था वह सही था। पार्टी में आमश्या पाडवी को पूरा न्याय और सम्मान दिया जाएगा। नंदुरबार के विधायक आमश्या पाड़वी ने कहा कि पहले हम सभी एक ही पार्टी में थे। वह मुख्यमंत्री शिंदे की विकास की नीतियों में विश्वास करते हुए पार्टी में शामिल हुए हैं। पाड़वी ने कहा, मैं उन लोगों के साथ जाना चाहता हूं जिन्होंने मुझे विधायक बनाया। मैं आज तक कांग्रेस के विरोध में काम करता रहा हूं। अब उन्हें समर्थन देकर प्रचार कैसे करें? मेरे लोग कहते थे कि हमारे नंदुरबार का विकास होना चाहिए। इसलिए मैं शिवसेना में शामिल हुआ।

नौसेना के 40 घंटे के ऑपरेशन में 35 समुद्री लुटेरों ने किए आत्मसमर्पण

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में लगभग 40 घंटे चले बचाव अभियान में 35 समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया और पूर्व मर्चेंट शिप रुएन के चालक दल के 17 सदस्यों को बचाया। नौसेना ने रविवार को बताया कि उसने क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों को अपहरण करने के सोमाली समुद्री लुटेरों के मंसूबों पानी फेरने के लिए अरब सागर में आईएनएस कोलकाता को तैनात किया था। नौसेना ने कहा, पूर्व मर्चेंट शिप रुएन को 15 मार्च को आईएनएस कोलकाता ने रोका। रुएन का दिसंबर 2023 में अपहरण कर लिया गया था और यह सोमालियाई समुद्री डाकुओं के नियंत्रण में था।

इसमें कहा गया कि आईएनएस कोलकाता ने जहाज से लॉन्च किए

गए ड्रोन के जरिए एमवी रुएन पर सशस्त्र समुद्री लुटेरों की मौजूदगी का पता लगाया।

नौसेना ने कहा, एक लापरवाह शत्रुतापूर्ण कार्रवाई करते हुए समुद्री डाकुओं ने ड्रोन को मार गिराया और भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर गोलीबारी की। आईएनएस कोलकाता ने जहाज के स्टीयरिंग सिस्टम और नेविगेशनल सहायता को निष्क्रिय कर दिया, जिससे समुद्री डाकू जहाज को रुकने के लिए मजबूर हो गये। नौसेना के एक अधिकारी ने बताया कि भारत की मुख्य भूमि से 1,400 समुद्री मील (2,600 किमी) दूर जारी समुद्री डकैती रोधी अभियान में भारतीय नौसेना के प्रयासों को क्षेत्र में आईएनएस सुभद्रा की तैनाती और सी-17 विमान द्वारा समुद्री कमांडो (प्रहार) को एयर-ड्रॉप करके बढ़ाया गया था।

उन्होंने कहा, समुद्री डाकू जहाज को हेल आरपीए और पी8आई समुद्री टोही विमान द्वारा निगरानी में रखा गया था। भारतीय नौसेना तरफ से 40 घंटे से अधिक समय तक के निरंतर दबाव और सुविचारित कार्रवाई के कारण, सभी 35 सोमाली समुद्री लुटेरों ने 16 मार्च को आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि एमवी रुएन के सभी 17 मूल चालक दल के सदस्यों को बिना किसी चोट के समुद्री डाकुओं के चंगूल से सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध हथियारों, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामग्री की संभावित मौजूदगी के लिए जहाज तलाशी ली। नौसेना ने यह भी बताया कि 17 मार्च को मर्चेंट शिप रुएन की समुद्री योग्यता का आकलन किया जाएगा और लगभग 37,800 टन माल ले जाने वाले जहाज, जिसकी कीमत लगभग दस लाख डॉलर है, को सुरक्षित रूप से भारत लाया जाएगा।

फूड एसआई टेस्ट प्रश्नपत्र लीक, सिलीगुड़ी में पांच गिरफ्तार

सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य के फूड एंड सप्लाई सब-इंस्पेक्टर के प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम तन्मय पाल, मोहम्मद सद्दाम, आनंद दास, जयजित दास और सुमंगल चौधरी है। यह सभी राज्य के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार को सिलीगुड़ी समेत राज्य के विभिन्न स्कूलों में पश्चिम बंगाल लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य के फूड एंड सप्लाई सब-इंस्पेक्टर की भर्ती परीक्षा चल रही थी। कथित तौर पर ये पांचों लोग मोबाइल फोन लेकर परीक्षा केंद्र में दाखिल हुए। फिर उसने प्रश्नपत्र की तस्वीर खींच ली और उसे वायरल कर दिया। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच के बाद सिलीगुड़ी से पांच को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, प्रधाननगर थाना क्षेत्र के भारती हिंदू विद्यालय से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी दो में से एक को नेताजी हाई स्कूल से और दूसरे को माटीगाड़ा के कवि सुकांत हाई स्कूल से गिरफ्तार किया गया है।

फिल्म जगत

अदा शर्मा की 'बस्तर' का बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला जादू

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से ठंडी नजर आ रही है। इस फिल्म को दर्शकों का रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। ब्लॉकबस्टर 'द केरला स्टोरी' के बाद यह अभिनेत्री अदा शर्मा और निर्देशक सुदीप्तो सेन की दूसरी फिल्म थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 'द केरला स्टोरी' के मुकाबले आधा भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। अदा शर्मा की फिल्म 'बस्तर' दो दिन में 2 करोड़ तक भी नहीं पहुंच पाई। फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' को एक तरफ जहां दर्शकों से ठंडी प्रतिक्रिया मिली है। दूसरी तरफ समीक्षकों ने फिल्म पर कोई खास प्रतिक्रिया नहीं दी है। 'द केरला स्टोरी' की तरह इस पर भी प्रोपेगेंडा फिल्म होने का आरोप लग रहा है। हालांकि पिछली फिल्म की कमाई को देखकर सभी को लगा था कि सुदीप्तो और अदा की जोड़ी दर्शकों को थिएटर तक खींच लाएगी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म के मेकर्स को पहले ही दिन बड़ा झटका लगा है। फिल्म 'बस्तर' 'योद्धा' और 'शैतान' जैसी फिल्मों को टक्कर नहीं दे पाई। फिल्म ने पहले दिन महज 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया। शनिवार को यानी दूसरे दिन के अनुमान के मुताबिक फिल्म सिर्फ 75 लाख रुपये का बिजनेस कर पाई। फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' ने दो दिनों में 1.15 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।